राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 116, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शनिवार 11 नवंबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

पालम 360 के पूर्व प्रधान चौधरी रामकरण को उनकी 71वीं जयंती पर शिक्षाविद् दयानंद वत्स .... पेज 03

योगी सरकार ने यूपी-112 को किया और हाईटेक तो औसत रिस्पांस टाइम में हुआ बड़ा सुधार .... पेज 05

न्यूजीलैंड के रचिन और वेस्टइंडीज की मैथ्यूज अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी .... पेज 07

## मुंबई के बांद्रा में 6 गाड़ियों से टकराई कार, 3 लोगों की मौत

मुंबई। मुंबई के बांद्रा में गुरुवार देर रात हुए कार हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई है और 6 लोग घायल हो गए। घायलों में 2 की हालत गंभीर है। सभी को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा बांद्रा वर्ली सी लिंक से 100 मीटर पहले हुआ। जहां एक तेज रफ्तार कार वहां खड़ी 6 गाड़ियों से टकरा गई।

मुंबई जोन 9 के डीसीपी कृष्णकांत उपाध्याय के मुताबिक एक तेज रफ्तार इनोवा कार रात करीब 10.15 बजे वर्ली से बांद्रा की ओर जा रही थी। ओवर स्पीड कार सी लिंक पर बने टोल प्लाजा से 100 मीटर पहले वहां खड़ी दूसरी गाड़ियों से टकरा गई। कार के ड्राइवर को हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि कार ड्राइवर मोहम्मद सरफराज शेख के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 (2) के तहत केस दर्ज किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेज रफ्तार कार के ड्राइवर ने सी लिंक पर एक दूसरी गाड़ी को टक्कर मार दी थी। इसके बाद उसने पकड़े जाने से बचने के लिए कार की स्पीड और तेज करने की कोशिश की, जिससे 6 कार आपस में टकरा गईं।

## मोदी सरकार की नीतियों ने खत्म कर दिए छोटे उद्योग

नयी दिल्ली । कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों से सिर्फ उसके चहेते तीन-चार उद्योगपतियों को फायदा हो रहा है और छोटे उद्योग दम तोड़ रहे हैं जिससे देश में बेरोजगारी चरम पर पहुँच गई है। गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार ने आधा अधूरा जीएसटी लागू किया और नोटबंदी की जिससे छोटे छोटे कारोबार चौपट हो गए, देश में बेरोजगारी बढ़ गई और किसान तथा गरीब के सामने संकट पैदा हो गया।

# यह दो-तीन लोगों का हिंदुस्तान नहीं: राहुल

### हमे बदलाव लाकर इसे सभी का हिंदुस्तान बनाना है

बड़वानी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज कहा कि यह दो-तीन लोगों का हिंदुस्तान नहीं है, हमें बदलाव लाकर इसे सभी का हिंदुस्तान बनाना है।

गांधी ने जिले के राजपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने देश के कुछ उद्योगपतियों पर निशाना साधते हुए कहा कि यह केवल दो-तीन लोगों का हिंदुस्तान नहीं है। हमे बदलाव लाकर इसे सभी का हिंदुस्तान बनाना है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जातीय जनगणना से घबराती है,



लेकिन हम मध्यप्रदेश और केंद्र में सरकार बनाने के बाद जातीय जनगणना कराएंगे, ताकि हर वर्ग की संख्या मालूम पड़ सके और उन्हें उनकी आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी दी जा सके। उन्होंने कहा कि जिस दिन जाति जनगणना के आंकड़े आ जाएंगे, उस दिन हिंदुस्तान में नई कहानी लिखी जाएगी।

कांग्रेस नेता ने कहा कि मध्यप्रदेश में एमएलए की बजाय आईएएस और आईपीएस ही सरकार चलाते हैं। कुल 53 अधिकारी पूरे बजट का पैसा बांटते हैं, जिसमें मात्र एक ओबीसी और दो आदिवासी हैं। ओबीसी अधिकारी सौ रुपए में से मात्र 33 और आदिवासी अधिकारी 70 पैसे बांटता है।

उन्होंने कहा भाजपा एक धर्म से दूसरे धर्म को लड़ा कर नफरत फैलाती है, जबकि वे नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने निकले हैं। उन्होंने कहा कि मोहब्बत की दुकान की नींव न्याय है। यह दुकान तब तक नहीं खुलेगी, जब तक आप इसमें शामिल न हो।

गांधी ने व्यापम का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे एक करोड़ लोगों का नुकसान हुआ और शिक्षा का इंफ्रास्ट्रक्चर ही समाप्त कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश में एमबीबीएस से लेकर पटवारी तक की सीटें बिकती हैं।

# दिल्ली के मुख्य सचिव पर भ्रष्टाचार का आरोप

### द्वारका-एक्सप्रेसवे के लिए 41 करोड़ की जमीन 353 करोड़ में बेची, बेटे की कंपनी को फायदा पहुंचाया

- 1 किलोमीटर सड़क बनाने में लागत करीब 18 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली। बाद में एक किलोमीटर सड़क बनाने पर लागत 251 करोड़ रुपए आने लगी।

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चीफ सेक्रेटरी नरेश कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत मिली है। आरोप है कि नरेश कुमार ने द्वारका एक्सप्रेसवे के लिए 19 एकड़ भूमि अधिग्रहण सौदे में हेरफेर किया है, जिससे एक कंपनी को 315 करोड़ रुपए का फायदा हुआ। इस कंपनी में नरेश कुमार का बेटा करन चौहान काम करता है। सीएम केजरीवाल ने मामले की जांच विजिलेंस मंत्री आतिशी को सौंप दी है।

### 41 करोड़ की जमीन 353 करोड़ में बेचने का आरोप

नरेश कुमार ने अप्रैल 2022 में दिल्ली के मुख्य सचिव बने। इसके 40 दिन बाद हेमंत कुमार ने साउथ वेस्ट जिले में डीएम का पद संभाला। उन्होंने द्वारका एक्सप्रेसवे के लिए 19 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए मुआवजा 41.50 करोड़ से बढ़ाकर 353 करोड़ रुपए करने का आदेश दे दिया। इससे पहले तीन जिलाधिकारियों ने इस जमीन का



मुआवजा बढ़ाने से इनकार कर दिया था।

साल 2018 में दक्षिण पश्चिम दिल्ली के बमनोली गांव में 19 एकड़ के भूखंड का अधिग्रहण करने के लिए 41.50 करोड़ मुआवजा तय हुआ। साल 2018 में मुआवजे की रकम कुल 41.52 करोड़ रुपए तय हुई, लेकिन मई 2023 में साउथ वेस्ट दिल्ली के तत्कालीन डीएम हेमंत कुमार ने मुआवजे की रकम बढ़ाकर 353 करोड़ कर दी, जो पहले तय हुए मुआवजे का करीब 9 गुना था। मुआवजे की रकम बढ़ाने के पीछे डीएम हेमंत कुमार ने तर्क दिया- इस जमीन को पहले कृषि भूमि बता दिया गया था, जबकि यह रिहायशी भूमि है।

जमीन की कीमत भी उसी हिसाब से मिलनी चाहिए। उधर, जब नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इसे ऑडिट कराया तो पता चला कि 1 किलोमीटर सड़क बनाने में लागत करीब 18 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली। बाद में एक किलोमीटर सड़क बनाने पर लागत 251 करोड़ रुपए आने लगी।

## एमएसएमई क्षेत्र ने 15 करोड़ से अधिक रोजगार दिये

**नयी दिल्ली** । केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे ने कहा है कि छोटे उद्योग क्षेत्र में 15 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है और इनमें से 3.4 करोड़ महिलाएं हैं। राणे ने गुरुवार को एक ट्वीट में कहा कि एमएसएमई क्षेत्र ने 15 करोड़ से अधिक रोजगार के अवसर पैदा करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। राणे ने उद्यम पोर्टल पर तीन करोड़ से अधिक एमएसएमई इकाइयों के पंजीकरण की सुविधाजनक का उल्लेख किया। उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत 99 लाख अनौपचारिक एमएसएमई इकाइयां भी शामिल हैं। इन तीन करोड़ पंजीकृत एमएसएमई में से 41 लाख से अधिक महिला स्वामित्व वाले एमएसएमई हैं।

# दिल्ली-एनसीआर को प्रदूषण से मिली राहत

### बरसात से दिल्ली और आस पास के इलाकों में कुछ चैन मिला

नयी दिल्ली। राजधानी में करीब एक पखवाड़े से वायु प्रदूषण को लेकर मचे हाहाकार के बीच दिवाली से ठीक पहले दो दिन की बरसात से शुक्रवार को दिल्ली और आस पास के इलाकों में मानव, पशुपक्षियों ही नहीं वनस्पतियों को कुछ चैन मिला है।

मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली और राजस्थान में 'हल्की से लेकर मध्यम स्तर की वर्षा' जारी रह सकती है, इसके बाद वर्षा का यह जोर कम होगा। वर्षा से दिल्ली की हवा की गुणवत्ता थोड़ा सुधर गयी है।

पिछले सप्ताहांत दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बिगड़ कर 436 तक पहुंच गया था जो 9-10 नवंबर की वर्षा से कुछ सुधर कर शुक्रवार को सुबह 407 तक आ गया था।

आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के स्वच्छ भारत मिशन-शहरी की



ओर से चलाये जा रहे 'स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली' अभियान के अंतर्गत देश भर के शहरों द्वारा स्वच्छ दिवाली सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाये जा रहे हैं।

प्रदूषण से त्राहिमाम के बीच दिल्ली सरकार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की तकनीकी सहायता से दिल्ली में वायु प्रदूषण के शमन के लिए कृत्रिम वर्षा कराने की चर्चाएं थीं।

ऐसे हालात में मानो दिवाली महापर्व से ठीक पहले प्रकृति ने स्वयं गरज के साथ वर्षा के झोंके के साथ मानव,जीव जंतु तथा पेड़ पौधों को स्वच्छ हवा के रूप में दिवाली का उपहार दिया हो।

इस बीच शहरी विकास मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार दिल्ली नगर निगम की ओर से साउथ जोन के जोनल कार्यालय में व्हाय वेस्ट वेडनेसडेज फाउंडेशन और एनएसएस-सीवीएस के सहयोग से फ्रंटलाइन सैनिटेशन वर्कर्स को 1800 एन-95 मास्क वितरित किये गये।

# खड़ी बस में ट्रक ने मारी टक्कर, 6 लोगो की मौत

### बस पंचर होने के बाद गोरखपुर हाई-वे पर खड़े थे यात्री, ट्रक ने रौंदा, 25 घायल

गोरखपुर। गोरखपुर में गुरुवार देर रात दर्दनाक हादसा हुआ। यहां सड़क किनारे खड़ी बस में तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में 6 यात्रियों की ही मौत हो गई। जबकि 25 से ज्यादा लोग घायल हैं। 10 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दरअसल, पंचर होने के बाद रोडवेज में अनुबंधित बस को सड़क के किनारे खड़ा किया गया था। इस दौरान कुछ यात्री दूसरी बस में बैठने के लिए नीचे उतरे थे और कुछ बस में ही थे। तभी ट्रक ने यात्रियों को रौंद दिया। घायलों को 5 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। इनमें से कुछ की हालत बेहद नाजुक है। सूचना पर स्क्रसिटी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज के डॉक्टरों को भी अलर्ट कर दिया। ये हादसा गोरखपुर-कुशीनगर हाईवे पर जगदीशपुर के पास हुआ है। दरअसल, गोरखपुर से एक अनुबंधित बस सवारियों को लेकर



पड़रौना जा रही थी। रात में करीब 12.30 बजे जगदीशपुर के मल्लपुर के पास बस का पहिया पंचर हो गया था। बस को सड़क के किनारे खड़ी करके ड्राइवर और कंडक्टर ने दूसरी बस मंगवाई थी। एक खाली बस गोरखपुर से पहुंची और सवारियों को बैठा रही थी। कुछ सवारी बस में बैठ गए थे। जबकि कुछ अभी दोनों बसों के बीच खड़े थे। इस बीच एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बस में टक्कर मार दी।

### 4 लोगों ने अस्पताल में तोड़ा दम

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उनके ऊपर ट्रक का पहिया चढ़ गया था। वहीं, 4 लोगों ने अस्पताल पहुंचने पर दम तोड़ा। जबकि 25 लोग घायल हैं। इनमें करीब 10 लोगों की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है।

उधर, हादसे के बाद अफसरों ने जिला और मेडिकल कालेज के डॉक्टरों को अलर्ट किया। भारी संख्या में घायलों के पहुंचने पर डॉक्टरों को बुला लिया गया है। दुर्घटनास्थल पर पहुंचे पांच एंबुलेंस से घायलों को सदर और मेडिकल कालेज ले जाया गया है। पुलिस के मुताबिक, बस में 30 से ज्यादा लोग सवार थे।

### अभी 2 मृतकों की नहीं हुई पहचान

अभी मरने वालों में 2 लोगों की पहचान नहीं हो सकी है। जिनकी पहचान हुई है, उनमें शैलेश पटेल (25), सुरेश चौहान (35) निवासी तुर्कपट्टी, कुशीनगर, नीतेश सिंह (25) निवासी मदरहा, हाटा कुशीनगर, हिमांशु यादव (24) निवासी मिश्रीपट्टी पडरौना, कुशीनगर शामिल हैं।

## मोहाली में बंबीहा गैंग के 3 शूटर गिरफ्तार

चंडीगढ़। चंडीगढ़ से सटे मोहाली से स्पेशल स्टेट ऑपरेशन सेल ने तीन शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। तीनों के कब्जे से 2 विदेशी हथियार और 10 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। यह मोहाली में किसी व्यक्ति की हत्या करने आए थे। विदेश में बैठे गैंगस्टरों की तरफ से इन्हें टारगेट दिया गया था। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जगजीत सिंह उर्फ जग्गी उर्फ चीनी, अनमोल सिंह और मनप्रीत सिंह उर्फ मनी के रूप में हुई है। तीनों ही आरोपी पंजाब के मोगा जिले के रहने वाले हैं। आरोपियों को कोर्ट ने 4 दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंपा है। पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस टीम को को पता चला था कि आरोपी मोहाली में टारगेट किलिंग को अंजाम देने वाले थे। इसके लिए गैंगस्टर लकी पटियाल ने पैसे और हथियारों का इंतजाम किया था।

## येदियुरप्पा के पुत्र विजयेंद्र बने कर्नाटक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के पुत्र, विधायक विजयेंद्र येदियुरप्पा को पार्टी का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा के महासचिव अरुण सिंह ने शुक्रवार को यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने वर्तमान में कर्नाटक प्रदेश भाजपा में उपाध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा को नलिन कुमार कटील के स्थान पर पार्टी का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। लिंगायत समुदाय के विजयेंद्र येदियुरप्पा इस वर्ष मई में हुए कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पहली बार उतरे और अपने पिता की पारंपरिक सीट शिकारीपुरा से 49 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त कर विजयी हुए हैं।

# पराली पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर दिखाई सख्ती

पंजाब और दिल्ली से लगे कुछ अन्य राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में प्रदूषण का स्तर घटाने के लिए समाधान ढूंढना होगा।

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से जुड़े एक विषय की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि प्रदूषण के मुद्दे पर कई रिपोर्ट और समितियां हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ नहीं हो रहा है। पीठ ने कहा कि शीर्ष न्यायालय नतीजे देखना चाहता है।

न्यायालय को यह बताया गया कि खेतों में पराली जलाए जाने को रोकने के लिए हर कोशिश की जा रही है।



शीर्ष न्यायालय ने वायु प्रदूषण पर 1985 में पर्यावरणविद एम सी मेहता द्वारा दायर एक याचिका पर विचार करते हुए और विषय की सुनवाई के दौरान उठाये गए पराली जलाने के मुद्दे पर यह टिप्पणी की।

### खेतों में पराली जलाने का सिलसिला रुके: सुप्रीम कोर्ट

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने मंगलवार को

### लोगों को मरने नहीं दे सकते, समाधान ढूंढ़िए

पारित अपने आदेश की प्रगति की निगरानी करते हुए कैबिनेट सचिव को दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिवों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करने और दिल्ली में प्रदूषण के उच्च स्तर को कम करने के कदमों पर विचार करने का निर्देश दिया।

पीठ ने कहा, हम चाहते हैं कि खेतों में पराली जलाने का सिलसिला रुके। आप इसे किसी भी तरह से करें, यह आप पर निर्भर है। हम यह नहीं कह रहे हैं कि इस या उस नीति का पालन करें, बल्कि हम यह कह रहे हैं कि एक समाधान खोजा जाना चाहिए।

अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कोर्ट को बताया कि कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में पाया गया कि 93 फीसदी खेतों में आग लगने की घटनाएं पंजाब में हुईं।

उन्होंने कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने बैठक में बताया कि 2023 के लिए पंजाब के 18 जिलों में खेत की आग को 50 प्रतिशत तक कम करने और हरियाणा से इसे खत्म करने का लक्ष्य हासिल नहीं किया गया।

इसके बजाय पराली जलाने में तेज वृद्धि हुई है। पंजाब में पिछले 10 दिनों (29 अक्टूबर से 8 नवंबर) में देखा गया कि दिल्ली में वायु गुणवत्ता का स्तर बढ़ गया।

**जहरीली शराब**

### अंबाला में बनी 200 पेटी यमुनानगर हुई थी सप्लाई, 5 लोगों ने तोड़ा दम; मास्टरमाइंड फरार

# हरियाणा में जहरीली शराब पीने से 16 लोगो की हुई मौत

अंबाला। हरियाणा में जहरीली शराब पीने से मरने वालों का आंकड़ा 16 तक पहुंच गया है। यमुनानगर जिले में शुक्रवार को भी शराब पीने से 5 लोगों की मौत होने की खबर है। हालांकि, पुलिस थाना छप्पर एरिया में 2 लोगों की मौत होने की पुष्टि कर रही है। मरने वालों में यमुनानगर के गांव सारण निवासी प्रदीप (33), अनिल (35), जगमाल (45), मंगलौर निवासी ऋषिपाल (45), पंजेटो का माजरा निवासी जगीर (70) शामिल है।

हालांकि सारण निवासी प्रदीप के परिजनों ने पुलिस को हार्ट अटैक से मौत की बात बताई है, लेकिन पुलिस ने मौत की वजह साफ करने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया। अब तक यमुनानगर में इस जहरीली शराब से 14 लोगों की मौत हो चुकी है। पुलिस 12 की पुष्टि कर रही है। गांव सारण में 3 लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने गांव के राजकुमार, नरेश, राजेश, राधेश्याम पर हत्या समेत अन्य धाराओं केस दर्ज किया है।

अंबाला में जहरीली शराब की वजह से जान गंवाने वालों में कके गांव कुरथल का दीपक व शिवम शामिल है। दोनों इसी फैक्ट्री में अवैध रूप से शराब बनाने के लिए आए थे। दोनों ने शराब बनाने के बाद खुद सेवन किया था, जिसकी वजह से मौत हुई।



लगातार बढ़ते मौत के ग्राफ से अंबाला और यमुनानगर में दहशत का माहौल बना हुआ है।

उधर, पुलिस ने इस मामले में प्रवीण और शेखर को भी गिरफ्तार किया है, जो फैक्ट्री में अवैध रूप से शराब बनाने में शामिल थे। आरोपी शेखर यूपी के गांव खिवाड़ (मेरठ) और प्रवीण गांव कुरथल (मुजफ्फरनगर) का रहने वाला है। पुलिस ने खेत मालिक उत्तम और पुनीत को बुधवार रात को ही गिरफ्तार कर लिया था। चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश करके अंबाला सेंट्रल जेल भेज दिया है।

### मास्टरमाइंड को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दे रही पुलिस

गैंग का मास्टरमाइंड गांव उगाला निवासी अंकित उर्फ मोगली फरार चल रहा है, जबकि गांव थंबड़ निवासी कपिल पंडित को यमुनानगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कपिल पंडित व अंकित उर्फ मोगली को गांव धनौरा निवासी पुनीत ने उत्तम की बंद पड़ी फैक्ट्री को किराए पर दिलवाया था। गहन पूछताछ के लिए अंबाला पुलिस कपिल पंडित को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आएगी। बता दें कि इस मामले में छ्स्क्क बराड़ा अनिल कुमार की अगुवाई में CIA-1, CIA शहजादपुर और मुलाना थाना पुलिस जांच में जुटी है। अंबाला के एसपी जश्नदीप सिंह रंधावा ने बताया कि अंबाला जिले के बिंजलपुर गांव में चल रही अवैध फैक्ट्री में करीब 200 पेटी शराब तैयार की गई थी। ये जहरीली शराब कहां-कहां सप्लाई हुई ? पुलिस इसकी जांच में जुटी है।

# पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर में भगदड़ जैसी स्थिति में 30 श्रद्धालु घायल

पुरी। ओडिशा के पुरी में शुक्रवार को श्री जगन्नाथ मंदिर में त्रिमूर्ति के मंगल आरती के दौरान भगदड़ जैसी स्थिति हो गई जिसमें कम से कम 30 श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें अधिकांश बुजुर्ग महिलाएं शामिल हैं।

एक हबिस्याली महिला के पैर में गंभीर चोट आई और उनका इलाज जिला मुख्यालय अस्पताल में चल रहा है।

सूत्रों के अनुसार आज सुबह मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार सिम्हाद्वार पर हबीस्यालियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु इंतजार कर रहे थे और जब उन्हें मंदिर में जाने की अनुमति दी गई तो भारी भीड़ थी क्योंकि आम भक्तों ने भी मंदिर में प्रवेश किया। मंदिर के अंदर 'कूर्माबेधा' नामक स्थान पर जब श्रद्धालु सत पहाच (सात सीढ़ियों का दरवाजा) और घंटी द्वार से प्रवेश कर रहे थे, तब भारी भीड़ के कारण भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई।

कई हबीस्याली नीचे गिर गए, कई अन्य लोगों को गंभीर घुटन महसूस हुआ और वे अत्यधिक उल्टी के साथ बेहोश हो गए। मंदिर की सुरक्षाकर्मी और पुलिस ने उन्हें वातानुकूलित मंदिर कार्यालय कक्ष में भेज दिया और विभिन्न चरणों में जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाने से पहले उन्हें ओआरएस घोल दिया गया।

प्रशासन द्वारा बड़े-बड़े दावे किए गए थे कि मंदिर में बुजुर्ग हबीस्यालियों के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है, जो सरकारी खर्च पर महीने भर कार्तिक व्रत रखते हैं, लेकिन यह घटना जगन्नाथ मंदिर पुलिस (जेटीपी) और नियमित सरकारी पुलिस विफलता को दर्शाती है।

कई लोगों ने तीर्थयात्रियों की भीड़ के खराब प्रबंधन को इस घटना का कारण बताया। हालांकि बड़ी संख्या में भक्त पहले से ही सिम्हाद्वार में बैरिकेड्स के पीछे इंतजार कर रहे थे, स्वयंसेवक हजारों हबीस्यालियों को बसों में लाए और उन्हें मंदिर के द्वार पर छोड़ दिया। जब बैरिकेड हटाए गए तो सभी ने अंदर घुसने की कोशिश की।

## शार्ट न्यूज

### यमुना प्राधिकरण ने सफाई कर्मचारियों व सुपरवाइजरों को दिया दिवाली का तोहफा

ग्रेटर नोएडा। यमुना प्राधिकरण ने सफाई कर्मचारियों और सुपरवाइजरों को दिवाली का तोहफा दिया है। दो माह के बकाया वेतन का भुगतान करने के साथ उनके वेतन में वृद्धि की गई है। कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। इसके अलावा सफाई की बेहतर व्यवस्था के लिए नई कंपनी का चयन किया गया है। नई कंपनी ने काम करना शुरू कर दिया है। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के गांवों में साफ सफाई के लिए तैनात किए गए सफाई कर्मचारी व सुपरवाइजर वेतन वृद्धि व बकाया भुगतान को लेकर पिछले कई दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे थे। सफाई कर्मचारियों की समस्या को देखते हुए प्राधिकरण ने सफाई कर्मचारी का वेतन 11,900 रुपए से बढ़ाकर 17,170 रुपये और सुपरवाइजर का वेतन 20,301 रुपये कर दिया गया है। इसके अलावा गांवों में आबादी के आधार पर सफाई कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि करते हुए 238 के स्थान पर 530 कर दी गई है। वर्तमान में कुल 107 गांवों में साफ सफाई कराई जा रही है। 107 गांवों में साफ सफाई कराई जा रही है। इसकी जिम्मेदारी मेसर्स श्रीराम कंस्ट्रक्शरन कंपनी को दी गई है। गौरतलब है कि सफाई कंपनी के चयन में ही गड़बड़ी की गई थी। इसमें डीजीएम को इस कार्य से हटा भी दिया गया था।

### निदेशक और दो सुपरवाइजर पर दस करोड़ की रंगदारी और धोखाधड़ी का केस

ग्रेटर नोएडा। बीटा-2 थाने में गणेश इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक योगेंद्र चौधरी और सुपरवाइजर मुकेश कुमार और सुरेश पाल के खिलाफ धोखाधड़ी, चेक चोरी और रंगदारी मांगने आदि धाराओं में केस दर्ज किया गया है। सरकारी कार्य के ठेके लेने वाले आशीष चौधरी की शिकायत और न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच शुरू की है। जेपी ग्रींस सोसाइटी निवासी आशीष चौधरी ने थाने में दी शिकायत में कहा है कि वह सरकार द्वारा जारी विभिन्न प्रकार के सामाजिक उपकरण और निजी उपकरण में सिविल वर्क का काम ठेके पर लेकर करते हैं। योगेंद्र चौधरी से उनके पुरानी पहचान है। वह भी उनकी तरह ठेके लेकर काम करते हैं। आशीष ने योगेंद्र को कानपुर आदि क्षेत्र में काम दिलया था। आरोप है कि योगेंद्र चौधरी और उसके सुपरवाइजर ने काम पूरा नहीं किया। काम पूरा करने के लिए कहने पर आरोपी दस करोड़ की रंगदारी मांगकर धमकी देने लगे। आरोपियों ने उनके चेक भी चोरी कर लिए। आरोप है कि इन पर जाली हस्ताक्षर कर बाउंस भी करा लिए गए। इस मामले में पुलिस अधिकारियों को भी शिकायत दी गई। इसके बाद न्यायालय में याचिका दी गई। एडीसीपी अशोक कुमार का कहना है कि न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### अंकिता हत्याकांड के मुख्य आरोपी पुलकित की जमानत पर सुनवाई टली

नैनीताल। उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड के आरोपी पुलकित आर्य की जमानत पर सुनवाई शुक्रवार को भी टल गयी है। इस मामले में अब तीन सप्ताह बाद सुनवाई होगी। पुलकित आर्य अंकिता हत्याकांड का मुख्य आरोपी है। निचली अदालत से जमानत खारिज होने के बाद आरोपी ने उच्च न्यायालय में प्रार्थना पत्र दायर किया है। सरकार की ओर से आरोपी के जमानत प्रार्थना पत्र पर जवाबी हलफनामा दायर किया गया है। साथ ही अदालत ने आरोपी को भी प्रतिशपथ पत्र दायर करने के निर्देश दिये हैं। आरोपी के जमानत प्रार्थना पत्र पर लगातार सुनवाई टल रही है। आज भी सुनवाई नहीं हो पायी। सरकार की ओर से आज भी अदालत से समय की मांग की गयी जिसे न्यायमूर्ति रवीन्द्र मैठाणी की पीठ ने स्वीकार कर लिया। अब इस मामले में तीन सप्ताह बाद सुनवाई हो सकेगी। आरोपी अपने दो साथियों अंकित गुप्ता और सौरभ भाष्कर के साथ पिछले साल अक्टूबर से जेल में बंद हैं। अंकिता की पिछले साल सितम्बर में हत्या कर दी गयी थी। वह ऋषिकेश स्वर्गाश्रम स्थित पुलकित आर्य के वनंतरा रिसॉर्ट में बतौर रिसेप्शनिष्ट काम करती थी। उसका शव चीला बैराज से बरामद हुआ था। आरोप है कि पुलकित उस पर अनैतिक कार्य के लिये दबाव बना रहा था। प्रदेश सरकार की ओर से इस मामले की जांच एसटीएफ को सौंपी गयी है।

### केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू

श्री केदारनाथ/देहरादून। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जनपद स्थित श्री केदारनाथ धाम के कपाट 15 नवंबर प्रातः शीतकाल के लिए बंद हो जायेंगे। इसी क्रम में केदारपुरी में स्थित बाबा केदार के रक्षक द्वारपाल माने जाने वाले भकुंट भैरव नाथ जी के कपाट शनिवार 11 नवंबर को पूजा-अर्चना व यज्ञ- हवन के पश्चात शीतकाल हेतु अपराह्न तीन बजे बंद हो जायेंगे। इस दौरान केदारनाथ मंदिर श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेगा। शाम चार बजे फिर से मंदिर को दर्शनों के लिए खोला जाएगा। श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि केदारनाथ धाम में स्थित बाबा भैरवनाथ जी के कपाट बंद होने के बाद श्री केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद होने तक श्री केदारनाथ यात्रा चलती रहेगी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कल शनिवार को दोपहर 12 बजे तक भगवान केदारनाथ के दर्शन होंगे। उसके पश्चात मंदिर की साफ सफाई के बाद मंदिर दर्शनार्थियों के लिए बंद रहेगा तथा अपराह्न एक बजे मंदिर समिति के पुजारी, धर्माचार्य, वेदपाठी, अधिकारीगण एवं तीर्थ पुरोहित भैरवनाथ जी के कपाट बंद करने हेतु भैरव शिला को प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर भैरवनाथ जी का आह्वान किया जायेगा।

### भागीरथ मेहरिया ने समर्थकों के साथ फिर भाजपा का दामन थामा

जयपुर। राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं के एक-दूसरी पार्टी में शामिल होने का सिलसिला लगातार जारी हैं और शुक्रवार को खींवसर विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी रहे भागीरथ मेहरिया ने अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का फिर दामन थाम लिया। इस अवसर पर जयपुर में भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान श्री महरियां ने समर्थकों अर्जुनराम मेहरिया, मनीराम काला बलाया, भागीरथ बनगांवा और बद्रीराम बिडियासर के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और नागौर विधायक मोहनलाल चौधरी ने सभी को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर और मिठाई खिलाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। उल्लेखनीय है कि श्री मेहरिया वर्ष 2013 में खींवसर से भाजपा प्रत्याशी रहे हैं और 2013 से लेकर 2023 तक भाजपा में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में किया लेकिन वह गत 25 अक्टूबर को कांग्रेस कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इस अवसर पर श्री शेखावत ने आरोप लगाते हुए कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने षड्यंत्रपूर्वक प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं से लूट की है, कांग्रेस की विफलता और आर्थिक कुप्रबंधन के चलते आज राजस्थान में देश की सबसे महंगी बिजली मिल रही है।

### भ्रष्टाचार के मामले में डीटीओ को भेजा गया जेल

पटना। बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने बालू का ठेका दिलाने के नाम पर अवैध वसूली करने के मामले में कैमूर जिले के एक तत्कालीन जिला परिवहन पदाधिकारी को आज न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया। पुलिस ने भभुआ के तत्कालीन जिला परिवहन पदाधिकारी मोहम्मद जियाउल्लाह को लखीसराय से गिरफ्तार करने के बाद आज निगरानी के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम की अदालत में पेश किया, जहां न्यायालय ने उसे न्यायिक हिरासत में लेने के बाद 24 नवंबर 2023 तक के लिए जेल भेजने का आदेश दिया। अभियुक्त मो. जियाउल्लाह वर्तमान में लखीसराय के जिला परिवहन पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित थे। प्राथमिकी के अनुसार, जिला परिवहन पदाधिकारी मो. जियाउल्लाह ने बालू का ठेका दिलाने के नाम पर अपने चचेरे भाई के बैंक खाते में शिकायतकर्ता से 40 लाख रुपए प्राप्त किया जबकि अपने अंगरक्षक के बैंक खाते में 80 हजार रुपए प्राप्त किया था।

# कुख्यात गैंगस्टर सुंदर भाटी समेत तीन को हाईकोर्ट से मिली जमानत

## सपा नेता हरेंद्र नागर की 2015 में हुई हत्या में सुनाई गई थी उम्रकैद की सजा

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नोएडा के सपा नेता व प्रधान हरेंद्र नागर हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे कुख्यात गैंगस्टर सुंदर भाटी, उसके साथी ऋषिपाल और सिंहराज की जमानत मंजूर कर ली है। उन्हें एक करोड़ के दो जमानतगीर देने होंगे। जमानत पर छूटने के बाद भारत के बाहर बिना अदालत की अनुमति के नहीं जा सकेंगे। उन्हें अपना पासपोर्ट नोएडा पुलिस आयुक्त के कार्यालय में जमा कराना होगा। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने बहुचर्चित हरेंद्र नागर हत्याकांड में आजीवन कारावास की



सजा काट रहे सुंदर भाटी समेत 11 दोषियों की नौ अपीलों पर एक साथ सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने कुख्यात सुंदर भाटी, ऋषिपाल और सिंहराज को जमानत देने के साथ ही सह-अभियुक्त योगेश, विकास पंडित, सोनू, बॉबी उर्फ शेर सिंह और, अनूप भाटी, दिनेश भाटी और यतींद्र चौधरी की अपीलों को अंतिम सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा कि अगले दो वर्षो में अगर अपीलों का निस्तारण नहीं होता है तो सह-अभियुक्तों को अर्जी दाखिल करने की स्वतंत्रता होगी। मामला गौतमबुद्ध नगर का है। दादूपुर गांव के सपा नेता व प्रधान हरेंद्र नागर की आठ फरवरी 2015 को नियाना गांव में एक शादी समारोह में दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। प्रधान हरेंद्र नागर के साथ उनके सरकारी गनर भूदेव शर्मा की भी हत्या हुई थी। एक बदमाश जतिन खत्री भी जवाबी कार्रवाई में मारा गया था। हरेंद्र नागर के भाई रवींद्र ने 13 लोगों को खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया था। विवेचना के बाद सुंदर भाटी के अलावा सिंहराज, योगेश, विकास पंडित, कालू भाटी, दिनेश भाटी, अनूप भाटी, यतेंद्र चौधरी, सोनू, बॉबी उर्फ शेर सिंह, सुरेंद्र पंडित, ऋषिपाल और मनोज के आरोप पत्र दाखिल किया गया था। निचली अदालत में छह साल चले सत्र परीक्षण में 38 लोगों की गवाही के बाद सुंदर भाटी समेत 12 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। एक आरोपी को बरी कर दिया गया था। उम्रकैद की सजा के खिलाफ सभी ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। इसकी सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कुख्यात सुंदर भाटी, ऋषिपाल और सिंहराज की जमानत मंजूर कर ली।

# बीएसएफ डीजी ने एलओसी के अग्रिम इलाकों का किया दौरा

एजेंसी

श्रीनगर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने परिचालन तैयारियों की समीक्षा के लिए शुक्रवार को उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग सेक्टर में नियंत्रण रेखा के साथ आगे के इलाकों का दौरा किया।

उन्होंने बताया कि बीएसएफ महानिदेशक ने भी सैनिकों के साथ बातचीत की और उनके उच्च मनोबल, प्रतिबद्धता तथा व्यावसायिकता के लिए उनकी सराहना की।

बीएसएफ कश्मीर ने एक्स पर बताया, नितिन अग्रवाल, बीएसएफ महानिदेशक ने इकाइयों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा करने के लिए एलओसी के साथ सेक्टर श्रीनगर के अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया।

महानिदेशक ने सैनिकों के साथ बातचीत की और उनके उच्च मनोबल, प्रतिबद्धता और व्यावसायिकता के लिए उनकी सराहना भी की।

बीएसएफ के महानिदेशक अग्रवाल जम्मू-कश्मीर के चार दिवसीय दौरे पर हैं।

अग्रवाल ने आठ नवंबर को उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा में एलओसी का दौरा किया और वहां परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बुधवार को सेना के श्रीनगर स्थित चिनार क्रॉप्स का भी दौरा किया और लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई से बातचीत की और कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की।

वह गुरुवार को मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के हुमहामा में बीएसएफ में शामिल हुए नव रंगरूटों की पासिंग आउट परेड में भी शामिल हुये।

# जापान की फूजी सिल्वरटेक यीडा में करेगी 350 करोड़ रुपये का निवेश

## शत प्रतिशत एफडीआई के लिए 20 एकड़ जमीन मांगी

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। एफडीआई व फॉर्च्यून- 500 कंपनियों को आकर्षित करने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से बनाई गई प्रोत्साहन नीति-2023 में यमुना प्राधिकरण ने सबसे पहले मारी बाजी है। जापान की कंपनी फूजी सिल्वरटेक कंकरीट प्राइवेट लिमिटेड यमुना सिटी में 350 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। शत प्रतिशत एफडीआई वाली इस कंपनी ने 20 एकड़ जमीन मांगी है। इसको लेकर लखनऊ में बैठक हो चुकी है। डाटा सेंटर के लिए सिफी कंपनी को अभी दो दिन पहले ही भूखंड आवंटित किया गया है। सिफी फॉर्च्यून- 500 कंपनियों में शामिल है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर की वजह से यमुना क्षेत्र में निवेश करने के लिए बड़ी संख्या में कंपनियां आगे आ रही हैं। इस बीच नई प्रोत्साहन नीति- 2023 लागू होने के नौ दिन के अंदर ही यमुना प्राधिकरण ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्री-कास्ट (ढलाई किया हुआ तैयार माल) उत्पाद बनाने वाली जापान की कंपनी फूजी सिल्वरटेक कंकरीट प्राइवेट लिमिटेड यमुना सिटी में निवेश करना चाहती है।

फूजी को बुलेट ट्रेन बनाने के लिए कहा गया है। रैपिड रेल, मेट्रो, हाईवे जैसे बड़े प्रोजेक्ट में इस कंपनी के प्री-कास्ट का उपयोग होता है। गुजरात में स्टैचू ऑफ यूनिटी में इसी कंपनी के प्री- कास्ट का उपयोग का किया गया है। प्री-कास्ट की बढ़ती मांग को देखते हुए ही कंपनी यीडा सिटी में निवेश करना चाह रही है। कंपनी के अधिकारी शासन स्तर पर बैठक कर चुके हैं। आवंटन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्राधिकरण सेक्टर- 32 में भूखंड आवंटित करेगा। इस कंपनी के आने से एक हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

### 259 स्कीमों की मरम्मत के लिए 75.94 करोड़ के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

शिमला। हिमाचल के प्रधान सचिव जल शक्ति विभाग ओंकार चन्द शर्मा की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय योजना अनुमोदन समिति (एसएलएसएससी) की बैठक हुई। बैठक में जल जीवन मिशन की योजनाओं सहित गत बरसात के दौरान क्षतिग्रस्त हुई योजनाओं की समीक्षा की गई। प्रधान सचिव ने बाढ़ एवं बरसात के दौरान क्षतिग्रस्त हुई स्कीमों की बहाली में विभाग की तत्परता की सराहना की। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में स्कीमों के लिए केन्द्र से कुल 94.92 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को स्वीकृत दी गई थी जिसमें से 18.98 करोड़ के प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। जल जीवन मिशन की 259 स्कीमों की मरम्मत और बहाली के लिए शेष 75.94 करोड़ रुपये की राशि के प्रस्ताव को वीरवार की बैठक में मंजूरी प्रदान की गई। प्रधान सचिव ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत केन्द्र सरकार से आने वाली कुल राशि के 25 फीसदी हिस्से को फ्लैक्सी फण्ड के तौर पर इस्तेमाल करने की अनुमति भी प्रदान की गई है जिसे बाढ़ और बारिश में क्षतिग्रस्त स्कीमों की मरम्मत और बहाली के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

# सेक्टर-51-52 मेट्रो स्टेशनों को जोड़ने वाले स्काईवॉक का 55 प्रतिशत काम पूरा

नोएडा। एक्वा लाइन के सेक्टर-51 और ब्लू लाइन के सेक्टर 52 मेट्रो स्टेशनों को जोड़ने वाली स्काईवॉक परियोजना का 55 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। 31 मार्च तक इसकी डेडलाइन तय की गई है। इसके बनने से एक्वा और ब्लू लाइन के लाखों यात्रियों को फायदा होगा। सात माह से 420 मीटर लंबे स्काईवॉक बनाने का काम चल रहा है। वहीं इस पर लगाए जाने वाले ट्रेवलेटर की लंबाई 230 मीटर होगी। ट्रेवलेटर के माध्यम से यात्रियों को एक से दूसरे स्टेशन तक पहुंचने में आसानी होगी। स्काईवॉक में एयरकंडीशनर लगे होंगे।



दरअसल एक्वा और ब्लू लाइन कॉरिडोर के निर्माण के दौरान कॉमन प्लेटफॉर्म के बाबत ध्यान नहीं रखा गया। शुरुआत में की गई अनदेखी का खामियाजा यात्रियों को अब उठाना पड़ रहा है। कॉमन प्लेटफॉर्म नहीं होने से यात्रियों को एक से दूसरे कॉरिडोर तक जाने के लिए निशुल्क ई-रिक्शा की सुविधा मुहैया कराई गई। लेकिन आइकिया के प्रोजेक्ट की वजह से ई-रिक्शा का कॉरिडोर टूट गया। इसके बाद इसके लिए दूसरा रूट बनाया गया। इन सभी मशक्कतों के साथ यात्री सफर करते रहे। लेकिन अब स्काईवॉक बनने से लोगों की परेशानी दूर हो जाएगी।

### 25 करोड़ है निर्माण लागत

स्काईवॉक की अनुमानित निर्माण लागत करीब 25 करोड़ है। इसमें सिविल के कार्यों के लिए 10.62 करोड़ रुपये खर्च होंगे। स्काईवॉक की चौड़ाई 6.3 मीटर है। सेक्टर-51 और 52 मेट्रो के बीच में आइकिया कंपनी का प्लॉट है।

जहां निर्माण कार्य जारी है। अगले कुछ वर्षों में कंपनी यहां अपना स्टोर खोलेगी। उस समय इस स्काईवॉक के माध्यम से उक्त स्टोर में जाने की सुविधा भी मिलेगी। इसे इस तरह से बनाया जा रहा है कि दोनों स्टेशनों से उतरने के बाद यात्री सीधे आइकिया के स्टोर में जा सकें।

### लिंक रोड चौड़ीकरण की योजना लेटलतीफी की शिकार

चिल्ला रेगुलेटर से दलित प्रेरणा स्थल से होते हुए महामाया फ्लाईओवर तक लिंक रोड चौड़ीकरण की योजना लेटलतीफी की शिकार है। इस परियोजना के लिए कंसल्टेंट का चयन काफी पहले हो चुका है। लेकिन योजना का काम अधर में है। कंसल्टेंट की ओर से ड्राइंग और रोडमैप नहीं दिया गया है।

परियोजना के लिए सेंट्रल वर्ज पतला करने या साइड के पेड़ों को काटने के विकल्प पर काम करना है। लेकिन अब तक रोडमैप तैयार नहीं होने से काम पर असर पड़ रहा है।

# क्रिप्टो करेंसी के बाद फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर बड़ी ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

शिमला। हिमाचल प्रदेश में क्रिप्टो करेंसी ठगी मामले के बाद मल्टी नेशनल कंपनी में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी का एक और घोटाला पुलिस ने उजागर किया है। क्यूएफएक्स कंपनी ने फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर लोगों से धनराशि ली और उन्हें हाई रिटर्न के सपने भी दिखाए। इस पूरे मामले में निवेशकों की 210 करोड़ रुपये की पूंजी लगाई गई थी।

वित्तीय गड़बड़ी पर पुलिस जांच कर रही है, जिसका खुलासा पुलिस की जांच में हुआ। मामले में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी मंडी में पुलिस अधीक्षक सौम्या सांबशिवन ने गत दिवस को प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि एक आरोपी को दिल्ली एयरपोर्ट से दबोचा



गया है। शातिर भारत छोड़ विदेश भागने की तैयारी में था। चंडीगड़ के अलावा यह नेटवर्क देश के पांच राज्यों में फैला था।

हिमाचल, पंजाब, गोवा, गुजरात व चंडीगढ़ में कंपनी का नेटवर्क था, जिसमें सैंकडों लोगों का पैसा लगा हुआ है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर इस मामले से जुड़े अन्य तथ्यों पर काम कर रही है। एसपी ने बताया कि क्यूएफएक्स कंपनी फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर काम कर रही थी। जबकि वह इसके लिए अधिकृत नहीं है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कंपनी के करीब डेढ़ दर्जन से अधिक खातों को फ्रिज किया है। इनमें करीब 30 लाख रुपये धनराशि थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौम्या ने बताया कि मामले में कुछ फ्लैट और संपत्ति भी है। जिसे सीज करने जा रहे हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कंपनी के दो कार्यालयों को सील किया है। इस मामले में पुलिस के पास दो-तीन शिकायतें पहुंची है। जिस पर पड़ताल करते हुए कई अहम तथ्य शुरूआती जांच में मिले हैं। इस स्कैम में 100 से ज्यादा लोगों का पैसा लगा है। कंपनी मल्टी लेवल मार्केटिंग के नाम पर कार्य कर रही थी, जिसमें कंपनी ने निवेशकों को म्यूचुअल फंड और अन्य ट्रेडिंग के नाम पर लोगों को ठगा है।

### पंजाब के जालंधर में 40 किग्रा चूरा-पोस्त सहित एक गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब के जालंधर में पुलिस ने कश्मीर से चूरा- पोस्त की जालंधर आपूर्ति करने आये एक व्यक्ति को 40 किलोग्राम चूरा पोस्त सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आयुक्त कुलदीप सिंह चाहल ने शुक्रवार को बताया कि सीआईए स्टाफ की टीम ने भगत सिंह कॉलोनी के नजदीक एक जांच नाका पर एक व्यक्ति को बोरी उठाये जाता देख कर उसकी जांच की तो उसमें से 40 किलोग्राम चूरा-पोस्त निकला। उन्होंने बताया कि पुलिस ने व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान सैयद अहमद वानी निवासी आगरो पुलिस थाना दियोसर जिला कुलगाम जम्मू एवं कश्मीर के तौर पर हुई है। सैयद ने पूछताछ में बताया कि वह कुलगाम में टैक्सी चलाता है और वहां से 15 सौ रुपये किग्रा चूरा-पोस्त खरीद कर जालंधर में छह हजार रुपये प्रति किलो बेचता है।

# बारिश से पंजाब का मौसम बदला, तापमान में गिरावट

जालंधर। पंजाब में धनतेरस की सुबह बरसात के साथ पंजाब निवासियों के लिये खुशी का पैगाम लेकर आयी है। बारिश से पंजाब में मौसम का मिजाज बदला है। कई जिलों में हो रही बारिश से तापमान में बदलाव के साथ-साथ अब लोगों को पराली के धुयें और बीमारियों से राहत मिलेगी।

जालंधर में शुक्रवार सुबह लगभग सात बजे बादलों की गड़गड़ाहट के साथ तेज बारिश हुयी। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। बरसात प्रदेश भर में फैले पराली के धुयें और वायु प्रदूषण के कारण वायरल का शिकार हो रहे मरीजों के लिये बड़ी राहत दायक साबित होगी। अन्य जिलों जलालाबाद, बरनाला, रोपड़, कपूरथला और अमृतसर में भी सुबह से बरसात हो रही है। महानगर के सभी अस्पतालों में वायरल से लोग खांसी, जुकाम और बुखार के शिकार हो रहे हैं। इस बारिश से गंभीर बीमारियों जैसे डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया और वायरल से होने वाली बीमारियों से निजात मिलने के आसार हैं। जालंधर में देर रात से ही बादल छाये हुये थे। मौसम विभाग ने शुक्रवार को पंजाब में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान लगाया था। विभाग के मुताबिक 48 घंटों के बाद पंजाब के उत्तरी हिस्सों के न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक आज भी राज्य के कई जिलों में बारिश होने के आसार हैं। न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है जिससे रात के समय ठंडक और बढ़ेगी।

# क्रिप्टो-पोंजी घोटाले में एसटीए के झारखंड प्रमुख को किया गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा के आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने सोलर टेक्नो एलायंस (एसटीए) क्रिप्टो-पोंजी घोटाले के सिलसिले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है।

ईओडब्ल्यू सूत्रों ने शुक्रवार को यहां कहा कि एसटीए इंडिया के संस्थापक सदस्य और झारखंड प्रमुख सुशील कुमार टुडू को आईपीसी की धारा 420/467/468/471/120-बी, आर/डब्ल्यू पीसीएमएस अधिनियम की धारा 4/5/6 के तहत आठ नवंबर को झारखंड के धनबाद जिले के निरसा पुलिस स्टेशन की सीमा से गिरफ्तार किया गया था।

उसे जेएमएफसी, धनबाद की अदालत में पेश किया गया और तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर ओडिशा लाया गया। टुडू को ओपीआईडी कोर्ट, कटक के समक्ष पेश किया जाएगा। इससे पहले इंडिया हेड गुरतेज सिद्धू समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और हंगरी के नागरिक डेविड गीज समेत चार आरोपियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया जा चुका है।

जांच के दौरान, यह पाया गया कि संस्थापक सदस्य होने के नाते, उन्होंने ओडिशा और झारखंड दोनों में हजारों डाउन लाइन सदस्यों को अपने अधीन कर लिया है तथा डाउन लाइन सदस्यों से एकत्र की गई राशि से अवैध रूप से चार करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। उनकी दैनिक आय 80,000 रुपये थी।


धोखाधड़ी की रकम से उसने चल संपत्ति सहित बड़ी जमीन जायदाद अर्जित की है।

# तेलंगाना में कुल 1,133 उम्मीदवारों ने दाखिल किये नामांकन

हैदराबाद। तेलंगाना में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार को दोपहर 1500 बजे समाप्त हो गई। तेलंगाना के सभी 119 विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों ने गुरुवार को 1500 बजे तक उम्मीदवारों के नामांकन पर अपनी रिपोर्ट जमा कर दी है।

शुक्रवार को जारी एक बयान में, मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विकास राज ने कहा कि 30 नवंबर को होने वाले आगामी तेलंगाना विधानसभा चुनावों के लिए गुरुवार को 1500 बजे तक 1,133 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन पत्र भरने का आज अंतिम दिन था।

प्रारंभिक समय सीमा के बाद लाइन में लगे व्यक्तियों को अपना नामांकन जमा करने का अवसर दिया गया। अधिकारी 13 नवंबर को




नामांकन पत्रों की जांच करेंगे और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 15 नवंबर है।

राज्य की 119 विधानसभा सीटों के लिए 30 नवंबर को एक साथ मतदान होगा और चुनाव परिणाम तीन दिसंबर को घोषित किए जाएंगे।

गौरतलब है कि इस चुनाव में तेलुगू देशम पार्टी और वाईएसआर तेलंगाना पार्टी (वाईएसआरटीपी) ने मुकाबले से अपना नाम वापस ले लिया है, जिसमें वाईएसआरटीपी ने आधिकारिक तौर पर कांग्रेस का समर्थन किया है। कांग्रेस के साथ गठबंधन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कोठागुडेम से चुनाव लड़ रही है, जबकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रही है।


कुल 119 निर्वाचन क्षेत्रों में सबसे अधिक गजवेल और मेडचल में नामांकन दाखिल किए गए, जिसमें गजवेल में पचास और मेडचल ने तीस नामांकन दाखिल किए गए।

कांग्रेस उम्मीदवारों ने 118 सीटों पर नामांकन दाखिल किया, और एक सीट भाकपा को दी है, जबकि भाजपा उम्मीदवारों ने 111 सीटों पर नामांकन दाखिल किया और आठ सीटें जनसेना को दी है। राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सभी 119 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

पिछले चुनावों की तुलना में कांग्रेस को इसबार बगावत का खतरा कम हुआ है। एक या दो सीटों को छोड़कर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी कामारेड्डी में मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं और भाजपा नेता एटाला राजेंद्र गजवेल में चुनाव लड़ रहे हैं। श्री रेवंत रेड्डी ने कामारेड्डी में अंतिम समय में अपना नामांकन दाखिल किया है।

## शार्ट न्यूज

### पालम 360 के पूर्व प्रधान चौधरी रामकरण को उनकी 71वीं जयंती पर शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने श्रद्धासुमन अर्पित किए



दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण पंचायत (360गाँवों की 36 बिरादरी का एक प्रतिष्ठित सामाजिक संगठन) के अध्यक्ष दयानंद वत्स भारतीय ने आज समाज के मुख्यालय बरवाला में पालम 360 के पूर्व प्रधान स्व. चौधरी रामकरण की 71वीं जयंती पर दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण समाज की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि चौधरी रामकरण बेहद विनम्र और सादगी पसंद मिलनसार व्यक्ति थे। उनका सपना था कि दिल्ली के गांववाले सभी सुविधाओं से संपन्न हों। उनके इसी सपने को दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण समाज के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय पूरा करने में लगे हैं। वत्स ने कहा कि उन्होंने पिछले दिनों प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को एक प्रस्ताव भेजा है जिसमें उन्होंने दिल्ली के गांवों को स्मार्ट और हाईटैक बनाने की दिशा में कुछ सुझाव दिए हैं। जिनमें स्वामित्व योजना को दिल्ली के गांवों में लागू करने की भी मांग शामिल है।

### एडवोकेट पर हमला करने के 3 आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबादमें चीफ मेडिकल अफसर कार्यालय में जिला समन्वय पीसीपीएनडीटी कार्यालय में तैनात एडवोकेट उमेश गुप्ता पर 4 तारीख में 06 लोगों ने जानलेवा हमला किया था। हमलावर अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच से नाराज थे। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि अल्ट्रासाउंड सेंटर का मालिक अभी भी फरार है। मामला नंदग्राम थाना क्षेत्र का है। गाजियाबाद की थाना नंदग्राम पुलिस ने प्रवेश गुर्जर, विनय तोमर और विजय को गिरफ्तार किया है। इन पर आरोप है कि उन्होंने सीएमओ कार्यालय में तैनात उमेश गुप्ता पर जान से मारने की नीयत से हमला किया था। एसीपी नंदग्राम रवि प्रकाश के मुताबिक पुलिस पूछताछ में इन्होंने बताया है ये लोग उमेश गुप्ता से रंजिश रखते थे। क्योंकि उमेश गुप्ता ने उनके अल्ट्रासाउंड सेंटर को लेकर रिपोर्ट दी थी कि वहां सेक्स डिटरमिनेशन टेस्ट होता है। इसीलिए 6 लोगों ने इकट्ठा होकर उमेश गुप्ता पर जानलेवा हमला किया था। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में से प्रवेश गुर्जर पर आधा दर्जन संगीन मुकदमे कायम है। वहीं इस मामले का मुख्य आरोपी सचिन जो कि अल्ट्रासाउंड सेंटर का मालिक है वह फरार है। उसके दो अन्य साथी अतुल त्यागी और संजय अभी भी फरार है। उमेश गुप्ता पर उस समय हमला हुआ था जब वह 4 तारीख को राज नगर एक्सटेंशन अपने घर जा रहे थे।

### श्रीपंच दशनाम जूना-अखाड़ा के महामंडलेश्वर हापुड़ में पुलिस ने रोका

गाजियाबाद। श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर और डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद गिरि को शुक्रवार सुबह हापुड़ में मेरठ पुलिस ने रोक लिया। यति मेरठ कमिश्नरी पर आमरण अनशन के लिए जा रहे थे। यति के मुताबिक जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल चौधरी 30 अक्टूबर से गाजियाबाद के साहिबाबाद स्थित लाजपत नगर में आमरण अनशन पर बैठे हैं। वह सरकार से मांग कर रहे हैं कि जल्द से जल्द जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून बनाया जाए। उनके समर्थन के लिए यति पहले आमरण अनशन के लिए दिल्ली के जंतर मंतर पर जा रहे थे। लेकिन दिल्ली पुलिस ने गाजीपुर बॉर्डर पर रोक कर उन्हें वापस लौटा दिया। उसके बाद बुधवार को यति ने गाजियाबाद कलेक्टर परिसर पर आमरण अनशन शुरू किया, तो उन्होंने आरोप लगाया कि गाजियाबाद के जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने उन्हें बलपूर्वक वहां से उठाकर गाड़ी में बैठकर मंदिर भेज दिया। उन्होंने घोषणा किया था कि वह 10 नवंबर को मेरठ कमिश्नरी पर आमरण अनशन शुरू करेंगे। शुक्रवार को सुबह वो मंदिर से मेरठ कमिश्नरी जा रहे थे। इस दौरान उनके मुताबिक खरखोदा में मेरठ पुलिस ने उन्हें रोक लिया। भारी पुलिस सुरक्षा में उनको वापस मंदिर छोड़ा जा रहा है। एक वक्तव्य जारी करके उन्होंने कहा की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब दोबारा गोरखपुर से सांसद बने थे। उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण कानून की बात कही थी। अब यह सबसे जरूरी बन चुका है।

### कवि के पीएसओ ने डॉक्टर से हुए विवाद में अज्ञात कार चालक के खिलाफ कराया मुकदमा

गाजियाबाद। कवि कुमार विश्वास के निजी सुरक्षा अधिकारी आनंद ने इंदिरापुरम कोतवाली पुलिस में डॉक्टर पल्लव वाजपेयी से हुए विवाद में अज्ञात कार चालक पर मुकदमा कराया है। उन्होंने कार नंबर के आधार पर पुलिस को लिखित शिकायत दी है। आनंद ने शिकायत में लिखा है कि कवि को गृह मंत्रालय से वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली है। बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे वह अलीगढ़ जा रहे थे। कुमार की गाड़ी से आगे सुरक्षाकर्मियों की गाड़ी चल रही थी। हिंडन बैराज से पहले संदिग्ध कार ने उनकी गाड़ी में टकराने की कोशिश की। फिर दूसरी तरफ से कुमार विश्वास की गाड़ी में टक्कर मारने की कोशिश की। संदिग्ध गतिविधियों को देखकर गाड़ी को तुरंत रोककर जांच की कोशिश की। तब कार सवार उग्र होकर मारपीट करने लगा। उसने हाथापाई कर राज्य पुलिस के अमित भदौरिया को कॉलर पकड़कर धक्का दे दिया, जिसमें उनके पहचान पत्र की चेन टूट गई। दूसरे सुरक्षाकर्मी रविकांत से भी हाथापाई की। चालक ने आक्रामक तरीके से केंद्रीय सुरक्षा कर्मियों के हथियार छीनने की कोशिश की। भीड़ एकत्रित होने पर सुरक्षाकर्मी कवि कुमार विश्वास को लेकर चले गए।

### प्रदूषण से जूझ रहे नोएडा, ग्रेटर नोएडा में बारिश राहत की फुहार रूप में बरसी

ग्रेटर नोएडा। दिपावाली से ठीक पहले नोएडा-एनसीआर में मौसम ने अचानक करवट ली है. नोएडा ग्रेटर नोएडा के कई इलाकों में देर रात से झमाझम बारिश हो रही है। इस बारिश से इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई वही प्रदूषण से जूझ रहे नोएडा, ग्रेटर नोएडावासियों के लिए बारिश राहत की फुहार रूप में रूप में बरस रही है। प्रदूषण का स्तर भी काफी कम हुआ है प्रदूषण से परेशान नोएडा वासियों को बारिश ने राहत दिलाई है, वहीं कई सेक्टरों में बिजली व्यवस्था भी बाधित हुई। देर रात नोएडा, ग्रेटर नोएडा में मौसम में अचानक बदलाव हुआ है और कई इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई है। देर रात से बारिश का सिलसिला शुरू हुआ वह सुबह तक जारी है। बारिश से राष्ट्रीय राजधानी में बढ़े वायु प्रदूषण से काफी राहत मिली. जिससे मौसम साफ नजर आ रहा है। तापमान में गिरावट दर्ज की गई। ये बारिश ऐसे वक्त में बारिश हुई है, जब बीते कुछ दिनों से प्रदूषण से नोएडा समेत पूरे एनसीआर का बुरा हाल था। वायु प्रदूषण का आलम तो यह था कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण की समस्या से निजात पाने के लिए आर्टिफिशियल बारिश यानी 'कृत्रिम बारिश' पर विचार किया जा रहा था।

### दो युवकों की मौत, जांच मे जुटी पुलिस

नोएडा। एक 30 साल का युवक गुरुवार की देर रात को चौथी मंजिल से नीचे गिर गया था। उसको संदिग्ध हालत में इलाज के लिए यथार्थ अस्पताल में एडमिट कराया गया। जहां पर इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में फेस दो थाना पुलिस के द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के मुताबिक नया गांव में सुमित नाम का एक युवक रहता था। गुरुवार की रात को वह चौथी मंजिल से नीचे गिर गया। उसको इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया, लेकिन सुमित ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस घटना की जानकारी अस्पताल के द्वारा पुलिस को दी गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सुमित के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हत्या और हादसा दोनों पहलू को ध्यान में रखकर मामले की छानबीन की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का खुलासा हो सकता है।

# गोपाल राय ने यूपी परिवहन मंत्री को लिखी चिट्ठी

## बॉर्डर पर आने वाले गैर-नियत वाहनों को किया जाए डायवर्ट

नई दिल्ली। प्रदूषण के चलते दिल्ली में दूसरे राज्यों से आने वाले ट्रकों की एंट्री पर रोक है। ऐसे में एक तरफ जहां दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने दिल्ली के बॉर्डरों का दौरा किया। तो वहीं अब पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने उत्तर प्रदेश परिवहन मंत्री को चिट्ठी लिखी है।



दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने यूपी के परिवहन मंत्री को चिट्ठी लिख कर कहा कि उनसे यह सुनिश्चित करने के लिए संबंधितों को निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया है कि सभी गैर-नियत वाहनों को दिल्ली सीमा से पहले उनके एंट्री प्वाइंट पर पूर्वी और पश्चिमी पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के माध्यम से डायवर्ट किया जाना चाहिए।

### दिल्ली के मंत्रियों ने किया था कई बॉर्डरों का दौरा

जानकारी के लिए बता दें कि बीती रात दिल्ली सरकार के कई मंत्री दिल्ली के विभिन्न बॉर्डरों पर निरीक्षण करने पहुंचे थे। ट्रकों की जांच की। संघू, गाजीपुर और गुरुग्राम बॉर्डर पर दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने वाहनों की जांच की। दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने दिल्ली-गुरुग्राम बॉर्डर पर वाहनों की जांच की। तो वहीं आतिशी आधी रात को गाजीपुर बॉर्डर पर पहुंची थीं।

### ऑड-ईवन नियम लागू नहीं होगा

इसके अलावा दिल्ली में 13 नवंबर से ऑड-ईवन नियम लागू नहीं किया जाएगा।
दिल्ली में कल रात से हुई बारिश से हवा साफ होने के बाद ऑड-ईवन नियम लागू करने के फैसले को दिल्ली सरकार ने फिलहाल के लिए स्थगित कर दिया है।
दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि अगर आगे स्थिति गंभीर होती है तो इस पर फिर से विचार किया जाएगा।
इससे पहले दिल्ली सरकार ने ऑड-ईवन को सही बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया था। सरकार ने एक वैज्ञानिक अध्ययन का हवाला देते हुए कहा कि इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। सरकार ने बताया कि इससे सड़कों पर भीड़भाड़ कम हुई है।

# खेत में पराली जला रहे थे किसान, पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। राजधानी में वायु प्रदूषण के स्तर में अधिकतर हिस्सेदारी पराली के धुएं की है। ऐसे में सरकार से लेकर प्रशासन तक इसकी रोकथाम को लेकर सख्त है। इसके बावजूद दिल्ली में भी पराली जलाने के मामले सामने आए हैं। पुलिसकर्मियों ने गश्त के दौरान झटीकरा गांव के एक खेत में पराली जलते हुए देखा। पुलिस ने खेत मालिक से पूछताछ की और पराली जलाने की बात स्वीकार करने के बाद पुलिस ने उनके खिलाफ सरकारी आदेश का उल्लंघन करने, वायुमंडल को दूषित करने और प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले पर कार्रवाई करते हुए खेत मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि जमानती धारा होने की वजह से उन्हें थाने से ही जमानत दे दी गई है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह छावला थाने की पुलिस को झटीकरा गांव के एक खेत में पराली जलाने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम खेत पर पहुंची। पुलिस टीम ने देखा कि खेतों में पराली जल रही है। जिसकी वजह से काफी धुआं निकल रहा था। जिससे आसपास के इलाके में प्रदूषण फैल रहा था। पुलिस ने तुरंत दमकलकर्मियों को मौके पर बुलाकर आग पर काबू पाया।

# राउज एवेन्यू कोर्ट से मनीष सिसोदिया को मिली राहत

## बीमार पत्नी से मिलने की दी इजाजत

नई दिल्ली। राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व डिप्टी सीएम और आप नेता मनीष सिसोदिया को कल 11 नवंबर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अपनी बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत दे दी है। सिसोदिया ने एक आवेदन दायर कर हिरासत में रहते हुए अपनी बीमार पत्नी से पांच दिनों की अवधि के लिए मिलने की अनुमति मांगी थी।

विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने आज सिसोदिया की अर्जी पर सुनवाई की। कोर्ट दिल्ली एक्साइज पॉलिसी से जुड़े सीबीआई और ईडी के मामलों की सुनवाई कर रही है। पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया सीबीआई के साथ-साथ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी आरोपी हैं। दोनों मामलों में सिसोदिया और अन्य आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है।

हाल ही में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उनकी पिछली जमानत अर्जी हाई कोर्ट के साथ-साथ ट्रायल कोर्ट ने भी खारिज कर दी थी। हालांकि जून में उच्च न्यायालय ने उन्हें हिरासत में अपनी पत्नी से मिलने की अनुमति दे दी थी।

दिल्ली एक्साइज पॉलिसी मामले में आप सांसद संजय सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है। वह न्यायिक हिरासत में हैं और शुक्रवार को संबंधित अदालत में सिसोदिया को पेश किया गया। इस मामले में ईडी ने 9 मार्च को सिसोदिया को गिरफ्तार किया था।

### ई - रिक्शा ने बच्ची को कुचला, मौत

नोएडा। पानी की सप्लाई करने वाले ई-रिक्शा की टक्कर से आठ वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बच्ची के पिता ने सेक्टर 63 थाने में आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। छीजारसी कॉलोनी के रहने वाले अकरम अंसारी ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी साजिया परवीन 8 नवंबर को शाम करीब 4 बजे घर के बाहर खेल रही थी। तभी पानी ले जाने वाले ई-रिक्शा के चालक फरीद ने लापरवाही से रिक्शा चलाते हुए उनकी बेटी को टक्कर मार दी। इससे उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में पीड़ित की दी गई शिकायत दर्ज कर ली गई है। पुलिस की टीम आरोपी ई-रिक्शा चालक की तलाश में जुटी हुई है।

# दिल्ली में एक हजार से अधिक घाटों पर होगी छठ पूजा

## महापर्व की तैयारी को लेकर सरकार सक्रिय

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने छठ महापर्व को लेकर तैयारी तेज कर दी है। राजस्व मंत्री आतिशी ने सभी जिलाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिए कि अंतिम समय की अफरातफरी से बचने के लिए अभी से ही छठ महापर्व को लेकर सभी जरूरी तैयारी शुरू कर दी जाए। दिल्ली सरकार की मंशा है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। दिल्ली सरकार ने इस साल भी एक हजार से अधिक स्थानों पर छठ पूजा की व्यवस्था करने का निर्णय लिया है।

मंत्री आतिशी ने कहा कि छठ महापर्व लाखों श्रद्धालुओं के आस्था का त्योहार है। इसके मद्देनजर यह त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनवाने और श्रद्धालुओं को बिना किसी परेशानी के छठी मईया की उपासना कराने के लिए दिल्ली सरकार ये सुनिश्चित कर रही है




कि इसकी तैयारी में कोई कमी न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी जिलाधिकारी अपने जिलों में चिन्हित घाटों पर सभी जरूरी व्यवस्था करें। स्थानीय छठ पूजा समितियों के साथ बैठकें करना शुरू कर पूजा के सफल आयोजन के लिए उनके सुझाव लें और उसके अनुसार तैयारी करें।

उन्होंने अधिकारियों को छठ घाटों पर साफ-सफई का विशेष ध्यान रखने का भी निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए कुछ विशेष स्थानों पर छठ घाटों का आकार भी बढ़ाया जाए। दिल्ली सरकार ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरी दिल्ली में एक हजार से अधिक छठ घाट तैयार कराने का निर्णय लिया है। इन घाटों पर साफ पानी, टेंट, बिजली, शौचालय, सुरक्षा, मेडिकल सुविधा, पॉवर बैकअप सहित अन्य सभी जरूरी व्यवस्था मुहैया की जाएगी। कई घाटों पर मैथली-भोजपुरी अकादमी की ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

# 55 मेट्रो स्टेशन से मिलेगी ट्रेड फेयर की टिकट

नई दिल्ली। प्रगति मैदान में 14 नवंबर से 27 नवंबर तक चलने वाले भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (ट्रेड फेयर) की तैयारियां पूरी हो गई हैं। ऐसे में दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। इस बार आयोजन के लिए दिल्ली मेट्रो के 55 चयनित मेट्रो स्टेशनों पर प्रवेश के लिए टिकट मिलेंगे। स्टेशनों में 14 से 18 नवंबर को बिजनेस डेज की टिकट मंगलवार से मिलेंगी। जरनल पब्लिक डेज (19 से 27 नवंबर) के लिए 19 नवंबर से प्रवेश टिकट सुबह नौ बजे से शाम को चार बजे तक खरीदा जा सकता है।
ट्रेड फेयर में सुगम आवाजाही के लिए और भीड़भाड़ न हो इसे देखते हुए प्रगति मैदान के सबसे करीब स्थित सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर ट्रेड फेयर का टिकट नहीं मिलेगा। यहां इस बार



ट्रेड फेयर का टिकट बिक्री नहीं करने का निर्णय डीएमआरसी की तरफ से लिया गया है।
भीड़ अधिक होने की स्थिति में पार्किंग को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।
ऐसे में आईटीपीओ ने अधिकाधिक लोगों को मेट्रो से आने की अपील की है। मेट्रो से आने वाले लोगों के लिए गेट नंबर 10 से प्रवेश मिलेगा। डीएमआरसी ने कहा है कि मेले के दौरान आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए, आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त टिकट काउंटर, गार्ड, अधिकारी और कर्मचारी विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन और कुछ अन्य प्रमुख स्टेशनों पर भी तैनात किए जाएंगे।

### इन मेट्रो स्टेशनों पर उपलब्ध होगा टिकट

रेड लाइन : शहीद स्थल (नया बस अड्डा), दिलशाद गार्डन, शाहदरा, इंद्रलोक, नेताजी सुभाष प्लेस, रोहिणी पश्चिम, रिठाला।
यलो लाइन : समयपुर बादली, जहांगीर पुरी, आजादपुर, गुरु तेग बहादुर नगर, नई दिल्ली, राजीव चौक, केंद्रीय सचिवालय, दिल्ली हाट आईएनए, साकेत, सिकंदरपुर, मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम।
ब्लू लाइन : नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी, सेक्टर-52 नोएडा, नोएडा सिटी सेंटर, इंद्रप्रस्थ, मंडी हाउस, बाराखंबा, करोल बाग, कीर्ति नगर, राजौरी गार्डन, तिलक नगर, उत्तम नगर पूर्व, द्वारका मोड़, द्वारका, वैशाली, आनंद विहार आईएसबीटी, कड़कड़डूमा, लक्ष्मी नगर।
ग्रीन लाइन : पंजाबी बाग, मुंडका, ब्रिगेडियर, होशियार सिंह।
वायलेट लाइन : कश्मीरी गेट, दिल्ली गेट, आईटीओ, लाजपत नगर, कालकाजी मंदिर, बदरपुर बॉर्डर, राजा नाहर सिंह बल्लभगढ़।
पिंक लाइन : मजलिस पार्क, सरोजिनी नगर, मयूर विहार-1, वेलकम, शिव विहार।
मैजेंटा लाइन : जनक पुरी पश्चिम, मुनिरका, हौज खास, बॉटनिकल गार्डन।
ग्रे लाइन : ढांसा बस स्टैंड।
एयरपोर्ट लाइन : द्वारका सेक्टर-21।

# कुत्ते से कटवाने और मारपीट के मामले में चार गिरफ्तार

एजेंसी

नोएडा। नोएडा के याकूबपुर गांव में तीन लोगों को पहले बुरी तरह पीटने और बाद में कुत्ते से कटवाने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान हरेन्द्र भाटी, दीपक, आशीष और सुधीर हुई है।

पीड़ित पंडित चुन्नी लाल शर्मा ने बताया कि उनका बेटा, पोता और भाई आठ नवंबर को सीसी रोड गली नंबर-17 ग्राम याकूबपुर थाना फेस 2 नोएडा से अपनी मोटरसाइकिल से अपने घर इलाहाबास जा रहे थे। सीसी रोड गली न0-17 ग्राम याकूबपुर जो नई बने होने के कारण रास्ता बांस बल्ली आदि से बंद किया गया था। पीड़ित ने बास बल्ली को हटाया और वहां से जाने लगा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। जिसमें आरोपियों ने पीड़ित पक्ष के तीन लोगों को बुरी तरह से पीटा। उनके साथ गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी दी।

यही नहीं अपने पालतू कुत्ते से कटवा दिया। गंभीर रूप से घाल लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया। जिसमें एक को एम्स रेफर किया गया। फिलहाल तीनों की हालत अब ठीक है।

पीड़ित के पिता ने इस मामले में कोतवाली फेज-2 में शिकायत की। मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। चारो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### जीडीए जरूरत पड़ने पर पानी का टेंकर भेजेगा

गाजियाबाद। जीडीए ने त्यौहारों पर जरूरत के अनुसार पानी का टेंकर भेजने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए प्राधिकरण ने अधिकारियों की नियुक्त भी कर रखी है, ताकि लोगों को पानी की दिक्कत न हो सके। हालांकि इंदिरापुरम में प्रेशर से पानी की सप्लाई नहीं होने की लोग शिकायत कर रहे हैं।सिंचाई विभाग ने 12 नवंबर तक गंगनहर बंद कर दी है। इस कारण ट्रांसहिंडन के इंदिरापुरम में पानी की सप्लाई जीडीए कर रहा है। ऐसे में रोजाना केवल दो घंटे यानी सुबह सात से नौ बजे तक ही पानी की सप्लाई की जा रही है। इस कारण इंदिरापुरम क्षेत्र में पानी का प्रेशर नहीं पहुंच रहा है। जीडीए अधिशासी अभियंता प्रशांत गौतम ने बताया कि प्राधिकरण पानी की सप्लाई लगातार कर रहा है, इसके बाद भी लोगों को कही पानी की जरूरत होती है तो टेंकर की व्यवस्था कराई जा रही है। इसके लिए प्राधिकरण ने अधिकारियों की नियुक्त कर रखी है।

# बारिश की वजह से हटी आसमान में छाई स्मॉग की मोटी चादर

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बारिश व हवा की गति बढ़ने से शुक्रवार को वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज की गई। देर रात से शुरू हुई बारिश से आसमान में छाई स्मॉग की मोटी चादर हट गई। सुबह हल्का कोहरा देखने को मिला। प्रदूषण का स्तर गिरने से लोगों को आंखों में जलन व सांस लेने में हो रही परेशानी से थोड़ी राहत मिली। डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में सबसे कम वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 190 दर्ज किया गया। इसके बाद आया नगर दूसरा ऐसा इलाका रहा, जहां एक्यूआई 198 दर्ज किया गया। यह मध्यम श्रेणी है। सबसे अधिक शादीपुर व जहांगीरपुरी में एक्यूआई 316 रहा। दिल्ली के अधिकतर इलाकों हवा खराब श्रेणी में दर्ज की गई।
केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को शादीपुर के साथ 11 इलाकों में वायु सूचकांक 300 के पार दर्ज किया गया।
इनमें जहांगीरपुरी में 316, जेएलएन में 314, बवाना में 312, न्यू मोती बाग व मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 311, आईटीओ में 309, आनंद विहार व वजीरपुर में 305 एक्यूआई दर्ज किया गया। यह बेहद खराब श्रेणी है। मौसमी बदलाव के चलते अधिकतर इलाकों में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज की गई।
शुक्रवार को कुल 21 इलाकों में हवा खराब रही। इसमें आरके पुरम में 289, मंदिर मार्ग में 286, श्रेणी फोर्ट में 284, नेहरु नगर व अलीपुर में 283, ओखला में 281, नॉर्थ कैंपस में 274, डीटीयू में 270, द्वारका में 258, एनएसआईटी द्वारका में 266 समेत कई इलाकों में एक्यूआई खराब श्रेणी में दर्ज किया गया।

# नोएडा में पांच जगहों पर एफओबी बनने का रास्ता साफ

## पीपीपी मॉडल पर फुटओवर ब्रिज बनाने को फाइनेंशियल बिड खुली


गौतम बुद्ध नगर। लंबे इंतजार के बाद ग्रेटर नोएडा में फुटओवर ब्रिज बनाने का रास्ता साफ हो गया है। प्राधिकरण ने कुल 8 जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनाने के लिए टेंडर जारी किया था। जिसमें से 5 जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनाने वाली कंपनियों का चयन कर लिया गया है। तीन और जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनाने के लिए दोबारा टेंडर होगा। पीपीपी के अंतर्गत डीबीएफओटी (डिजाइन, बिल्ट, फंड, ऑपरेट एंड ट्रांसफर) के पैटर्न पर बनने वाले इन पांच फुटओवर ब्रिज से प्राधिकरण को हर माह करीब 9 लाख रुपये की आमदनी होगी।
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने एफओबी बनाने के लिए कुछ और लोकेशनों को चिंहित करने के निर्देश दिए। साथ ही





पीपीपी मॉडल पर ही कुछ और विकास परियोजनाएं लाकर मासिक आमदनी को 50 लाख रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य दिया है। इस रकम को स्वच्छता व शहर के रखरखाव पर खर्च किया जाएगा।
प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा को तीन जोन में बांटते हुए कुल 8 जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनाने के लिए टेंडर जारी किया था। ये फुटओवर ब्रिज ग्रेटर नोएडा में सूरजपुर-कासना रोड पर कैलाश अस्पताल के सामने, गामा शापिंग कॉम्प्लेक्स के सामने, ओमेगा शापिंग कॉम्प्लेक्स, दुर्गा टाकीज जंक्शन, कलेक्ट्रेट के सामने, ग्रेनो वेस्ट में एक मूर्ति गोलचक्कर, निराला एस्टेट टाउनशिप के सामने और सुपरटेक इकोविलेज के सामने बनने हैं।
बुधवार को तीनों जोन के 8 एफओबी बनाने के लिए जारी टेंडर की फाइनेंशियल बिड खुली। इन 8 में से पांच जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनाने के लिए कंपनियों का चयन कर लिया गया है। ये पांच फुटओवर ब्रिज ग्रेटर नोएडा में सूरजपुर-कासना रोड पर कैलाश अस्पताल के सामने, गामा शापिंग कॉम्प्लेक्स और ग्रेनो वेस्ट में एक मूर्ति गोलचक्कर, निराला एस्टेट टाउनशिप के सामने और सुपरटेक ईकोविलेज के सामने बनेंगे। इन फुटओवर ब्रिज की डिजाइन, कंस्ट्रक्शन और कंप्लीशन का परीक्षण आईआईटी से कराया जाएगा। इन सभी फब में सीढ़ी और लिफ्ट का प्रावधान किया गया है।
वहीं ओमेगा शापिंग कॉम्प्लेक्स, दुर्गा टाकीज जंक्शन, कलेक्ट्रेट के सामने के फुटओवर ब्रिज को बनवाने के टेंडर के फाइनेंशियल बिड में सिर्फ दो ही कंपनियां क्वालीफाई कर सकी हैं। इसलिए इनकी फाइनेंशियल बिड नहीं खुली।
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण इन फुटओवर ब्रिज बनाने के लिए दोबारा टेंडर जारी करेगा। इन सभी जगहों पर राहगीरों की आवाजाही बहुत है। फुटओवर ब्रिज बनने से बड़ी राहत मिल जाएगी।

### गौतम बुद्ध नगर में सफाई कर्मियों की हड़ताल



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में सफाई कर्मियों की हड़ताल की वजह से सेक्टर में गंदगी का अंबार लगा हुआ पड़ा है ।इसकी वजह से सेक्टरवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दीपावली पर इस तरह की गंदगी के चलते सेक्टर वासी काफी परेशान है और उन्होंने जल्द से जल्द प्राधिकरण से कूड़े को उठवाने की मांग की है। इस मौके पर ग्रेटर नोएडा फेडरेशन ऑफ आर डब्लू ऐज के उपाध्यक्ष आलोक नागर ने बताया कि दीवाली के समय पर जहां एक तरफ पूरे देश में और सभी ग्रेटर नोएडा शहरवासी अपने-अपने घरों में या अपने मिष्ठानों पर सफाई अभियान चलाया हुए हैं तो वहीं दूसरी तरफ ग्रेटर नोएडा में कूड़े और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। हालत यह हो गई है कि जहां देखो, वहां कूड़े का ढेर लगा हुआ है। पिछले 4 दिन से ना झाड़ू लग रही है ,ना घर की गार्बेज उठ रही है ।जिसके कारण सेक्टर की स्थिति खराब है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। पिछले कई महीनों से ग्रेटर नोएडा के सफाई कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला। इसी वजह से कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी। अब प्राधिकरण और ठेकेदारों की लापरवाही निवासियों व सफाई कर्मचारियों पर भारी पड़ गई। आलोक नागर ने बताया कि प्राधिकरण के द्वारा शहर में घोर लापरवाही बढ़ती जा रही है। सफाई कर्मी हड़ताल पर है और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण हाथ पे हाथ धरे बैठा हुआ है। आए दिन सफाई कर्मी हड़ताल पर रहते हैं कोई स्थाई समाधान इनका नहीं होता है। जिसकी वजह से शहर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। अगर जल्द ही समाधान नहीं होता है तो शहर वासी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर हल्ला बोल प्रदर्शन करेंगे।

## संपादकीय



# सांसदों-विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले

दागी जनप्रतिनिधियों के मुकदमों के निपटारे को लेकर अक्सर सवाल उठने के बावजूद इस दिशा में कोई ठोस व्यवस्था नहीं बन सकी है। संसद और विधानसभाओं को आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों से मुक्त करने के लिए बातें करने में शायद ही कभी कमी की गई हो, मगर जमीनी स्तर पर क्या किया गया है, वह विधायिका में ऐसे प्रतिनिधियों की मौजूदगी से पता चलता है। हालत यह है कि ऐसे नुमाइंदों पर जो मुकदमे चलते रहते हैं, उनकी सुनवाई की रफ्तार भी ऐसी होती है कि वर्षों तक उनके सांसद या विधायक बने रहने की स्थिति पर आंच नहीं आती। ऐसे दागी जनप्रतिनिधियों के मुकदमों के निपटारे को लेकर अक्सर सवाल उठने के बावजूद इस दिशा में कोई ठोस व्यवस्था नहीं बन सकी है। हालांकि इस मसले पर सर्वोच्च न्यायालय पहले भी चिंता जता चुका है, मगर गुरुवार को अदालत ने फिर इसे लेकर सख्त रुख अख्तियार किया और सांसदों-विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले के जल्द निपटारे पर कई दिशानिर्देश जारी किए। यों शीर्ष अदालत ने निचली अदालतों को एक जैसा दिशानिर्देश देने को मुश्किल बताया, लेकिन यह साफ कहा कि ऐसे मामलों के लिए उच्च न्यायालयों में एक विशेष पीठ गठित की जाए; निचली अदालतें सांसदों-विधायकों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों की निगरानी के लिए स्वतः संज्ञान लें। दरअसल, ऐसे ज्यादातर मामलों में लेटलतीफी देखी जाती रही है और कई बार इसका मजबूत कारण नहीं होता है। इच्छाशक्ति के अभाव में मुकदमे लंबे समय तक लटकते रहते हैं। अब सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हाई कोर्ट आपराधिक मामलों में सांसदों-विधायकों के खिलाफ मुकदमों की स्थिति पर रिपोर्ट के लिए विशेष निचली अदालतों को बुला सकते हैं। इसके अलावा, केवल दुर्लभ कारणों को छोड़ कर संसद सदस्यों, विधायकों के खिलाफ मामलों की सुनवाई स्थगित नहीं की जाएगी। इस क्रम में पर्याप्त बुनियादी ढांचा और तकनीकी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। कहा जा सकता है कि इस समस्या को लेकर लंबे समय से सिर्फ चिंता जताने से आगे अब सुप्रीम कोर्ट के ये निर्देश समाधान की ओर बढ़ते कदम हैं। लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि सरकार और संबंधित महकमे इन दिशानिर्देशों पर अमल के लिए कितनी इच्छाशक्ति रखते हैं। अपराध की दुनिया से चल कर संसद और विधानसभाओं में पहुंचने वाले लोगों की वजह से समूची व्यवस्था के दूषित होने को लेकर जताई जाने वाली चिंता के समांतर एक सवाल यह है कि इस प्रवृत्ति को खत्म करने के लिए जमीनी स्तर पर क्या किया जा रहा है। देश की राजनीति में हाथ आजमा कर संसद और विधानसभाओं में पहुंचने वाले आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों के आंकड़े अक्सर सामने आते रहते हैं। ज्यादा दिन नहीं बीते हैं, जब एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स यानी एडीआर ने अपनी एक रपट में बताया था कि करीब चालीस फीसद मौजूदा सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप वाले मामलों की संख्या पच्चीस फीसद है। उच्चतम न्यायालय की ताजा सख्ती के बाद अगर कोई ठोस पहलकदमी होती है, एक व्यवस्था बनती है तो इनसे संबंधित मुकदमों का त्वरित निपटारा हो सकता है। मगर सवाल है कि अपराधों में लिप्त रहने के स्पष्ट आरोपों के बावजूद सांसद या विधायक बनने के लिए चुनाव लड़ने की इजाजत से संबंधित नियम-कायदों के रहते इस समस्या से कैसे पार पाया जा सकेगा! हत्या या बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों के कई आरोपी बाकायदा किसी मुख्यधारा की पार्टी से टिकट लेते हैं, नामांकन के दौरान स्पष्ट घोषणा के साथ चुनाव लड़ते हैं, लेकिन उन्हें राजनीतिक दलों से लेकर चुनाव आयोग तक की ओर से रोका नहीं जा पाता। जाहिर है, आपराधिक छवि के लोगों को चुनाव लड़ने से रोकने को लेकर स्पष्ट नियम-कायदे तय किए बिना संसद और विधानसभाओं को दागी नुमाइंदों से मुक्त करना मुश्किल बना रहेगा।

# तपेदिक से हर साल भारत में लाखों लोगों की हो रही मौत

डब्लूएचओ की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि टीबी से निपटने के वैश्विक प्रयासों से सन 2000 के बाद से अब तक साढ़े सात करोड़ से ज्यादा लोगों की जान बचाई गई है।

दुनिया भर में तपेदिक यानी क्षयरोग या टीबी को जड़-मूल से खत्म करने के लिए कई दशकों से बहुस्तरीय प्रयास चल रहे हैं। टीबी के खिलाफ पहला अभियान 1995 में शुरू हुआ था, लेकिन इतना लंबा वक्त बीत जाने के बावजूद आज भी लाखों लोग इस गंभीर बीमारी की चपेट में आ रहे हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से मंगलवार को जारी एक सौ बानबे देशों और क्षेत्रों के आंकड़ों पर आधारित विश्व तपेदिक रिपोर्ट, 2023 में यह तथ्य उजागर हुआ है कि वैश्विक स्तर पर 2022 में करीब एक करोड़ छह लाख लोग टीबी से बीमार पड़े। यानी 2021 के मुकाबले इस आंकड़े में तीन लाख की बढ़ोतरी हुई।

यह सही है कि इस दौरान कोरोना महामारी की वजह से लगभग समूचा चिकित्सा तंत्र इसके शिकार रोगियों की देखभाल में लगा था और इसका टीबी से संबंधित सेवाओं पर काफी हद तक विपरीत असर पड़ा था। हालात के संभलने के बाद फिर से इस ओर ध्यान देना संभव हो सका। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हाल के महीनों में दुनिया भर में टीबी की जांच और उपचार संबंधी सेवाओं में व्यापक सुधार हुआ है और इसके नतीजे जमीनी स्तर पर देखने में आए हैं।

यह जगजाहिर रहा है कि जब तक इस बीमारी का इलाज नहीं खोजा जा सका था, तब तक दुनिया के तमाम हिस्से में लोग इसकी चपेट में आकर मरते रहे। इसके रोगियों को यह पता भी नहीं चल पाता था कि यह कौन-सी बीमारी है और इसे ठीक कैसे किया जाए। लेकिन चिकित्सा विज्ञान के विकास के साथ इसका इलाज खोजा गया और अब हर वर्ष लाखों लोगों को इससे बचाया जा रहा है।

डब्लूएचओ की रिपोर्ट में भी बताया गया है कि टीबी से निपटने के वैश्विक प्रयासों से सन 2000 के बाद से अब तक साढ़े सात करोड़ से ज्यादा लोगों की जान बचाई गई है। इसके बावजूद यह अफसोस की बात है कि अब भी इस जटिल बीमारी के उन्मूलन में कोई बड़ी कामयाबी नहीं मिल सकी है और यह दुनिया का दूसरा प्रमुख 'संक्रामक हत्यारा' बना हुआ है। खासतौर पर दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीकी देशों में स्थिति अब भी ऐसी है, जिसे चिंताजनक कहा जा सकता है।

यह स्थिति तब है, जब चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में लगातार प्रगति हुई, जटिल रोगों का पता चलने के बाद उनके इलाज भी खोजे गए। टीबी एक ऐसी बीमारी है, जो गंभीर और जटिल, बल्कि बिगड़ जाने पर जानलेवा भी है। कुछ साल पहले तक भारत में हर साल टीबी से पांच लाख लोगों की मौत हो जाती थी। अब भी इससे सालाना तीन से चार लाख के बीच लोगों की जान चली जाती है।

सवाल है कि आज तपेदिक का कारगर इलाज होने के बावजूद अगर इतनी बड़ी तादाद में लोग इसके शिकार हो रहे हैं तो इसका क्या कारण हो सकता है। किसी भी बीमारी के इलाज के समांतर यह पहलू ज्यादा महत्त्वपूर्ण होता है कि खानपान से लेकर रहन-सहन में कमी या गड़बड़ी तक उसके तमाम कारणों को दूर करने या उससे बचने के ठोस उपाय किए जाएं।

सही है कि भारत में पहले के मुकाबले तपेदिक के मामलों में कमी आई है और लोग अपने स्तर पर भी इसके बचाव को लेकर जागरूक हो रहे हैं। मगर आज भी जितनी बड़ी तादाद में लोग इसके शिकार हो रहे हैं, उसे देखते हुए यह आशंका लाजिमी है कि भारत में 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य कैसे हासिल किया जा सकेगा!

# बागियों के भंवर में फंसी राजस्थान भाजपा



रमेश सर्राफ धमोरा




राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव के वोट डाले जाएंगे। प्रदेश में राज बदलने के प्रयास में लगी भाजपा में बड़ी संख्या में बागी प्रत्याशियों के मैदान में उतरने से पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के सामने संकट पैदा हो रहा है। राजस्थान में भाजपा ने इस बार बड़ी संख्या में मौजूदा विधायकों, पूर्व विधायकों व पिछले विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रह चुके लोगों के टिकट काटकर उनके स्थान पर नए चेहरों को मैदान में उतारा है। भाजपा ने दूसरे दलों से आये दलबदलुओं को भी बड़ी संख्या में टिकट देकर उपकृत किया है। जिससे पार्टी में बगावत तेज हो गई है।

अपनी टिकट कटने से नाराज भाजपा सरकार में मंत्री रहे तीन बड़े नेताओं ने पार्टी से बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अपने नामांकन पत्र दाखिल कर दिए हैं। इससे भाजपा प्रत्याशियों के समक्ष संकट व्याप्त हो गया है। वसुंधरा राजे के खासमखास रहे पूर्व मंत्री यूनुस खान ने डीडवाना, बंशीधर बाजिया ने खंडेला व कैलाश मेघवाल ने शाहपुरा से निर्दलिय ताल ठोक दी है। हालांकि कैलाश मेघवाल को कुछ दिनों पूर्व ही पार्टी से निष्कासित किया जा चुका है। इसके अलावा भाजपा में डग विधानसभा से पूर्व विधायक रामचंद्र सुनारीवाल, सांचौर सीट पर जालौर के सांसद देवजी पटेल के सामने पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी, चित्तौड़गढ़ सीट पर विद्याधर नगर से मौजूदा विधायक व पूर्व मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी के सामने चित्तौड़गढ़ के मौजूदा विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने नामांकन दाखिल कर दिया है।

बाड़मेर से पूर्व मंत्री गंगाराम चौधरी की पोती प्रियंका चौधरी ने बगावत कर दी है। प्रियंका चौधरी पिछली बार पार्टी की प्रत्याशी रही थी। मगर पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के नजदीकी होने के चलते हैं उनकी टिकट काट दी गई है। सूरतगढ़ सीट से पूर्व विधायक राजेंद्र भादू, बयाना से पूर्व प्रत्याशी रितु बनावत ने ताल ठोक दी है। रितु बनावत के पति ऋषि बंसल को भरतपुर के जिला अध्यक्ष पद से हटा दिया गया हैं। बंसल पूर्व में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

कोटा जिले की लाडपुरा सीट पर तीन बार विधायक रह चुके भवानी सिंह राजावत ने दूसरी बार टिकट नहीं मिलने पर मैदान में ताल ठोक दी हैं। 2018 में भवानी सिंह राजावत का टिकट काटकर कोटा राजघराने की कल्पना देवी को भाजपा प्रत्याशी बनाया था। इस बार फिर लाडपुरा विधायक कल्पना देवी को ही प्रत्याशी बनाया गया है। इससे नाराज होकर भवानी सिंह राजावत ने निर्दलिय फॉर्म भर दिया है। झुंझुनू विधानसभा सीट पर पिछली बार भाजपा के प्रत्याशी रहे राजेंद्र भाम्भू के स्थान पर 2018 के चुनाव में निर्दलीय चुनाव लड़े निषित कुमार को टिकट देने से नाराज होकर राजेंद्र भाम्भू निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतर गए हैं।

पिलानी विधानसभा सीट पर सात बार विधायक व मंत्री रहे सुंदरलाल के पुत्र कैलाश मेघवाल का टिकट काट देने से उन्होंने भी पार्टी से बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में फॉर्म भर दिया है। कैलाश मेघवाल पिछले विधानसभा चुनाव में पिलानी से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव हार गए थे। सीकर सीट पर भाजपा के मौजूदा उप जिला प्रमुख ताराचंद घायल ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में फॉर्म भर दिया है। फतेहपुर सीट पर नगर पालिका अध्यक्ष रह चुके मधुसूदन भिंडा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन फॉर्म भरा है।

कोटपूतली सीट पर पिछली बार के प्रत्याशी मुकेश गोयल, लूणकरणसर से प्रभूदयाल सारस्वत, सुजानगढ़ से राजेंदर नायक, मकराना से हिम्मत सिंह राजपुरोहित, सवाई माधोपुर से आशा मीणा, संगरिया से गुलाब सींवर, मसूदा से जसवीर सिंह खरवा, बस्सी सीट पर भाजपा सरकार में राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त जितेंद्र मीणा ने निर्दलिय फॉर्म भरा है।

वहीं कपासन सीट पर राशमी पंचायत समिति प्रधान दिनेश बुनकर, गढ़ी सीट पर पूर्व प्रधान लक्ष्मण डिंडोर ने नामांकन फॉर्म भरकर भाजपा की धड़कनें बढ़ा दी है। मावली सीट पर भाजपा के कुलदीप सिंह चुंडावत ने पार्टी से बगावत कर आरएलपी से नामांकन भर दिया है। कुंभलगढ़ सीट पर भाजपा के नीरज सिंह राणावत, अनोप सिंह ने भी निर्दलीय नामांकन भरा है।

भाजपा ने चुनाव से पहले दूसरे दलों से दल-बदल कर आए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया को लक्ष्मणगढ़ से प्रत्याशी बनाया है जहां उनका मुकाबला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से होगा। कांग्रेस से सांसद रही ज्योति मिर्धा को भाजपा ने नागौर सीट पर मौजूदा विधायक सोहनलाल चौधरी का टिकट काटकर प्रत्याशी बनाया है। जहां उनका मुकाबला अपने ही चाचा व कांग्रेस प्रत्याशी हरेंद्र मिर्धा से होगा। ज्योति मिर्धा मारवाड़ के दिग्गज जाट नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पोती है। कोटपूतली से हंसराज पटेल, धौलपुर से डॉक्टर शिवचरण कुशवाहा, खंडेला से सुभाष मील, वल्लभनगर से उदयलाल डांगी, करौली से दर्शन सिंह गुर्जर बाड़ी से गिरिराज सिंह मलिंगा, सादुलपुर से सुमित्रा पूनिया को टिकट दिया गया है। सुमित्रा पूनिया कांग्रेस से भाजपा में आए पूर्व विधायक नंदलाल पूनिया के पुत्रवधू है।

टोडाभीम सीट से रामनिवास मीणा को टिकट दिया गया है। पूर्वी नहर परियोजना को लेकर रामनिवास मीणा लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं और क्षेत्र में पानी वाले बाबा के नाम से जाने जाते हैं। शाहपुरा से उपेंद्र यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। उपेन यादव राजस्थान बेरोजगार महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष है व पिछले लंबे समय से युवा बेरोजगारों की राजनीति कर रहे हैं।

भाजपा ने इस बार आदर्श नगर से अशोक परणामी, सिविल लाइन से अरुण चतुर्वेदी का भी टिकट काट दिया है। यह दोनों ही नेता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं तथा वसुंधरा राजे के करीबी माने जाते हैं। कहने को तो भाजपा में कई वसुंधरा समर्थकों को टिकट मिलने की बात की जा रही है। मगर जिस तरह से प्रहलाद गुंजल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समक्ष घुटने टेक कर टिकट प्राप्त किया है उससे तो यही लगता है कि अब नाम को ही वसुंधरा समर्थक रह गए हैं। बाकी जिनको भी पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है उन सब से पार्टी के नाम पर वादे करवाए गए हैं। हालांकि वसुंधरा राजे स्वयं झालरापाटन से चुनाव लड़ रही है। मगर उनके बहुत से कट्टर समर्थकों को चुनावी मैदान से दूर कर भाजपा ने उन को उनकी औकात दिखा दी है।

अनुशासन के लिए विख्यात भाजपा में इस बार जिस तरह से टिकटों की बंदरबांट हुई है तथा दलबदलुओं को हाथों हाथ टिकट दी गई है। उससे पार्टी का चाल, चरित्र व चेहरा बेनकाब हो गया है। भाजपा में जो लोग वर्षों से काम कर रहे थे उनको भी इससे बहुत निराशा हुई है। जिस तरह से पार्टी ने टिकट बांटे हैं उसे देखकर तो यही लगता है कि भाजपा को चुनावी मैदान में कड़े संघर्ष का सामना करना पड़ सकता है।

# प्रभु श्री राम के विराट सत् चरित्र के विजयी उजास का पवित्र वैश्विक पर्व दीपावली

सर्वप्रथम संपूर्ण देशवासियों दीपावली की अनंत बधाइयां एवं हार्दिक शुभकामनाएं।

दीपावली पर्व के आते-आते भव संसार में फैला तमस( गहन अंधकार) स्वमेव छटने लगता है, दीपावली के दिवस पर ना सिर्फ सुबह, दोपहर सूरज की रोशनी से दीप्त होते हैं, बल्कि दीपोत्सव की रात्रि भी मां धरती की सोंधी गंध से लिप्त पवित्र माटी से बने दीपको की रोशनी से आच्छादित होकर जगमगाने लगती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार दीपावली भगवान रामचंद्र जी 14 वर्षों के वनवास के बाद समस्त बुराइयों के प्रतीक रावण के वध के पश्चात अयोध्या लौटने पर इनका अयोध्या वासियों द्वारा घी की दीपमालाओं को नगर में कतार में लगाकर स्वागत किया गया था। राजा रामचंद्र जी सद्गुणों,अच्छाइयों, धैर्य,संयम और देव तुल्य सद्गुणों के न सिर्फ प्रतीक माने जाते हैं बल्कि स्वयं सिद्ध देवता भी हैं, जिन्होंने संपूर्ण जगत को रावण जैसी अनंत बुराइयों से मुक्त कराया था। आज उसी परंपरा पारीपाटी कों शिरोधार्य करते हुए मेहनतकश कुम्हारों और मां धरती की मिट्टी से बने पवित्र दीपों से उद्दीप्त करके समस्त सद्गुणों को द्विगुणित करने के लिए यह त्यौहार समस्त ऊर्जा और उत्साह से मनाते हैं। जगत वासी एक दूसरे से मिलकर बुराइयों के प्रतीकों को नष्ट करने का संकल्प लेकर एक दूसरे का मुंह मीठा भी कराते हैं, एवं औपचारिक तौर पर एक-दूसरे को उपहार देने का उपक्रम भी किया जाता है। गहन तमस पर उजाले की जीत का पर्व ही दीपावली है। सही मायने में दीपावली में हमें अपने घरों को माटी के दीपों से उज्जवल इत कर अपने व्यक्तित्व को ज्ञान के दीप से उद्दीप्त करना चाहिए। ऋषि मुनि ऐसा कह गए हैं कि शरीर को एक दिन इसी माटी में मिल जाना है और व्यक्तित्व तथा मस्तिष्क के ज्ञान की जो अविरल धारा आपके जीवन में बहेगी वह अनवरत कई पीढ़ियों तक सुदीप्त होती रहेगी, मनुष्य का जीवन अत्यंत अनमोल है इसी तरह जीवन में प्रकाश भी चाहे वह दीपों से हो या ज्ञान से हो जीवन को प्रकाशमान करते रहना होगा। दीपावली मूलतः प्रकाश का त्यौहार है। पौराणिक कथाओं के अनुसार धन, समृद्धि, विघ्न हरण एवं ऐश्वर्य के प्रतीक भगवान गणेश एवं माता लक्ष्मी की श्रद्धा पूर्वक पूजा करते हैं एवं दीपावली के एक दिन पूर्व धनत्रयोदशी या धनतेरस अति शुभ माना जाता है। इस दिन लोग स्वर्ण अथवा रजत के आभूषण खरीदना अत्यंत शुभ लक्षण मानते हैं। इसके पीछे भी एक पौराणिक कथा है माना जाता है कि समुद्र मंथन के पश्चात लक्ष्मी जी की इसी दिन से उत्पत्ति हुई थी, इसीलिए इस दिन माता लक्ष्मी की पूजा धूमधाम से की जाती है। समुद्र मंथन से ही धनवंतरी जिन्हें औषधि विज्ञान का अविष्कारक माना जाता है की उत्पत्ति कार्तिक मास की त्रयोदशी मुहूर्त में हुई थी, इसीलिए धनवंतरी के नाम पर धनतेरस पर्व रखा गया है। पश्चिम बंगाल के लोग दीपावली को काली पूजा के रूप में मानते हैं वहां बड़े-बड़े एवं भव्य पंडालों के भीतर मां काली की प्रतिमा स्थापित की जाती है काली की पूजा के बाद वहां लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। सही मायने में दीपावली का अपना धार्मिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व है।

## आओ पवित्र माटी के दीप जलाएं

आइए मित्रों दीपावली उत्सव मनाएं,
खुशी, उल्लास,उमंग के दीप जलाएं।

गहन तामसिक कुरीतियों को दूर भगाएं,
माटी के दीपों से उजियारा फैलाएं।

पवित्र दीपों से प्रकाश की ज्योत जलाए,
दीप मालाओं से जग का अंधियारा मिटाएं।

तेरी मेरी उसकी बात ना हो कहीं,
प्रकाश से सामाजिक समरसता लाएं।

यह खुशियों का पावन त्यौहार है,
आओ अपनी खुशियों में चार चांद लगाएं।

बुराइयों पर अच्छाइयों की जीत का पावन पर्व है,

शुभ्रता को चारों दिशाओं में फैलाएं।
दिवाली भी, प्रकाश पर्व भी,ईद भी बड़ा दिन भी,

आओ शुभ मिलन के अनंत दीप जलाएं।
हार्दिक बधाइयां, आत्मीय शुभकामनाएं।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# लक्ष्मी जी को पूजिए , लक्ष्मी पुत्रों को भी सम्मान दीजिए



अशोक मधुप

दीपावली का माहौल है।इस अवसर पर हम घर की सफाई करते हैं।अंधकार को दूर करने के लिए दीप जलाते हैं। लक्ष्मी जी की पूजा करते हैं। लक्ष्मी की पूजा इसलिए करते हैं कि हमारे घर धन- संपदा से परिपूर्ण रहे। हमारे घर धन संपदा से भरपूर रहें, इसलिए लक्ष्मी जी की पूजा करते हैं।अपने शहर ,प्रदेश और देश के बारे में नही सोचते।हमें यह भी सोचना चाहिए कि कैसे हमारा शहर, प्रदेश और देश संपन्न हो।कैसे लक्ष्मी पुत्र उनमें कल कारखाने लगाकर विकास का रास्ता खोलें। कैसे अपने लोगों को रोजगार मिले। हम दीपावली पर लक्ष्मी जी की पूजा करते हैं,किंतु लक्ष्मी पुत्रों का निरादर करते हैं। जबकि लक्ष्मी के पुत्र देश और समाज को बनाने , उसके विकास करने में बड़ा योगदान करते हैं।दीपावली पर लक्ष्मी को पूजने के साथ-साथ हमें लक्ष्मी पुत्रों का सम्मान भी करें। लक्ष्मी पुत्रों का विश्व,देश और समाज के निर्माण में सदा बड़ा योगदान रहा है। उस योगदान को हम सभी को स्वीकारना चाहिए।उनका अपमान नही करना चाहिए।

हाल ही में देश के बड़े उद्योगपति और वेदान्ता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल की एक पोस्ट प्रसिद्ध हो रही है। इसमें पोस्ट में उन्होंने राष्ट्र के निर्माण में उद्योगपतियों की भूमिका पर प्रकाश डाला है।वह कहते हैं कि वे जब अमेरिका ,ब्रिटेन या जापान आदि किसी लोकतांत्रिक देश को देखते हैं, तो इस बात का अहसास करते हैं कि जहां राजनेता देश का नेतृत्व करते और उसे शक्तिशाली हैं, वहीं उद्यमी उस देश को बनाते हैं।वे अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहते हैं कि अमेरिका का निर्माण पांच उद्यमी रॉकफेलर,एंड्रयू कार्नेगी, जेपी मार्गन,फोर्ड और वेंडर बिल्ट ने किया।इस सभी उद्योगपतियों ने अधिकांश संपत्ति परोपकार के लिए दान कर दी। अमेरिका ,ब्रिटेन और जापान जैसे देशों का उदाहरण देते हुए वह कहतें हैं कि हमारे भारत में घरेलू उद्यमियों की भूमिका को कभी- कभी कम करके आंका जाता है।लेकिन देश के लिए वह जो कर सकतें हैं,वह कोई और नही कर सकता।वे विदेशी तकनीक और फंडों के साथ मजबूत गठजोड़ कर सकतें हैं। पोस्ट के अंत में वह कहते हैं कि अगर घरेलू उद्यमियों की कमाई होगी तो वह अमेरिकी उद्यमियों की तरह ही परोपकार के लिए अपनी कमाई का हिंस्सा दान कर सकेंगे।उनकी राय है कि सरकार को घरेलू कारोबारियों को अधिक सम्मान और मान्यता देनी चाहिए, जिससे उन्हें प्रोत्साहन मिले।उनकी धारणा है कि व्यापारी मुकदमें बाजी आडिट और लंबी सरकारी प्रक्रियाओं से डरते हैं।उद्यमियों पर भरोसा करना और लाभ देना महत्वपूर्ण है। प्रत्येक लोकतांत्रिक देश जो अमीर बना है,वह ऐसा इसलिए कर पाया कि क्योंकि उन्होंने उद्यमियों पर विश्वास रखा । उन्हें मान्यता दी और प्रेरित किया।

आज सरकारें राजनैतिक हित के लिए किसानों की ही बात करती हैं। उनके लाभ के बारे में सोचती हैं।उन्हें खेती में प्रयोग होने वाला कच्चा माल, बिजली, कीटनाशक सस्ते दाम पर उपलब्ध कराती हैं। उनकी फसल का न्यूनतम मूल्य निर्धारित करती हैं।क्या कोई प्रदेश या देश अकेले किसानों के बूते तरक्की कर सकता है। कभी नही।किसी देश के विकास में जितना योगदान किसान का है, उतनी ही व्यापारी का।इनके बराबर ही मजदूर का। किसी को भी कमतर नहीं किया जा सकता।

देश के विकास में प्रत्येक व्यापारी का योगदान है, चाहे वह छोटा हो या बड़ा। उनकी जरूरत और सुविधा का धयान रखा जाना चाहिए। सम्मान किया जाना चाहिए।किंतु ऐसा होता नही।हम व्यापारी को चोर और बेईमान बताने में लगे रहतें हैं।कांग्रेस के एक नेता का तो सदा आरोप रहता है कि प्रधानमंत्री एक व्यापारी को अपने साथ लिए घूमते हैं।वे ये नही देखते कि जिस व्यापारी को लेकर वह ये बात करते हैं,उनके देश में कितने कारखाने हैं। उन्होंने कितने करोड़ का निवेश किया हुआ है। कितने लाख लोगों का रोजगार दिया हुआ है।उनसे संपर्क बनाकर ,उन्हें सुविधाएं देकर हम देश का और कितना विकास कर सकतें हैं।

पिछले दिनों दिल्ली के आसपास चले किसान आंदोलन के दौरान तो व्यपारी को बड़े पैमाने पर चोर और बेईमान बताने का अभियान चला। मोबाइल टावरों पर तोड़फोड़ की गई।उद्योगों का घेराव किया गया। रास्तों पर धरना देकर आपूर्ति और माल की निकासी बाधित की गई। बंगाल में ममता दीदी द्वारा नेनों के सिंगूर में कारखाना लगने के स्थान पर दिए धरने का प्रभाव रहा कि वे मुख्यमंत्री तो बन गईं किंतु बंगाल के विकास का रास्ता अवरूद्ध कर गईं। 2008 में शुरू हुए विवाद के बाद से अब तक कोई भी बड़ा प्राइवेट उद्योग बंगाल में नही लगा।प्रदेश और देश के विकास के लिए उद्योगपतियों को सुविधा और सुरक्षित माहौल देना होगा।पिछले दिनों पंजाब में भी उद्योगों के विरूद्ध भी कुछ विपरीत सोच दिखाई दिया।परिणाम यह है कि आज व्यपारी वहां भी जाने से बच रहा है।

पुराने समय से व्यापारियों का विकास में योगदान रहा है।वे पहले से सड़क ,स्कूल और धर्मशालाएं बनवाते रहे हैं। अपितु राज गंवा चुके महाराणा प्रताप को अपनी सेना खड़ी करने के लिए भामाशाह ही मदद करते हैं। हल्दीघाटी के युद्ध के पश्चात महाराणा प्रताप जब अपने परिवार के साथ जंगलों में भटक रहे थे, तब भामाशाह ने उन्हें खोजकर अपनी सारी जमा पूंजी समर्पित कर दी। भामाशाह ने अपनी निजी सम्पत्ति में इतना धन दान दिया था कि जिससे 25000 सैनिकों का बारह वर्ष तक निर्वाह हो सकता था। भामाशाह से सहयोग से महाराणा प्रताप में नया उत्साह उत्पन्न हुआ। उन्होंने पुनः सैन्य शक्ति संगठित कर मुगल शासकों को पराजित करा और फिर से मेवाड़ का राज्य प्राप्त किया। भामाशाह का ये काम आज भी जारी है। देश के बड़े उद्योगपति रतन टाटा हर साल 1100 करोड़ रुपये डोनेट करते हैं। साल 2022 में सबसे बड़े दानवीर बनकर उभरे एचसीएल के फाउंडर शिव नादार ने पूरे वित्त वर्ष में 1161 करोड़ रुपये की बड़ी रकम दान की थी। यही बात विप्रो के स्वामी अजित प्रेम जी के बारे में प्रसिद्ध है। इस बड़े व्यापारी द्वारा जो काम बडे सतर पर हो रहा है, वही काम छोटे व्यापारी अपने स्तर पर करते हैं।

आज गुजरात के विकास का ये ही कारण है।अपने मुख्यमंत्री काल में नरेंद्र मोदी ने सिंगूर के विवाद के दौरान टाटा अकेले को गुजरात में कारखाना लगाने का आमंत्रण नही दिया, अपितु उनके माध्यम से अपृत्यक्ष रूप से अन्य उद्योगपतियों के भी गुजरात आने का रास्ता खोला। इसीका फल है कि गुजराज आज विकास के क्षेत्र में बहुत आगे हैं।यहीं काम आज उत्तर प्रदेश में हो रहा है।यहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में सुरक्षा का माहौल पैदा करने से व्यापारियों में विश्वास बढ़ा है। आज योगी जी के आहवान पर प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है।

हम अमेरिका गए हुए थे। क्रूज पर न्यूयार्क घूम रहे थे।क्रूज के चालक की उस समय की बात मैं आज तक नही भूला।उन्होंने कहा था कि वे जो विशाल भवन,बड़े उद्योग सामन देख रहे हैं। ये सब आपके -हमारे पूर्वजों की देन हैं।भारत, बंगला देश, पाकिस्तान,श्रीलंका अफ्रीका से आप से सब के पूर्वज यहां आए।उन्होंने ये सब खड़ा किया। ऐसा ही सब जगह है। किंतु भारत में हम देश को विकास में आगे बढ़ाने वाले व्यापारी को गाली देते हैं। कहते हैं कि बैंको का पैसा लेकर भाग रहे हैं।

## शार्ट न्यूज

### दो तस्कर गिरफ्तार, 05 लाख का गांजा बरामद

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 17 किग्रा अवैध गांजा बरामद किया है। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत रू 15लाख रुपए बतायी जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पाण्डेय ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली की कुछ लोग उड़ीसा से गांजा लेकर आ रहे हैं। पुलिस टीम ने सुचना के आधार पर गुरूवार रात्रि में चुर्क कोल्हुआ के पास नाकाबंदी कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जांच में 20 पैकेट में कुल 17 किलो 115 ग्राम नाजायज गांजा व एक ब्रेजा कार और दो मोबाइल फोन बरामद किये हैं। पुलिस ने इस मामले में भदोही जिला निवासी रमेश कुमार सिंह पुत्र रामू सिंह निवासी झिंगुपुर थाना ज्ञानपुर और मनोज कुमार यादव पुत्र मोहन लाल यादव निवासी खेमहीपुर थाना ऊसनाव बाजार थाना भदोही को गिरफ्तार किया है। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना राबर्ट्सगंज पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### यूपी के स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए योगी सरकार चलाएगी विशेष अभियान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विद्यालयों में बच्चों की औसत उपस्थिति को 10 प्रतिशत बढ़ाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग विशेष अभियान चलाने जा रहा है। इसमें सभी शिक्षकों को प्रत्येक बच्चे की उपस्थिति का सतत अनुश्रवण एवं अभिभावकों से निरंतर सम्पर्क करने, उपस्थिति बढ़ाने के लिए बहु-आयामी रणनीति अपनाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे कि उनका शैक्षिक उपलब्धि स्तर भी बढ़ाया जा सके। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद की ओर से जारी आदेश में समस्त बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दिशा निर्देशों के तहत अभियान के संचालन के निर्देश दिए गए हैं। इसमें कहा गया है की शिक्षक बच्चों की कम उपस्थिति के मूल कारणों का विश्लेषण करें, बच्चों के साथ आत्मीय संबंध विकसित करें, निरीक्षण एवं अनुश्रवण के माध्यम से उपस्थिति पर विशेष ध्यान दें और आउटरीच प्रोग्राम के अंतर्गत अभिभावकों, ग्राम पंचायत के साथ बैठक, होम विजिट एवम शिक्षा चौपाल का आयोजन करते हुए छात्रों की उपस्थिति को बढ़ाने के लिए अभियान चलाएं।

### देवबंद में ट्यूबवेल में डूबकर युवक की मौत

**देवबन्द।** देवबंद में गांव करंजाली में ट्यूबवेल में युवक का शव पड़ा होने से गांव में सनसनी फैल गई। युवक की शिनाख्त गांव के ही 28 वर्षीय अमन के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, मृतक युवक नशे का आदी था। नशे की हालत में ही डूबकर उसकी मौत हुई है। युवक का शव मिलने की सूचना पर मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और गांव में सनसनी फैल गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव करंजाली निवासी 28 वर्षीय अमन पुत्र राम कुमार का शव गांव के ही जंगल में लगे एक ट्यूबवेल में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की। इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने बताया कि मृतक अमन नशे का आदी था। नशे की हालत में होने के चलते ही वह ट्यूबवेल की होज़ में गिरा और डूबने के कारण उसकी मौत हो गई। सुबह ग्रामीणों ने उसे होज में पड़े देखा और पुलिस को सूचना दी। बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया है। बताया कि युवक की मौत के हर पहलू पर जांच की जा रही है।

### आजमगढ़ में खाद्य विभाग ने लिए 50 नमूने

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के डीएम विशाल भारद्वाज ने आम जनमानस को मिलावटी खाद्य पदार्थ न मिले इसको लेकर निर्देश दिया है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा जिले के कई बाजारों का दौरा कर पनीर, खोए और छेने की शुद्धता परखी गई। इस परीक्षण के दौरान शहर के रैदोपुर चौराहे से एक मिठाई की दुकान से एक खोया का नमूना एक बूंदी के लड्डू का नमूना संग्रहित किया गया। टीम द्वारा मुबारकपुर से एक छेना की मिठाई व एक कलाकन्द का नमूना संकलित किया गया। इसके साथ 20 किलोग्राम खोए को नष्ट कराया गया। जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को तहबरपुर से शिकायत मिल रही थी। इस क्रम में तहबरपुर में छापेमारी करते हुए 40 किलोग्राम छेने को नष्ट कराया गया। इस छापेमारी के दौरान जिले भर में कुल 50 नमूने एकत्र किए गए। इन सभी नमूनों को राजकीय प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य सचल प्रयोगशाला से जुनैदगंज में खाद्य कारोबारकर्ताओं जागरूक व प्रशिक्षित करते हुए 24 खाद्य नमूनों की उनके समक्ष जांच की गयी तथा आवश्यक निर्देश दिये गये।

### बहराइच में धनतेरस पर बाजार में उमड़ी भीड़

बहराइच। बहराइच में दीपावली से पूर्व खरीद-फरोख्त के महा पर्व धनेतरस पर बाजारों पर मां लक्ष्मी मेहरबान रहीं। बाजारों में उत्साह और उल्लास दिखा। खरीदारों की भीड़ बाजार में भारी जाम देखने को मिला। चौक बाजार क्षेत्र में पुलिस की बैरिकेडिंग और रूट डायवर्ट के तमाम तरीकों के बावजूद भी सड़कों पर पैदल चलने के लिए जगह नहीं रही। लोगों ने खुले मन से बाजारों पर जमकर धन बरसाया। व्यापारियों का मानना है की धन तेरस पर बहराइच में 50 करोड़ से अधिक का कारोबार होगा। शहर के चौक बाजार, बिसात खाना गली, स्टीलगंज तालाब, चूड़ी गली में धनतेरस पर से खूब भीड़ उमड़ी। धनतेरस पर कपड़ा , इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रिकल्स बाजार में रिकार्ड बिक्री हुई। मौके पर खरीदारों को बिल देने के लिए दुकानदारों को अतिरिक्त लोगों को काम पर रखना पड़ा। इलेक्ट्रॉनिक्स गैलरियों में मोबाइल से लेकर एलईडी, स्मार्ट टीवी खूब बिके। लोगों ने आफर के पैकेजों का लाभ उठाते हुए घर के लिए मिक्सर ग्राइंडर से लेकर वाशिंग मशीन तक की खरीददारी की। धनतेरस पर सबसे अधिक भीड़ मां लक्ष्मी के पूजन की सबसे अहम सामग्री के तौर पर खील, गट्टे की दुकानों पर देखी गई।

### अयोध्या में सड़क हादसे में 6 लोग घायल

अयोध्या। अयोध्या रौनाही थाना क्षेत्र के चिर्राजगनपुर के पास राष्ट्रीयराज्य मार्ग -27 पर शुक्रवार दोपहर दिल्ली से बिहार जा रही बस अंनियत्रित होकर पटल गई। हादसे में छह लोग घायल हो गए है, जिसमें एक महिला का हाथ कट गया। घटना के स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस स्थानीय लोगों के साथ राहत और बचाव में जुटी है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रौनाही थाना के चिर्रा जगनपुर के पास शुक्रवार शाम को बिहार जा रही स्लीपर बस एक वाहन को बचाने के चक्कर में पलट गई। बस में बैठे सवारियों में चीख-पुकार मच गई। अफरा-तफरी का माहौल हो गया। स्लीपर बस दिल्ली से बिहार जा रही थी। स्लीपर बस संख्या यूपी 63 एटी 2539 है। हादसे में लगभग छह लोग घायल हैं। जिसमें एक महिला का हाथ कट गया है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के वक्त बस में 70 सवार थे। थाना प्रभारी ओपी राय ने बताया कि बस दिल्ली से मुजफ्फरनगर बिहार जा रही थी। सभी घायल सुरक्षित हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है, उनके परिजनों को सूचना भेजी जा रही है। सीओ सदर के साथ पुलिस की टीम मौजूद है। सीओ संदीप सिंह ने बताया कि बस दिल्ली से मोतीहारी बिहार जा रही थी।

### बिजनौर में महिला ने फंदा लगाकर जान दी

बिजनौर। बिजनौर के शेरकोट इलाके में ग्रह क्लेश के चलते एक महिला ने घर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई। दरअसल यह पूरा मामला बिजनौर के शेरकोट थाना क्षेत्र के मोहल्ला नौंधना का है। जहां शुक्रवार को उस वक्त हड़कम्प मच गया जब नौंधना के रहने वाले सुरवीर सिंह की 32 वर्षीय पत्नी किरन देवी ने गृह क्लेश के चलते अपने कमरे मे ही फांसी के फंदे पर लटककर आत्महत्या करली । महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतका किरन देवी के दो छोटे बच्चे हैं। महिला के मायके वाले भी मौके पर पहुंच गए। इस मामले में शेरकोट इंस्पेक्टर प्रिंस शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

# दीपोत्सव ने बढ़ाई अयोध्या की भव्यता, बढ़ने लगी पर्यटकों की आमद

## स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के नये अवसर खोल रहे देसी-विदेशी पर्यटक

अयोध्या। योगी सरकार इस साल अयोध्या में सरयू तट पर सातवां दीपोत्सव मनाने जा रही है। यहां भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण तो चल ही रहा है, मगर उससे पहले पिछले सात साल से हर वर्ष आयोजित हो रहे दीपोत्सव के कारण अयोध्या की भव्यता में चार चांद लग चुका है। दीपोत्सव ने देश-विदेश में अयोध्या को लेकर कौतुहल बढ़ा दिया है। यही कारण है कि अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इनमें भारतीय पर्यटक तो अच्छी खासी संख्या में हैं हीं विदेशी सैलानियों की रुचि भी प्रभु श्रीराम की नगरी में गहरी हो चुकी है।

अयोध्या में वर्ष 2017 से दीपोत्सव प्रारंभ हुआ है इस बीच यहां 1,78,32,717 भारतीय एवं 25,141 विदेशी पर्यटक अयोध्या पहुंचे। इस प्रकार वर्ष 2017 में कुल 1,78,57,858 श्रद्धालुओं ने रामनगरी में दर्शन-पूजन किया। दीपोत्सव के दूसरे वर्ष 2018 में 1,95,34,824 भारतीय एवं 28,335 विदेशी नागरिकों ने रामनगरी में दर्शन किया। इस प्रकार कुल मिलाकर 1,95,63,159 पाठकों ने वर्ष 2018 में अयोध्या में दर्शन-पूजन किया। ऐसे ही वर्ष 2019 में 2,04,63,403 भारतीय एवं 28,331 विदेशी मिलाकर कुल 2,04,91,724 श्रद्धालुओं ने अयोध्या में दर्शन किया। वर्ष 2020 में कोरोना के



कारण पर्यटकों की संख्या में कमी देखने को मिली। इस साल 61,93,537 भारतीय एवं 2,611 विदेशी मिलाकर कुल 61,96,148 सैलानी अयोध्या पहुंचे। वहीं वर्ष 2021 में 1,57,43,359 भारतीय एवं 431 विदेशी पर्यटकों ने अयोध्या में दर्शन पूजन किया। 2021 में कुल 1,57,43,790 श्रद्धालु अयोध्या दर्शन के लिए आए। इसी क्रम में वर्ष 2022 में 2,21,12,402 भारतीय एवं 26,403 विदेशी पर्यटक अयोध्या पहुंचे।

कुल मिलाकर 2,21,38,805 पर्यटक अयोध्या दर्शन के लिए यहां पहुंचे। देखा जाए तो वर्ष 2021 में विदेशी पर्यटकों की संख्या कुछ काम रही फिर भी वर्ष 2022 में यह संख्या बहुत तेजी से बढ़ी है।

### श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ से बढ़े रोजी रोजगार के अवसर

अयोध्या में जैसे-जैसे राम मंदिर का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच रहा है वैसे-वैसे यहां देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ से अयोध्या में रोजी रोजगार में भी तेजी से वृद्धि भी होने लगी है। लोगों का मानना है कि जनवरी माह में राम मंदिर में जब राम लला विराजमान होंगे तो यहां देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं व विदेशी पर्यटकों की संख्या में अप्रत्याशित इजाफा होगा। इसे लेकर प्रदेश की योगी सरकार तेजी से अयोध्या का विकास करने में लगी है।

अयोध्या को फोर लेन व सिक्स लेन सड़कों से जोड़ा जा रहा है। विश्वस्तरीय हवाई अड्डा व रेलवे स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा तमाम अन्य सुविधाएं भी अयोध्या में विकसित की जा रही है।

# योगी सरकार ने यूपी-112 को किया और हाईटेक तो औसत रिस्पांस टाइम में हुआ बड़ा सुधार

## लूट, हत्या, डकैती, बलवा, अपहरण, बलात्कार समेत जघन्य अपराधों में दर्ज की गयी भारी कमी

लखनऊ। प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत और सुदृढ़ करने के लिए योगी सरकार अनेक प्रयास कर रही है। इसी क्रम में योगी सरकार ने टेक्नोलॉजी का सहारा लिया है। साथ ही ऑनलाइन या कॉल के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सेवाओं को इंटीग्रेट किया जा रहा है। इन प्रयासों का अब असर भी देखने को मिल रहा है। प्रदेशवासियों को इसका सबसे बड़ा लाभ ये मिल रहा है कि किसी भी तरह की समस्या पर लोगों को तुरंत पुलिस की सहायता प्राप्त हो रही है। यूपी 112 का औसत रिस्पॉन्स टाइम 2017 की तुलना में बहुत कम हो गया है। इससे लूट, हत्या, डकैती, बलवा, अपहरण, बलात्कार समेत जघन्य अपराधों में भारी कमी दर्ज की गई है। एनसीआरबी के डेटा ने भी इसकी पुष्टि की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की सत्ता संभालने के साथ ही लॉ एंड आर्डर को अपनी प्राथमिकताओं में रखा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिसिंग को मजबूत करने के लिए उसे मॉडर्न टेक्नोलॉजी से लैस किया। इसके लिए भारी-भरकम धनराशि जारी की गई। इससे प्रदेश में जहां कानून का राज स्थापित हुआ, वहीं अपराध में काफी कमी दर्ज की गयी। सीएम योगी की मॉनिटरिंग का ही असर है कि वर्ष 2017 में जहां यूपी-112 का औसत रिस्?पांस टाइम 25 मिनट 42 सेकंड था, वहीं आज यह घटकर औसतन 9 मिनट 18 सेकेण्ड रह गया है। इसके लिए योगी सरकार ने वर्ष 2018 में प्रदेश के सुदूर, दुर्गम एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को त?वरित पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए यूपी-112 की फ्लीट में 1600 दो पहिया पीआरवी वाहन शामिल किये थे। इससे प्रदेश में वर्ष 2016 के सापेक्ष वर्ष 2022 में लूट, हत्या, डकैती, बलवा, अपहरण, बलत्कार समेत जघन्य अपराध में काफी कमी दर्ज की गयी है।

# दिवाली ही नहीं होली में भी देंगे फ्री में गैस सिलेंडर: योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धनतेरस के अवसर पर प्रदेश की माताओं-बहनों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने शुक्रवार को यहां लोकभवन से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रदेश के 1.75 करोड़ पात्र परिवारों के लिए नि:शुल्क रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल वितरण अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान पर योगी सरकार 2,312 करोड़ रुपये व्यय करेगी। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि होली के अवसर पर मार्च में हमारी सरकार एक बार फिर फ्री में गैस सिलेण्डर उपलब्ध करवाएगी। इसके लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को अपने बैंक अकाउंट को आधार से लिंक करवाना होगा।



सीएम योगी ने कहा कि विधानसभा चुनाव-2022 के दौरान 'लोक कल्याण संकल्प पत्र' में की गई एक और घोषणा को हमारी सरकार पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले लोगों को गैस का कनेक्शन नहीं मिल पाता था। कनेक्शन मिल जाए तो सिलेण्डर के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ती थी। कई बार स्थितियां ऐसी हो जाती थीं की पुलिस को लाठीचार्ज तक करना पड़ जाता था।

# रायबरेली : पटाखों में लगी आग, 04 नाबालिग झुलसे

एजेंसी

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली के सरेनी इलाके में पटाखों में आग लगने से चार नाबालिग बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए है जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस सूत्रों से शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार सरेनी के मलकेपुर गांव में एक पटाखो का व्यवसाय करने वाली महिला के घर मे रखे पटाखों में आग लगने से चार नाबालिग बच्चे गम्भीर रूप से झुलस गए हैं जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है। बताया गया गया कि मलकेपुर गांव में एक महिला नसरीन (45) पटाखों की व्यवसायी है। उसके यहाँ कुछ पटाखों का भंडार था। हालांकि पुलिस सूत्रों का कहना है कि महिला के पास पटाखों का लाइसेंस था। नसरीन के घर पर आज सुबह अचानक किन्ही कारणों से पटाखों में आग लग गयी जिसकी चपेट में आकर मनीष (15), गोविंद (10), तीजा (8), और सौरभ (12) गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना की सूचना पुलिस को करीब साढ़े ग्यारह बजे मिली। बच्चों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# देवरिया सामूहिक नरसंहार : अगली बहस 16 को

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के रूद्रपुर तहसील क्षेत्र में भूमि विवाद में छह लोगों के नरसंहार के बाद तहसीलदार न्यायालय के बेदखली आदेश के बाद जिलाधिकारी न्यायालय में दाखिल अपील में 16 नवम्बर को बहस के लिए तारीख नियत की गई है। गौरतलब है कि रूद्रपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर में दो अक्टूबर को भूमि विवाद में हुए नरसंहार में एक पक्ष से एक व्यक्ति तथा दूसरे पक्ष से एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी गई थी। नरसंहार के बाद जागे जिला प्रशासन ने मामले में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की पड़ताल शुरू करते हुए गांव स्थित सरकारी भूमि की पैमाईश करायी थी, जिसमें सरकारी



भूमि पर अवैध कब्जे की बात सामने आई थी। सूत्रों के अनुसार आरोप है फतेहपुर के अभयपुर टोले के रहने वाले जिला पंचायत के पूर्व सदस्य प्रेमचंद यादव व उसके परिजनों ने खलिहान, नवीन परती, वन व मानस इंटर कालेज की भूमि पर अवैध निर्माण कराया है। खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा से बचने के लिए उसने साजिश रची व अपने भाई रामजी यादव की ओर से न्यायालय जिलाधिकारी देवरिया के यहां नक्शा दुरुस्ती का वाद दाखिल किया था, जिसकों सुनवाई के उपरांत खारिज कर दिया गया।

सूत्रों के अनुसार खलिहान की भूमि पुष्टिकृत भूचित्र में पूरब-पश्चिम निर्मित है, जिसे बंदोबस्त नक्शा का हवाला देकर उत्तर दक्षिण करना चाहता था ताकि उसका मकान सुरक्षित हो सके, लेकिन लेहड़ा टोले के रहने वाले सत्यप्रकाश दुबे व उनके परिजनों का सामूहिक नरंहसार के बाद मामला सुर्खियों में आ गया। तहसीलदार रूद्रपुर की अदालत ने खलिहान, वन व परती की भूमि से अवैध कब्जा हटाने का आदेश दिया तथा उप्र राजस्व संहिता 2006 की धारा-67 के तहत प्रेमचंद के पिता हत्या आरोपी रामभवन, चाचा परमहंस यादव व गोरख यादव के अवैध निर्माण को बेदखल करने का आदेश दिया है।

जिसके खिलाफ उक्त लोगों ने जिलाधिकारी न्यायालय में बेदखली के खिलाफ अपील दाखिल कर दी है। जिलाधिकारी न्यायालय के अदालती सूत्रों ने आज यहां बताया कि आज उक्त अपील में तारीख नियत थी लेकिन कलेक्ट्रेट बार एशोसिएशन के तरफ आये प्रस्ताव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी तथा इस मामले में 16 नवम्बर को साक्ष्य तथा बहस करने हेतु तारीख मुकर्रर की गई है।

# फिरोजाबाद : पुलिस पर कातिलाना हमले के दोषी को 5 वर्ष 6 माह का कारावास

फिरोजाबाद । उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद के ज़िला सत्र न्यायालय ने पुलिस पार्टी पर कातिलाना हमला करने के दोषी को 5 वर्ष 6 महीने के कारावास की सजा शुक्रवार को सुनाई साथ ही अर्थ दंड भी लगाया । अर्थ दंड न देने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

मुकदमा जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या दो दीपा राय की अदालत में चला।

अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी कर रहे एडीजीसी भूपेंद्र राठौर ने बताया मुकदमे के दौरान कई गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। गवाहों की गवाही तथा साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने मनोज कुमार को दोषी पाया और 5 वर्ष 6 महीने की सजा सुनाई साथ ही 14000 अर्थ दंड भी लगाया। अर्थ दंड न देने पर उसे 6 महीने का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

घटनाक्रम के अनुसार थाना उत्तर के वरिष्ठ उप निरीक्षक अनिल कुमार अपने साथियों के साथ 26 दिसंबर 2017 को चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्हें जलेसर रोड पर वाहन चोरों के बारे में पता चला। उसी दौरान एसओजी प्रभारी नीरज मिश्रा भी अपने साथियों के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस बल मुखबिर के बताएं स्थान पर पहुंचा पुलिस को देख बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। घेराबंदी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए अपराधी मनोज पुत्र राम महेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। वह सुहाग नगर का रहने वाला है। पुलिस ने बाद में उसके खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

### पराली जलाने पर दो किसानों पर लगा पांच हजार जुर्माना

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के शाहगंज तहसील और मडियाहू तहसील के दो किसानों पर खेत में पराली जलाने पर दो किसानों पर ढाई ढाई हजार रुपए के हिसाब से पांच हजार रुपये जुर्माना लगा है। उप परियोजना निदेशक आत्मा डॉक्टर रमेश चंद्र यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले में शाहगंज तहसील क्षेत्र के पनौली गांव निवासी किसान मुन्नीलाल ने अपने खेत में धान के फसल का विशेष जला दिया, इसके साथ ही जिले के मडियाहू तहसील क्षेत्र के ग्राम गोठाव गांव निवासी किसान राम प्रसाद सिंह ने अपने खेत में धान के अवशेष की (पराली) को जला दिया।

# रेलवे करेगी रेल पटरियों के आसपास रहने वाले बच्चों की देखभाल

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) के अधिकारियों की एक पहल की बदौलत वर्षों से रेलवे पटरियों के आसपास रहने वाले गरीबों की जीवनशैली में अब बदलाव आएगा।

इस कार्य की शुरुआत में रेलवे ट्रैक के अलावा अस्थायी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों को शिक्षित करने की तैयारी की जा रही है।

इन निवासियों के बच्चों को शिक्षा और अच्छा जीवन प्रदान करने के लिए एनसीआर ने भारत रेल विद्या फेलोशिप के तहत एक योजना तैयार की है।

इसके लिए उत्तर प्रदेश में एनसीआर के प्रयागराज डिवीजन, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स और ड्रीम्स वीवर्स एसोसिएशन (आरडीडब्ल्यूए) ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। अधिकांश शहरों में हजारों लोग रेल पटरियों के आसपास झोपड़ियां बनाकर खानाबदोश तरीके से रहते हैं। यहां रहने वाले बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। रेलवे ट्रैक के पास रहने वाले बच्चों की जिंदगी में बदलाव लाने के लिए एनसीआर ने पहल की है।

एनसीआर के प्रयागराज मंडल ने पहले चरण में पांच प्रमुख शहरों का चयन किया है। चयनित शहर हैं-प्रयागराज, मिर्ज़ापुर, कानपुर, टुंडला (आगरा) और अलीगढ।

# उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दिया गया नि: शुल्क गैस सिलेंडर

**गोरखपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निशुल्क गैस सिलेंडर दिए जाने के निर्णय के क्रियान्वयन के क्रम में आज नि:शुल्क सिलेंडर वितरण का शुभारंभ कार्यक्रम सर्किट हाउस स्थित एनेक्सी भवन सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बांसगांव के सांसद के कमलेश पासवान थे। कार्यक्रम में योजना के 200 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा बताया गया कि नि:शुल्क गैस सिलेंडर का लाभ जनपद के समस्त 2.78 लाख उज्ज्वला लाभार्थियों को मिलेगा। लाभार्थियों को पहले नगद भुगतान करके गैस सिलेंडर प्राप्त करना होगा। तत्पश्चात उक्त धनराशि का भुगतान उनके बैंक खाते में आधार बेस पेमेंट के माध्यम से किया जाएगा। गोरखपुर जनपद में गैस सिलेंडर का मूल्य 965 रुपए है जिसमे 359 रुपए केंद्र सरकार तथा 606 रुपए राज्य सरकार द्वारा बैंक खाते में हस्तांतरित किया जा रहा है। ऐसे लाभार्थी जो पात्र होने के बावजूद किसी कारणवश गैस कनेक्शन प्राप्त नहीं कर पाए है उन्हें प्रधानमंत्री जी के 75 लाख अतिरिक्त उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिए जाने का निर्णय के उपरांत कनेक्शन दिलाया जा रहा है। यह योजना भी नवंबर 2023 से प्रारंभ की गई है। जनपद में माह नवंबर में 3983 को उज्ज्वला गैस योजना का कनेक्शन उपलब्ध भी करा दिया गया है।


### बाप ने 2 साल की बेटी को मार डाला

संभल। संभल में सौतेले पिता ने 2 मासूम बच्चियों को दीवार पर पटक-पटक कर अधमरा कर दिया। इसके बाद गला दबाकर 2 साल की बेटी की हत्या कर दी। 3 साल की बेटी की हालत गंभीर है। उसने अपनी 6 महीने की गर्भवती पत्नी को भी जमकर पीटा। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पति-पत्नी में खाने को लेकर विवाद हुआ था। गुरुवार देर रात की इस वारदात के बाद इलाके में सनसनी का माहौल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृत बच्ची के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पूरे मामले में पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। मौके से एविडेंस कलेक्ट किए गए हैं। मामला हयात नगर थाना के सरायतरीन के नवादा मौहल्ले का है।

# प्रधान की सोते वक्त घर में हत्या

## कुल्हाड़ी से गर्दन अलग की, बगल के कमरे में सो रहे बेटों को पता तक नहीं चला

बदायूं। बदायूं में एक प्रधान की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। गुरुवार देर रात इस हत्याकांड को अंजाम दिया। शुक्रवार सुबह परिवार को वारदात का पता चला। मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को बुलाकर जांच कराई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। स्स्कडॉ. ओपी सिंह समेत कई सीनियर अफसर मौके पर पहुंचे। मौके पर जांच पड़ताल की। वारदात वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव लखनपुरा की है। प्रधान शिव चरण (60) गुरुवार रात को घर के आगे बने हुए कमरे में सोए हुए थे। कमरे का हाल ही में निर्माण हुआ था। ऐसे में इसमें दरवाजा नहीं लगा था। सुबह प्रधान के बेटे उठकर आए तो




देखा कि चारपाई पर शिव चरण का खून से लथपथ शव देखा। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया।

### धड़ से अलग मिली प्रधान की गर्दन

परिजनों के मुताबिक, रात में खाना खाने के बाद प्रधान कमरे में जाकर सो गए। प्रधान हर रोज सुबह जल्दी उठ जाते थे। आज जब वह नहीं उठे, तो घर वाले उन्हें जगाने पहुचे। जहां फर्श पर खून ही खून देख सभी के होश उड़ गए। चारपाई पर शिवचरण का शव पड़ा हुआ था। गर्दन धड़ से अलग थी। यह सबसे पहले बेटे ने देखा, इसके बाद वो चिल्लाते हुए दौड़ पड़ा।

हत्या किसने, कब और क्यों की? इसका पता नहीं चल पाया। पुलिस प्रधान शिव चरण के दो बेटे-कृष्ण पाल और राकेश से पूछताछ कर रही है। कृष्ण पाल ने बताया कि पिता से कल रात को बात हुई थी। उनकी हाल-फिलहाल में किसी से कोई अनबन नहीं थी। उसके कमरे से करीब 20 फीट की दूरी पर पिता का कमरा है। यह अभी ही बनवाया गया था।

## शार्ट न्यूज

### विदेशी मुद्रा भंडार 4.7 अरब डॉलर बढ़कर 590.8 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 03 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 4.7 अरब डॉलर बढ़कर 590.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह यह 2.6 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 586.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 03 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.4 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 521.9 अरब डॉलर हो गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 20 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 46.12 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 6.4 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 17.9 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.6 डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 4.8 अरब डॉलर हो गई।

### महिंद्रा एंड महिंद्रा का मुनाफा 6 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई। वाहन और सूचना प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों में कारोबार करने वाली कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 2348 करोड़ रुपये का सकल शुद्ध लाभ हुआ जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 2209 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में छह प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने आज निदेशक मंडल की बैठक के बाद शेयर बाजार को बताया कि समीक्षाधीन अवधि में उसका सकल राजस्व 34436 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के राजस्व की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी ईकाइ टेक महिंद्रा को छोड़कर सभी ईकाइयों का प्रदर्शन बेहतर रहा है। कमजोर मांग और गैर प्रमुख खातों से निकासी के कारण टेक महिंद्रा का कारोबार प्रभावित हुआ है। सितंबर तिमाही के दौरान ऑटो, फॉर्म और सेवाओं में परिचालन का प्रदर्शन बेहतर रहा है। ऑटो ने अपने परिचालन लाभ को दोगुना करने के लिए तेज वृद्धि की। हालांकि टेक महिंद्रा के लिए यह तिमाही कठिन रही है। कंपनी अब कारोबार में बदलाव की यात्रा शुरू कर रही है।

### पवन मुंजाल की 24.95 करोड़ की संपत्ति जब्त

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दोपहिया वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकार्प लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष पवन कांत मुंजाल की दिल्ली स्थित 24.95 करोड़ रुपये मूल्य की तीन अंचल संपत्ति को 54 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा के अवैध तरीके से देश से बाहर ले जाने के मामले में जब्त कर लिया है। ईडी ने आज यहां एक बयान में आरोप लगाया कि श्री मुंजाल ने रिजर्व बैंक के नियमों के विरूद्ध दूसरे के नाम पर जारी की गयी विदेशी मुद्राओं का विदेशों में उपयोग किया है। मुंजाल और अन्य ने 54 करोड़ रुपये मूल्य की विदेशी मुद्राओं को देश से बाहर ले गये। ईडी ने इस वर्ष अगस्त में श्री मुंजाल और अन्य के यहां छापेमारी की थी। उसने कहा कि श्री मुंजाल की दिल्ली स्थित तीन भूखंड जिसकी कीमत 24.95 करोड़ रुपये है धन शोधन निरोधक कानून (पीएमएलए) जब्त की गयी है। ईडी ने कहा कि जांच में पता चला है कि मुंजाल ने दूसरे के नाम पर जारी विदेशी मुद्राओं का विदेशों में अपने व्यक्तिगत खर्चे के लिए उपयोग किया है।

### अगले 18 महीनों में हर छठे दिन एयर इंडिया को मिलेगा एक नया विमान

नई दिल्ली। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने शुक्रवार को कहा कि एयरलाइन को अगले 18 महीनों में हर छह दिन में नए विमान मिलेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की सेवा के लिए एयरलाइन की ओर से 470 विमानों के ऑर्डर दिए हैं। विल्सन ने सिंगापुर में एसोसिएशन ऑफ एशिया पैसिफिक एयरलाइंस के अध्यक्षों की 67वीं सभा को संबोधित करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा, %हमारे पास नए विमान हैं, हम कई नए चालक दल और कर्मचारियों की भर्ती कर रहे हैं, प्रशिक्षण व्यवस्था में सुधार कर रहे हैं। हमें अभी और काम करना है। हम अच्छी प्रगति कर रहे हैं। विल्सन ने एक सत्र में कहा कि एयर इंडिया के अधिकांश ग्राहक विश्वसनीयता और समयबद्धता चाहते हैं और चुनौती ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने की है। विल्सन ने कहा कि इसके अलावा, नए विमानों को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर रखा जा रहा है और अधिकांश ग्राउंडेड विमानों को रीस्टोर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि टाटा के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने भारतीय अर्थव्यवस्था की सेवा के लिए 470 विमानों का ऑर्डर दिया है।

### शादी के बंधन में बंधे जय कोटक

नई दिल्ली। देश के प्रसिद्ध बैंकर और अरबपति उदय कोटक के बेटे जय कोटक की 2015 की मिस इंडिया विजेता अदिति आर्या के साथ शादी हुई। इस शादी समारोह का आयोजन मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में एक भव्य तरीके से किया गया। अरबपति बैंकर उदय कोटक के बेटे जय कोटक ने 2015 मिस इंडिया कॉन्टेस्ट की विजेता अदिति आर्या से मंगलवार, 7 नवंबर को शादी कर ली। शादी मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में हुई, जबकि अतिरिक्त उत्सव उदयपुर में आयोजित किए गए। इस जोड़े ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपने बड़े दिन की तस्वीर साझा की। अदिति ने तस्वीरों को कैप्शन दिया, फाउंड माय पर्सन, जिस पर जय ने जवाब दिया, सो ब्यूटी फुल, सो एलिगेंट। उन्होंने एक प्रसिद्ध मीम को शेयर करते हुए वाह लिखा। जय कोटक ने शेरवानी पहन रखी थी जबकि अदिति ने लाल रंग का लहंगा पहना हुआ था। जय कोटक ने कोलंबिया विश्वविद्यालय से इतिहास और अर्थशास्त्र में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एमबीए की पढ़ाई पूरी की है। वह वर्तमान में कोटक महिंद्रा बैंक के डिजिटल बैंकिंग समाधान कोटक811 के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं।

### टाटा ने विस्ट्रॉन में खरीदी 100 फीसदी हिस्सेदारी

नई दिल्ली। टाटा समूह ने विस्ट्रॉन इन्फोकॉम मैन्युफैक्चरिंग की भारत में 100 फीसदी इक्विटी हिस्सा खरीद लिया है। इसके लिए एसएमएस इन्फोकॉम (सिंगापुर) और विस्ट्रॉन हांगकांग के साथ शेयर खरीद समझौते पर दोनों ने हस्ताक्षर किया है। इस सौदे के बाद टाटा समूह आधिकारिक तौर पर आईफोन असेंबलर के रूप एपल के साथ जुड़ जाएगा। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रबंध निदेशक रणधीर ठाकुर ने कहा, विस्ट्रॉन इन्फोकॉम (इंडिया) के अधिग्रहण के लिए शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारत में ईएमएस (इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग सर्विसेज) उद्योग सरकार के मजबूत समर्थन को देखते हुए विकास के लिए तैयार है। शेयर बाजार की उठापटक के बीच भी निवेशकों का भरोसा बाजार पर बना हुआ है। अक्तूबर में इक्विटी म्यूचुअल फंड में 19,957 करोड़ का निवेश आया है। सितंबर के 14,091 करोड़ की तुलना में यह 42 प्रतिशत अधिक है। ज्यादा निवेश स्मॉल कैप फंडों में आया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के अनुसार, अगस्त में इक्विटी फंड में 20,245 करोड़ का निवेश था।

### एमजी मोटर और वीवो के खातों की हो सकती है जांच

नई दिल्ली। कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय एमजी मोटर इंडिया और वीवो के खातों की जांच शुरू करने की सिफारिश कर सकता है। आरओसी ने एक साल पहले जांच की थी और उस जांच की रिपोर्ट अब उसने जमा करा दी है। एमजी मोटर की जांच अक्तूबर, 2022 में शुरू हुई थी। उस समय कंपनी ने कहा था, हमें नोटिस मिला है जिसमें 2019-20 की वार्षिक रिपोर्ट में परिचालन के पहले वर्ष के घाटे को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) ने जो जांच रिपोर्ट सौंपी है, उसमें संदिग्ध लेनदेन का पता चला था। कर चोरी, बिलिंग में गड़बड़ी और अन्य वित्तीय अनियमितताएं मिलीं थी। आरओसी रिपोर्ट के बाद एमसीए जांच के आदेश जारी कर सकता है। यह मामला तब सामने आया है, जब जेएसडब्ल्यू व शंघाई के एसएआईसी मोटर कॉर्प एमजी मोटर में हिस्सेदारी के लिए बातचीत कर रहे हैं। वीवो अधिकारियों की गिरफ्तारी से भारत में कंपनी की कानूनी परेशानियां बढ़ गईं हैं।

# बाजरा उत्पादन : आईसीआरआईएसएटी ने एएमएम के साथ मिलाया हाथ

हैदराबाद। इंटरनेशनल क्रॉप रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर सेमी-एरिड ट्रॉपिक्स (आईसीआरआईएसएटी) और असम सरकार के राज्य बाजरा मिशन (एएमएम) के माध्यम से जलवायु-लचीला तथा पोषण से भरपूर खाद्य प्रणालियों को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट हुए हैं।

संस्थान ने शुक्रवार को यहां एक विज्ञप्ति में कहा कि साझेदारी के केंद्र में असम का लक्ष्य तीन देशी बाजरा फसलों फिंगर बाजरा (मरुआधन), फॉक्सटेल बाजरा (कौन) और प्रोसो बाजरा (चीनी बाजरा) की खेती, उत्पादन तथा खपत को बढ़ावा देना है। वर्तमान में, बाजरा की खेती केवल असम के 15 जिलों में 6,000 हेक्टेयर भूमि पर की जाती है, जिसमें नागांव, बोंगाईगांव और धुबरी शामिल हैं जो राज्य के बाजरा उत्पादन में 97 प्रतिशत का योगदान देता है।

बाढ़ के प्रति असम की संवेदनशीलता और बाजरा की तुलना में चावल के लिए इसकी ऐतिहासिक प्राथमिकता को देखते हुए, विविध कृषि की ओर संक्रमण की आवश्यकता बढ़ रही है जिसमें लचीला तथा पौष्टिक बाजरा शामिल है।

आईसीआरआईएसएटी के महानिदेशक डॉ जैकलीन ह्यूजेस ने साझेदारी की सराहना की और बाजरा मिशन को अग्रणी बताया, विशेष रूप से बाजरा खपत के क्षेत्र के सीमित इतिहास को देखते हुए। उन्होंने कहा,दुनिया के सबसे बड़े बाजरा उत्पादक और अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष 2023 के पीछे एक प्रेरक शक्ति के रूप में, भारत बाजरा के पुनरुत्थान में सबसे आगे है।

डॉ. ह्यूजेस ने कहा,असम के दूरदर्शी दृष्टिकोण और महत्वाकांक्षी बाजरा खपत लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आईसीआरआईएसएटी को बाजरा अनुसंधान में अपनी गहरी विशेषज्ञता का योगदान करने में खुशी हो रही है। यह परियोजना असम में उगाए जाने वाले बाजरा के तीन प्रकारों को पेश करके शुरू होगी और मूल्य श्रृंखला के साथ जारी रहेगी, जिसमें शामिल हैं, खेती के तरीकों, बीज उत्पादन तथा खाद्य सुरक्षा प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक प्रशिक्षण के माध्यम से



हितधारकों को सशक्त बनाना, असम से बाजरा एवं बाजरा-आधारित उत्पादों के विपणन व निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक योजना का विकास और कार्यान्वयन। साथ ही वैज्ञानिक रूप से मान्य पौष्टिक बाजरा-आधारित व्यंजनों, रेडी-टू-ईट (आरटीई) और रेडी-टू-कुक (आरटीसी) खाद्य उत्पादों को विकसित करना और पेश करना, जो स्थानीय स्वाद प्राथमिकताओं के अनुकूल हैं, प्रधान मंत्री की पीएम-पोषण योजना (मध्याह्न) में सरकारी प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं आंगनबाड़ियों या सरकार द्वारा वित्त पोषित बाल व मातृ देखभाल विकास केंद्रों में बच्चों के लिए भोजन योजना।

आईसीआरआईएसएटी बाजरा बीज और संबंधित उत्पादन प्रणालियों को बढ़ाने के लिए असम कृषि विश्वविद्यालय (एएयू), निजी बीज कंपनियों और 7,000 से अधिक छोटे किसानों के साथ भी सहयोग कर रहा है।

बीज की शुद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए शोधकर्ता आधुनिक प्रजनन और आनुवंशिक उपकरणों का उपयोग कर रहे हैं। वे असम में बाजरा की खेती के लिए उपयुक्त नई प्रजनन सामग्री की भी खोज कर रहे हैं।

परियोजना की समन्वय एजेंसी - असम रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड एग्रीकल्चरल सर्विसेज सोसाइटी (एआरआईएएस) के बाजार विश्लेषक बलजीत सिंह ने कहा कि आईसीआरआईएसएटी के साथ हमारी साझेदारी निस्संदेह असम में शुष्क भूमि कृषि के विकास को उत्प्रेरित करेगी, जिसके परिणामस्वरूप समृद्ध जीवन होगा और छोटे किसानों का विकास होगा।

आईसीआरआईएसएटी में पोषण, आहार व्यवहार और स्मार्ट फूड के क्लस्टर लीडर डॉ. सैकत दत्ता मजूमदार ने 'कुपोषण के अंतर-पीढ़ीगत चक्र' को दूर करने और स्कूलों में मध्याह्न भोजन के पोषण मूल्यों को बढ़ाने और आंगनवाड़ी केंद्रों पर पूरक पोषण आहार के लिए संस्थान द्वारा नवीन प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने क्षेत्र में माताओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के बीच बाजरा के स्वास्थ्य लाभों तथा नुस्खा तैयार करने के बारे में जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया।

नयी बनी साझेदारी असम में बाजरा मूल्य श्रृंखला को बढ़ाने के लिए आईसीआरआईएसएटी के अटूट समर्पण को दर्शाती है। इस प्रतिबद्धता में बाजार के अवसरों का मूल्यांकन करना, विपणन और निर्यात रणनीतियों को तैयार करना और स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों के लिए उपभोक्ता जनसांख्यिकी और उत्पाद की पेशकश को इंगित करना शामिल है।

डॉ. विक्टर-अफारी सेफा ग्लोबल रिसर्च प्रोग्राम डायरेक्टर, इनेबलिंग सिस्टम ट्रांसफॉर्मेशन, आईसीआरआईएसएटी ने कहा,आईसीआरआईएसएटी असम में बाजरा मूल्य श्रृंखला को बढ़ाने, महत्वपूर्ण पोषण लाभ प्रदान करने और एक की नींव रखने के लिए बहु-विषयक ज्ञान, क्षेत्र के लिए अधिक लचीला भविष्य तथा विशेषज्ञता का एक समृद्ध पूल लाता है।

# तेरह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में तेजी

मुंबई। विश्व बाजार में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज, धातु और पावर समेत तेरह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में तेजी लौट आई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 72.48 अंक चढ़कर 64904.68 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 30.05 अंक बढ़कर 19425.35 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.33 अंक की तेजी के साथ 32,566.13 अंक और स्मॉलकैप 0.38 अंक की बढ़त लेकर 38,378.76 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3820 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें से 1922 में तेजी जबकि 1766 में गिरावट रही वहीं 132 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 30 कंपनियां हरे जबकि शेष 20 लाल निशान पर रही।

बीएसई के 13 समूहों में लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.35, ऊर्जा




0.03, एफएमसीजी 0.17, वित्तीय सेवाएं 0.33, हेल्थकेयर 0.35, इंडस्ट्रियल्स 0.32, यूटिलिटीज 0.95, बैंकिंग 0.24, कैपिटल गुड्स 0.37, धातु 0.67, पावर 0.92, रियल्टी 0.09 और सर्विसेज समूह के शेयर में 0.14 प्रतिशत की तेजी रही।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.86, जर्मनी का डैक्स 0.86, जापान का निक्केई 0.24, हांगकांग का हैंगसेंग 1.76 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.47 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 72 अंक गिरकर 64,756.11 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 64,580.95 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 65,014.06 अंक उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 64,832.20 अंक के मुकाबले 0.11 प्रतिशत बढ़कर 64,904.68 अंक पर रहा।

निफ्टी 43 अंक उतरकर 19,351.85 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,329.45 अंक के निचले जबकि 19,451.30 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,395.30 अंक की तुलना में 0.15 प्रतिशत चढ़कर 19,425.35 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में एनटीपीसी 2.12, टेक महिंद्रा 1.27, एक्सिस बैंक 0.67, पावरग्रिड 0.55, आईटीसी 0.40, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.37, भारती एयरटेल 0.34, टाटा स्टील 0.33, टाटा मोटर्स 0.27, एलटी 0.26, एचडीएफसी बैंक 0.22, रिलायंस 0.16, एसबीआई 0.11 और आईसीआईसीआई बैंक 0.10 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.86, एचसीएल टेक 1.13, टाइटन 0.86, नेस्ले इंडिया 0.48, इंफोसिस 0.47, टीसीएस 0.46, विप्रो 0.30, एशियन पेंट 0.14, मारुति 0.09 और कोटक बैंक ने 0.03 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# सेल को दूसरी तिमाही में 1241 करोड़ रु का शुद्ध मुनाफा

नयी दिल्ली,10 नवंबर (वार्ता) सार्वजनिक क्षेत्र की विशाल इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. (सेल) ने 30 चालू वित्त वर्ष में सितंबर, 2023 को समाप्त दूसरी तिमाही में एकल आधार पर परिचालन से 29,714 करोड़ रुपये की आय दर्ज करते हुए 1241 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है।

कंपनी ने इसी वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून,23) में 24358 करोड़ रुपये और पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 26,246 करोड़ रुपये की परिचालन आय दर्ज की थी। कंपनी को पिछले वर्ष जुलाई-सितंबर में कर पश्चात 386 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार दूसरी तिमाही और पहली छमाही में उत्पादन और बिक्री का अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। दूसरी तिमाही में कच्चे इस्पात का उत्पादन सालाना आधार पर 11.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 48 लाख टन रहा जो एक साल पहले इसी तिमाही में 43 लाख टन और इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 46.7 लाख टन था।

सेल की चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही की एकल आधार पर बिक्री सालाना आधार पर 13.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ47.7 लाख टन रही जो एक साल पहले 42.1 लाख टन थी।

कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की प्रथम छमाही में 9.7 प्रतिशत की वृद्धि दर से 94.7 लाख टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया। एक साल पहले इसी दौरान उत्पादन 86.3 लाख टन था। इसी दौरान बिक्री बिक्री 17.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 73.7 लाख टन की तुलना में 86.5 लाख टन रही । कंपनी ने पहली छमाही में 54071 करोड़ रुपये के परिचालन राजस्व के साथ कर पश्चात 1390 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दिखाया है।

## सितंबर तिमाही में कोल इंडिया का मुनाफा 13 प्रतिशत बढ़कर 6800 करोड़ रुपये हुआ

नई दिल्ली। कोल इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर 12.5 प्रतिशत बढ़कर 6,800 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला कंपनी का परिचालन से समेकित राजस्व सालाना आधार पर लगभग 10 प्रतिशत बढ़कर 32,776.41 करोड़ रुपये हो गया और यह पूर्व में लगाए गए अनुमान 31,838 करोड़ रुपये से भी ऊपर रहा।

### 15.25 रुपये प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश की सिफारिश

कोल इंडिया के निदेशक मंडल ने चालू वित्त वर्ष के लिए 15.25 रुपये प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश की सिफारिश की है। कोयला कंपनी ने इसके लिए रिकॉर्ड तारीख 21 नवंबर तय की है। नतीजों के अनुसार ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन (ईबीआईटीडीए) से पहले आय के रूप में गणना किया जाने वाला परिचालन लाभ सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 8,137 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान ऑपरेटिंग मार्जिन 43 बेसिस प्वाइंट बढ़कर 24.83 प्रतिशत हो गया। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का कुल उत्पादन 157.43 मिलियन टन रहा जो एक साल पहले इसी तिमाही में 139.23 करोड़ टन और एक तिमाही पहले 175.48 करोड़ टन था। वहीं दूसरी ओर, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का शुद्ध लाभ सितंबर 2023 में समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर 50 प्रतिशत से अधिक घटकर 7,925 करोड़ रुपये रह गया। इस दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी की प्रीमियम से शुद्ध आय सालाना आधार पर करीब 19 प्रतिशत घटकर 1.07 लाख करोड़ रुपये रह गई।

# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर सितंबर में गिर कर 5.8 प्रतिशत

नयी दिल्ली। सरकार द्वारा शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, खनन और बिजली क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन से भारत का औद्योगिक उत्पादन सितंबर 2023 में वार्षिक आधार पर 5.8 प्रतिशत ऊंचा रहा।

सांख्यिकी और मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के सितंबर में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक सालाना आधार पर 5.8 प्रतिशत ऊंचा रहा।

रिपोर्ट के अनुसार इस बार सितंबर में खनन क्षेत्र का उत्पादन पिछले साल सितंबर की तुलना में 11.5 प्रतिशत ऊंचा रहा जबकि बिजली उत्पादन में साल-दर-साल 9.9 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गयी। समीक्षागत माह में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 4.5 प्रतिशत बढ़ा।

अगस्त, 2023 में औद्योगिक उत्पादन में साल-दर-साल 10.3



फीसदी की वृद्धि दर्ज की गयी थी।

रेटिंग एजेंसी इकरा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि प्रतिकूल तुलनात्मक आधार, त्योहारों के महीने में बदलाव और अधिक बारिश के कारण औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में साल-दर-साल आधार पर वृद्धि सितंबर में अनुमान से कम रही और यह एक माह पहले की तुलना में लगभग आधी रह गयी। इस दौरान टिकाऊ और गैर-टिकाऊ सामान बनाने वाले उद्योगों की उत्पादन वृद्धि केवल 1.0 प्रतिशत और 2.7 फीसदी के साथ धीमी रही जिसके परिणामस्वरूप विनिर्माण क्षेत्र का प्रदर्शन खनन और बिजली का प्रदर्शन से काफी पीछे रहा। अप्रैल-सितंबर अवधि में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक छह फीसदी ऊंचा रहा।

इकरा का अनुमान है कि अक्टूबर में औद्योगिक वृद्धि दर 7-10 प्रतिशत के दायरे में रहेगी।

मिलवुड केन इंटरनेशनल के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी निश भट्ट ने कहा , औद्योगिक उत्पादन सूचकांक की वृद्धि अगस्त के 10.3 प्रतिशत से घटकर सितंबर में 5.8 प्रतिशत रह गया, जो तीन महीने में इसकी पहली गिरावट है। यह सितंबर की तुलना में अक्टूबर में औद्योगिक गतिविधियों में नरमी का संकेत है। सितंबर की वृद्धि मुख्य रूप से विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन से प्रेरित है। आगे उम्मीद है कि वैश्विक भू-राजनीतिक संकट, आगामी चुनाव, प्रतिकूल आधार और त्यौहार का मौसम आने वाले महीनों में औद्योगिक विकास संख्या में काफी हद तक अस्थिरता प्रदान करेगा।

# पीयूष गोयल 13-16 तक अमेरिका की यात्रा पर

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भारत-प्रशांत आर्थिक संरचना (आईपीईएफ) और एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) से जुड़े देशों की बैठकों और मंत्रिस्तरीय कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए 13 से 16 नवंबर तक अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को की यात्रा पर होंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी।

विज्ञप्ति के अनुसार इस यात्रा के दौरान श्री गोयल दोनों देशों के बीच आर्थिक और वाणिज्यिक संबंध साझेदारी को और सुदृढ़ बनाने के लिये अमेरिकी अधिकारियों, शिक्षाविदों, उद्योग-व्यवसाय जगत की अग्रणी शख?सियतों के साथ परस्?पर बातचीत करेंगे।

गोयल 13 से 14 नवंबर, तक तीसरी व्यक्तिगत आईपीईएफ मंत्रालयीन बैठक में भाग लेंगे, जिसमें



वार्ता की प्रगति समीक्षा की जाएगी। श्री गोयल आईपीईएफ मंत्रालयीन बैठक के अवसर पर अमेरिकी वाणिज्य सचिव, वहां के व्यापार वार्ता प्रतिनिधि और आईपीईएफ के अन्य भागीदार देशों के मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

गोयल 16 नवंबर को आईपीईएफ लीडर्स मीटिंग और पार्टनरशिप फॉर ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट (पीजीआईआई)-आईपीईएफ इन्वेस्टर फोरम की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वह 15 -16 नवंबर के दौरान एपीईसी आर्थिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों की बैठक में भी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

भारत को एपीईसी आर्थिक नेताओं की तीसवीं बैठक में अतिथि अर्थव्यवस्था के रूप में आमंत्रित किया गया है।

यात्रा के दौरान श्री गोयल अमेरिका की वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो, व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई और विभिन्न क्षेत्रों तथा उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। ये बैठकें व्यापार बाधाओं को दूर करने, निवेश को बढ़ावा देने और प्रौद्योगिकी एवं नवोन्मेषण जैसे क्षेत्रों में अधिक सहयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित होंगी।

## शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 22 प्रतिशत बढ़कर 10.60 लाख करोड़ पर

नयी दिल्ली । चालू वित्त वर्ष में कल तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 10.60 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इस अवधि में संग्रिहत कर की तुलना में 21.82 प्रतिशत अधिक है और यह चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह के बजट अनुमान का 58.15 प्रतिशत है।आयकर विभाग ने आज यहां आंकड़े जारी करते हुये कहा कि नौ नवंबर 2023 तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 12.37 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के सकल संग्रह से 17.59 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष में अब तक 1.77 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किये जाने के बाद शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 10.60 लाख करोड़ रुपये रहा है। सकल राजस्व संग्रह में कॉर्पोरेट आयकर (सीआईटी) में 7.13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है जबकि व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) की वृद्धि दर 28.19 प्रतिशत रही है।

# अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में 110 करोड़ ग्राहकों ने की खरीददारी

नयी दिल्ली। ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन डॉटइन पर त्योहारी सीजन के मद्देनजर एक महीने तक चले अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में 110 करोड़ से अधिक ग्राहकों ने खरीददारी की है।

कंपनी ने इस दौरान हुयी बिक्री के आंकड़े जारी करते हुये आज कहा कि 2023 के त्योहारी सीज़न में बिक्री प्राप्त करने वाले विक्रेताओं की अब तक की सबसे अधिक संख्या 750 से अधिक विक्रेताओं ने करोड़ों की बिक्री की, 31,000 से अधिक विक्रेताओं ने लाखों में बिक्री की। किसी भी त्योहारी सीजन के दौरान अब तक की सबसे अधिक संख्या।

5000 नए उत्पादों को शीर्ष ब्रांडों द्वारा कई श्रेणियों में लॉन्च किया गया। 40 लाख से अधिक नए ग्राहकों ने कई श्रेणियों में उपलब्ध अपने पसंदीदा ब्रांडों के लिए पहली बार खरीदारी की है। महीने भर के ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 के दौरान रोमांचक बैंक छूट और अनूठे पुरस्कारों ने ग्राहकों को 600 करोड़ रुपये से अधिक की बचत करने में मदद की है और 90 प्रतिशत पिनकोड को तेज़ और विश्वसनीय डिलीवरी के साथ उनके ऑर्डर 48 घंटे के भीतर मिल रहे हैं।

कंपनी ने कहा कि अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 8 अक्टूबर से शुरू हुआ , जिसमें प्राइम अर्ली एक्सेस के 24 घंटे में, ग्राहकों को स्मार्टफोन, प्रीमियम इलेक्ट्रॉनिक्स, उच्च गुणवत्ता वाले टीवी, किताबें, स्वास्थ्य और व्यक्तिगत देखभाल संबंधी आवश्यक वस्तुएं, फैशन आइटम, मजबूत लगेज, घर की सजावट, और फिटनेस गियर पर आकर्षक ऑफ़र के साथ शीर्ष ब्रांडों से 5,000 से अधिक नए लॉन्च तक पहुंच प्रदान की गई। 38,000 विक्रेताओं ने अपनी अब तक की सबसे अधिक एक दिन की बिक्री हासिल की और 40 लाख से अधिक नए ग्राहकों अपने पसंदीदा उत्पादों और ब्रांडों के लिए पहली बार खरीदारी की।

## शार्ट न्यूज

### ओसाका ब्रिस्बेन इंटरनेशनल करेंगी वापसी

ब्रिस्बेन। चार बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नाओमी ओसाका ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले ब्रिस्बेन इंटरनेशनल वार्म-अप टूर्नामेंट से टेनिस में वापसी करेंगी। ऑस्ट्रेलिया में टूर्नामेंट के अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ओसाका के 31 दिसंबर-जनवरी में प्रतिस्पर्धा करेंगी। वह 2024 सत्र की शुरूआत में सात स्पर्धा में भाग लेंगी। दो बार की ऑस्ट्रेलियन और यू.एस. ओपन विजेता ओसाका ने पिछले साल के गर्भवती होने के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन से आश्चर्यजनक रूप से नाम वापस ले लिया था। पूर्व टेनिस नंबर खिलाड़ी ने एक जुलाई में बेटी शाई के जन्म दिया था। ओसाका ने एक बयान में कहा, मैं कोर्ट पर वापस आने और प्रतिस्पर्धा करने को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं। मुझे हमेशा ब्रिस्बेन में अपना सत्र शुरू करना पसंद है और मैं वापसी का इंतजार नहीं कर सकती। यह मुझे इस गर्मी में शानदार वापसी के लिए तैयार करेगा। ओसाका ने यूएस ओपन के पहले दौर में हारने के तुरंत बाद सितंबर 2022 में टोक्यो में एक कार्यक्रम के बाद से उसने दौरे पर प्रतिस्पर्धा नहीं की है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के अधिकारियों ने पिछले महीने घोषणा की थी कि ओसाका 14 जनवरी से शुरू होने वाले साल के पहले बड़े टूर्नामेंट के लिए मैदान में होगी।

### 95 साल की भगवानी देवी ने रचा इतिहास

नई दिल्ली। विश्व चैंपियन भगवानी देवी डागर ने एक बार फिर कमाल किया है। 95 वर्षीय एथलीट ने 22वीं एशियाई मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीते हैं। फिलीपींस के न्यू क्लार्क सिटी में उन्होंने शॉटपुट, डिस्कस और जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वह ऐसा करने वाली पहली एशियाई चैंपियन हैं। इससे पहले 95 साल की भगवानी देवी डागर ने पोलैंड के टोरून में वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप में डिस्कस थ्रो में तीन स्वर्ण पदक जीते थे। फिनलैंड में 2023 विश्व मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने 90-94 आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़, 95-99 आयु वर्ग में शॉट पुट और डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक जीता था। भगवानी देवी का जन्म हरियाणा के खेड़का गांव में हुआ था। उनकी शादी 12 साल की उम्र में हुई और 30 साल की उम्र में उनके पति का निधन हो गया। उनके पति की मृत्यु के बाद उन्होंने एक नवजात लड़के को खो दिया। हालांकि, उन्होंने इसके बाद पुनर्विवाह न करने का फैसला किया। देवी ने अपनी छोटी बेटी और एक अन्य बच्चे पर ध्यान केंद्रित किया। उस समय वह गर्भवती भी थीं। उनकी बेटी का जन्म समय से पहले हो गया और उसकी सेहत ठीक नहीं रहती थी। इसी वजह से कुछ समय बाद ही उसकी मौत हो गई।

### परणीत पहली बार बनीं एशियाई चैंपियन

बैंकाक/नई दिल्ली। मिल्खा सिंह की जीवनी द रेस ऑफ माई लाइफ को कई बार पढ़कर प्रेरणा बनाने वाली पटियाला की कंपाउंड तीरंदाज परणीत कौर पहली एशियाई चैंपियन बन गई हैं। उन्होंने फाइनल में एशियाई खेलों में व्यक्तिगत के साथ तीन स्वर्ण जीतने वाली ज्योति सुरेखा वेनम को टाईब्रेकर में पराजित कर पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। कंपाउंड तीरंदाजों के दबदबे के बीच भारत ने एशियाई चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते। रिकर्व में सिर्फ एक कांस्य पदक महिला टीम ने दिलाया। परणीत मध्यांतर तक दो अंकों से पीछे चल रही थीं, लेकिन 18 वर्षीय इस तीरंदाज ने जबरदस्त वापसी करते हुए स्कोर 145-145 से बराबर कर मुकाबले को टाईब्रेकर में खीच दिया, जहां परणीत को 9-8 से जीत मिली। मिश्रित टीम स्पर्धा में अदिति स्वामी और प्रियांश की जोड़ी ने फाइनल में थाईलैंड को 156-151 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। यही नहीं ज्योति, परणीत और अदिति की टीम ने एशियाड की तरह यहां ताइवान को 234-233 से हराकर टीम का भी स्वर्ण पदक जीता। बीते माह अपने पिता को खोने वाले अनुभवी अभिषेक वर्मा ने पुरुषों के व्यक्तिगत मुकाबले में कोरिया के जू जेईहून को 147-146 से हराकर कांस्य पदक जीता।

### वसीम अकरम ने बताया पाकिस्तान को सेमीफाइनल खेलने का फॉर्मूला

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर वसीम अकरम ने टीम को सेमीफाइनल खेलने के लिए एक नया फॉर्मूला बताया है। अकरम ने ए स्पोर्ट्स चैनल पर मजाकिया अंदाज में कहा, पाकिस्तान अभी भी सेमीफाइनल में पहुंच सकता है, अगर वह पहले बैटिंग करते हुए अच्छा स्कोर बनाए और फिर पूरी इंग्लैंड टीम को 20 मिनट के लिए ड्रेसिंग रूम में बंद कर दे, ताकि इंग्लैंड के सभी खिलाड़ियों को टाइम आउट दे दिया जाए। पाकिस्तान और इंग्लैंड का यह मुकाबला 11 नवंबर को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाना है। न्यूजीलैंड ने गुरुवार 9 नवंबर को श्रीलंका को 5 विकेट से हराकर अफगानिस्तान और पाकिस्तान दोनों को वर्ल्ड कप 2023 सेमीफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर कर दिया है। अकरम ने यह बात श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज के साथ 6 नवंबर को हुई टाइम आउट वाली घटना को याद करते हुए कहा। बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच 6 नवंबर को दिल्ली में खेला गया वर्ल्ड कप मुकाबला एक खास घटना के लिए इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। श्रीलंका की पारी के दौरान एंजेलो मैथ्यूज को टाइम आउट दिया गया। इंटरनेशनल क्रिकेट में यह पहला मौका था जब कोई बल्लेबाज टाइम आउट हुआ है।

### न्यूजीलैंड के ओपनर रचिन बेंगलुरु में अपने पुश्तैनी घर पहुंच : दादी ने नजर उतारी

बेंगलुरु। न्यूजीलैंड के भारतीय मूल के ओपनर रचिन रवींद्र बेंगलुरु में अपने दादा-दादी से मिलने पहुंचे। रचिन के दादा-दादी टीचर रहे हैं। उनके दादा का नाम बालकृष्ण अडिगा और दादी का नाम पूर्णिमा है। दोनों साउथ बेंगलुरु में रहते हैं। पोते के घर आने के बाद उनकी दादी पूर्णिमा ने सबसे पहले रचिन की नजर उतारी। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है। रचिन रविंद्र श्रीलंका के खिलाफ वर्ल्ड कप मैच खेलने के लिए बेंगलुरु पहुंचे थे। गुरुवार को बेंगलुरु (9 नवंबर) के चिन्नास्वामी स्टेडियम में श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच मैच था। इस मैच को न्यूजीलैंड ने श्रीलंका से 5 विकेट से जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की पूरी टीम 171 रन ही बना सकी। टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर लिया था। रचिन ने 34 गेंदों पर 42 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 3 चौके और 3 छक्के भी जड़े। रचिन ने डेवोन कॉन्वे के साथ मिलकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। कॉन्वे और रचिन ने पावरप्ले में तेजी से रन बनाए। पावरप्ले के 10 ओवर के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर 73/0 रहा। रचिन और कॉन्वे के बीच फिफ्टी पार्टनरशिप भी हुई।

### ऋषि सुनक पर सुएला ब्रेवरमैन को गृहमंत्री के पद से बर्खास्त करने का दबाव

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पर अपनी गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन को बर्खास्त करने का दबाव है, क्योंकि लंदन में इस्राइल-हमास के प्रदर्शनों से निपटने को लेकर मेट्रोपोलिटन पुलिस पर हमला करने वाले उनके विवादास्पद अखबार के लेख को लेकर विवाद जोर पकड़ रहा है। इस बीच, डाउनिंग स्ट्रीट में सुनक के आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा है कि उन्हें गृहमंत्री पर पूरा भरोसा है। उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि द टाइम्स के ऑप-एड (संपादकीय पृष्ठ के विपरीत) की सामग्री को उनके बॉस की पूरी मंजूरी नहीं मिली थी। इस लेख में बुधवार को सख्त शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मेट्रोपोलिटन पुलिस पर दोहरे मानदंड और फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों के आक्रामक होने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई न करने का आरोप लगाया गया था। विवाद के बारे में पूछे जाने पर ब्रिटेन के चांसलर जेरेमी हंट ने प्रसारकों से कहा, उन्होंने जिन शब्दों का इस्तेमाल किया, वे ऐसे शब्द नहीं हैं जिनका इस्तेमाल मैंने खुद कभी किया होगा। वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री ने उनके रुख से स्पष्ट रूप से दूरी बनाते हुए जोर देकर कहा कि एक सहयोगी के रूप में उनके साथ उनके अच्छे संबंध हैं।

# न्यूजीलैंड के रचिन और वेस्टइंडीज की मैथ्यूज अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**एजेंसी**

दुबई। न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज रचिन रवींद्र को पुरुष वर्ग में और वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज को महिला वर्ग में अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी ने शुक्रवार को अक्टूबर माह के लिए आईसीसी पुरुष और महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार में चयन होने वाले खिलाड़ियों की घोषणा की है। न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज रचिन रवींद्र को अक्टूबर माह में विश्वकप में शानदार प्रदर्शन के लिए पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ। वहीं ऑस्ट्रेलिया में टी-20 में शानदार प्रदर्शन करने वाली वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज को महिला वर्ग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया है। आईसीसी ने न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र को भारत में चल रहे क्रिकेट विश्व कप 2023 के ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्हें प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए चुना गया। टूर्नामेंट में रचिन ने अहमदाबाद में गत चैंपियन इंग्लैंड पर नौ विकेट की शुरुआती दिन की जीत में नाबाद 123 रन बनाकर जल्द ही सुर्खियां बटोर लीं। उन्होंने नीदरलैंड्स के खिलाफ (51) और भारत के खिलाफ (75) ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 89 गेंदों में 116 रन की शतकीय पारी खेली। कुल मिलाकर उन्होंने अक्टूबर में खेले गये अपने छह मुकाबलों के दौरान 81.20 की औसत से 406 रन बनाए है।



आईसीसी ने महिला वर्ग में वेस्टइंडीज की मैथ्यूज को ऑस्ट्रेलिया में टी -20 मैचों में शानदार प्रदर्शन के इस पुरस्कार से नवाजा गया है। उत्तरी सिडनी में पहला मैच आठ विकेट से हारने के बावजूद कप्तान मैथ्यूज ने शीर्ष क्रम में नाबाद 99 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया एलिसा हीली का बेशकीमती विकेट भी लिया। मैथ्यूज ने इसके बाद यकीनन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर जीत के लिए 213 रनों के कठिन लक्ष्य का पीछा करते हुए 64 गेंदों (20 चौकों और पांच छक्कों) में नाबाद 132 रन बनाकर बेथ मूनी के विकेट लेने के बाद एक आकर्षक जीत हासिल की। उन्होंने अंतिम मुकाबले में 79 रन अर्धशतक लगाया, जिससे महीने का अंत 155 की औसत से श्रृंखला में 310 रन बनाये।

23 वर्षीय बल्लेबाज रवींद्र न्यूजीलैंड के लिए विश्व कप में शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं।

उन्होंने इस विश्व कप से पहले सिर्फ 12 वनडे मैच खेले थे और उन्होंने विश्व कप के पहले मैच में गत चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ शानदार शतक लगाकर लोगों का ध्यान अपनी और खींचा था। फिर नीदरलैंड्स (51) और भारत (75) के खिलाफ शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसके बाद उन्होंने धर्मशाला में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में भी शानदार शतक जमाया। उन्होंने 89 गेंदों में 116 रन बनाए. कुल मिलाकर, रवींद्र ने 81.20 की औसत से 406 रन बनाए।

पुरस्कार मिलने पर रवींद्र ने कहा, मैं यह पुरस्कार जीतने के लिए बहुत आभारी हूं। यह व्यक्तिगत रूप से और टीम के लिए एक विशेष महीना रहा है। भारत में विश्व कप खेलना वास्तव में विशेष रहा है। उन्होंने कहा कि टीम के समर्थन से मुझे बहुत मदद मिलती है। आप बहुत स्वतंत्रता के साथ क्रीज पर जाकर अपना स्वाभाविक खेल खेल सकते हैं। सौभाग्य की बात यह है कि विकेट वास्तव में बल्लेबाजी के लिए अच्छे हैं, जो मेरे खेल के अनुकूल है। मैथ्यूज ने कहा, मैं अक्टूबर के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का अवार्ड प्राप्त करने के लिए बहुत आभारी हूं। मुझे वेस्टइंडीज की जर्सी पहनना पसंद है। हर बार जब मैं मैरून और गोल्ड पहनती हूं, तो यह निश्चित रूप से एक अतिरिक्त परत जोड़ता है जहां आप मैदान पर जा सकते हैं और अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं, न केवल अपने लिए और टीम के लिए, बल्कि यह जानने में कि क्रिकेट कैरेबियाई लोगों के लिए कितना मायने रखता है और यह लोगों को एक साथ कितना ला सकता है।

# ऑस्ट्रेलिया अपनी लय बरकरार रखने उतरेगा

पुणे। ऑस्ट्रेलिया शनिवार को होने वाले बंगलादेश के खिलाफ नॉकआउट चरण के आखिरी मुकाबले में अपनी लय बरकरार रखने के लिए उतरेगा।

ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप में लगातार छह मैच जीते हैं और अगले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाले कड़े सेमीफाइनल से पहले वह लगातार सातवां मुकाबला जीतना चाहेगा।

जानकारों के अनुसार ऐसा माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया बंगलादेश के खिलाफ आसानी से जीत हासिल कर लेगा।

सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और ट्रैविस हेड अफगानिस्तान के खिलाफ पिछली शुरुआत में चूक गए थे वे इस मुकाबले में बड़े स्कोर के लिए उत्सुक होंगे। फॉर्म में चल रहे स्पिनर एडम जम्पा के पास टूर्नामेंट में अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने बनने का अवसर होगा। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल जबरदस्त फॉर्म में हैं और मुंबई में अफगानिस्तान के खिलाफ उनके अद्भुत दोहरे शतक ने ही दिखाया कि वह गाने पर कितना प्रभाव डाल सकते हैं।

वहीं बंगलादेश आठ में छह मैच हार कर सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी है वह इस मुकाबले में जीत के साथ 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफिकेशन सुनिश्चित करने के करीब पहुंच सकता है। हालांकि यह उसके लिए आसान नहीं होगा।

# हॉकी : न्यूजीलैंड, अमेरिका और इटली से भिड़ेगा भारत

**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम 13 से 19 जनवरी तक रांची में होने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के ग्रुप चरण में न्यूजीलैंड,अमेरिका और इटली से भिड़ेगी।

प्रतियोगिता में जर्मनी, जापान, चिली, चेक गणराज्य, न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका, इटली और भारत पेरिस ओलंपिक के लिए अपना स्थान सुरक्षित करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टीमों को दो पूलों में बांटा गया है, जिसमें भारतीय महिला हॉकी टीम को पूल बी में न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली के साथ रखा गया है, जबकि पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य हैं।

ओलंपिक क्वालीफायर के पूल चरण के दौरान, प्रत्येक टीम अपने ग्रुप में हर दूसरी टीम से एक बार भिड़ेगी। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें 18 जनवरी को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फाइनल और तीसरे/चौथे स्थान का मैच 19 जनवरी को होगा। टूर्नामेंट में तीन सर्वश्रेष्ठ टीमे पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर जायेंगी।




भारतीय कप्तान सविता ने कहा, हमें अपनी क्षमताओं पर भरोसा है। विरोधी टीमों की रैंकिंग हमें परेशान नहीं करती। हम एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के लिए भारत आने वाली सभी कठिन टीमों का सामना करने के लिए तैयार हैं। हमने जुलाई में जर्मनी से खेला था, इसलिए हम जानते हैं कि हमारा मुकाबला किससे है। मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने सविता के आत्मविश्वास को दोहराते हुए कहा कि झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 से बहुत कुछ सीखने को मिला, जहां वे जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड के खिलाफ अपराजित रहीं।

उन्होने कहा बहुत सी चीजें हमारे लिए अच्छी रहीं, लेकिन हमेशा ऐसे क्षेत्र होते हैं जहां हम सुधार कर सकते हैं। हमें अनावश्यक कार्डों से बचना होगा और अपने रेफरल का बेहतर उपयोग करना होगा। इस टूर्नामेंट ने दिखाया कि हम एक कठिन टीम हैं। इसलिए, हम खुद पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे, सुधार के तरीकों की तलाश करेंगे और एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के लिए अपनी तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# इजराइली सेना ने सीरिया पर एयरस्ट्राइक की

## गाजा के सबसे बड़े अस्पताल पर भी हमला; नेतन्याहू फिर बोले- कब्जे का इरादा नहीं

तेल अवीव/न्यूयॉर्क। इजराइल और हमास जंग का आज 35वां दिन है। इस बीच इजराइली सेना ने पुष्टि की है कि उसने सीरिया में एयरस्ट्राइक कीं। सेना ने कहा- सीरिया से इजराइल के ऐलात शहर में एक स्कूल पर हमला किया, जिसके जवाब में हमने कार्रवाई की। हालांकि, सेना ने ये नहीं बताया कि ये हमले किस संगठन पर किए गए।

अलजजीरा के मुताबिक गुरुवार देर रात गाजा के सबसे बड़े अल-शीफा अस्पताल के कॉम्प्लेक्स में इजराइली हमला हुआ। अब तक 6 लोगों की मौत हुई है। आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। फिलिस्तीनी हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक, अल-शीफा अस्पताल में हजारों लोगों ने शरण ले रखी है।

इस बीच इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दोहाराया कि उनका इरादा गाजा पर कब्जे का नहीं है। उन्होंने कहा- हम गाजा पर कब्जा नहीं चाहते हैं। न ही चाहते हैं कि वहां हमारी सरकार हो। हम बस गाजा को बेहतर भविष्य देना चाहते हैं। गाजा में जमीनी हमले के दौरान अब तक 36 इजराइली सैनिकों की मौत हो चुकी है।



### डब्लूएचओ बोला- गाजा में गंभीर बीमारियां फैलने का खतरा

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन यानी डब्लूएचओ ने एक अहम बयान जारी किया। कहा- जंग के बीच गाजा में सेहत संबंधी गंभीर खतरे पैदा हो रहे हैं। यहां गंभीर बीमारियां फैलने की आशंका है। जंग के बीच इस संगठन का यह पहला बयान है। डब्लूएचओ ने कहा- गाजा में करीब 23 लाख लोग रहते हैं। यहां बुनियादी सुविधाएं जंग की शुरुआत में ही खत्म हो गई थीं। अगर हालात बहुत जल्द नहीं सुधरे तो यहां गंभीर बीमारियां फैलने का खतरा है।

डब्लूएचओ के मुताबिक- डायरिया, चिकनपॉक्स और सांस लेने में दिक्कत होने जैसी बीमारियां बढ़ सकती हैं। यहां इस वक्त पीने लायक पानी तक नहीं है। दुनिया से जो राहत सामग्री भेजी जा रही है वो बेहद कम है। उससे कोई फायदा नहीं होगा।

### आईडीएफ कॉरिडोर से 50 हजार फिलिस्तिनियों ने गाजा छोड़ा

इजराइली सेना की तरफ से 8 नवंबर से उत्तरी गाजा के लोगों को दक्षिणी हिस्से में जाने के लिए 4 घंटे का वक्त दिया जा रहा है। यहां से अब तक 50 हजार फिलिस्तीनियों ने गाजा छोड़ा है। इजराइली सेना ने एक बयान में कहा था- गाजा के लोगों के लिए यह कदम जरूरी था। हम आम लोगों की सुरक्षा चाहते हैं। इसलिए चार घंटे का वक्त दिया गया है। अब तक तीन बार ये काम किया जा चुका है। लेबनान से एक बार फिर इजराइल की तरफ एंटी टैंक मिसाइल दागे गए हैं। इजराइली डिफेंस फोर्स यानी आईडीएफ के मुताबिक- जवाबी कार्रवाई में लेबनान से हमले कर रहे हिजबुल्लाह के दो अहम ठिकाने तबाह कर दिए गए।

# पाकिस्तान में लश्कर के पूर्व कमांडर की हत्या

## कश्मीर में हमला करने वाले आतंकियों को कट्टरपंथी बनाता था

**एजेंसी**

पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा के पूर्व कमांडर अकरम खान की हत्या कर दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, खाइबर पख्तून्ख्वा के बजौर शहर में बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने अकरम पर गोली चलाई। अकरम खान को अकरम गाजी के नाम से भी जाना जाता है। वो 2018 से 2020 तक लश्कर में भर्ती के लिए जिम्मेदार था। अकरम अक्सर पाकिस्तान में भारत विरोधी भाषण देता रहता था। वो आतंकवादियों को कट्टरपंथी बनाने के लिए जिम्मेदार था, जो फिर कश्मीर घाटी में घुसपैठ करते थे। कुछ रिपोर्ट्स में ये भी कहा जा रहा है कि गाजी की मौत को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई दबाने की कोशिश कर रही है।



गाजी की हत्या हाल के दिनों में लश्कर के किसी टॉप आतंकवादियों की तीसरी हत्या है।

वहीं इस साल ये किसी आतंकवादी कमांडर की मौत से जुड़ा छठा मामला है। इससे पहले 5 नवंबर को 2018 में जम्मू-कश्मीर में हुए एक आतंकी हमले के मास्टरमाइंड ख्वाजा शाहिद की रूष्ट के पास हत्या हो गई थी।

इसके अलावा खालिस्तानी आतंकी परमजीत सिंह पंजवड़, एजाज अहमद अहंगर, बशीर अहमद पीर जैसे तमाम आतंकियों को भी अज्ञात हमलावरों ने मार गिराया था। पिछले महीने पाकिस्तान में भारत के एक और मोस्ट वॉन्टेड आतंकी शाहिद लतीफ की हत्या कर दी गई थी। अज्ञात हमलावरों ने लतीफ की सियालकोट में गोली मार दी थी। लतीफ 2016 में पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन पर हुए हमले का मास्टरमाइंड था।

इससे पहले सितंबर में अज्ञात बंदूकधारियों ने पीओके के रावलकोट में अल-कुदुस मस्जिद के अंदर लश्कर-ए-तैयबा के एक शीर्ष आतंकवादी कमांडर की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

आतंकवादी की पहचान रियाज अहमद उर्फ अबू कासिम के रूप में हुई थी।

### तुर्कीये से गाजा के लिए स्वास्थ्य सहायता लेकर जहाज रवाना

अंकारा। तुर्कीये की ओर से गाजा पट्टी के लिए अब तक भेजी गई सबसे बड़ी स्वास्थ्य सहायता लेकर एक जहाज शुक्रवार को रवाना हुआ। तुर्कीये के स्वास्थ्य मंत्री फहार्टिन कोका ने यह जानकारी दी है। कोका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि चिकित्सा आपूर्ति और जनरेटर के 51 कंटेनर और 20 पूरी तरह से सुसज्जित एम्बुलेंस लेकर एक सूखा मालवाहक जहाज इज़्मिर के पश्चिमी प्रांत अलसांकक के बंदरगाह से रवाना हुआ। उन्होंने कहा कि सहायता जहाज के शनिवार को मिस्र के अल-अरिश बंदरगाह पर पहुंचने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि 500 टन सहायता आपूर्ति में ऑपरेटिंग थिएटर और गहन देखभाल इकाइयों वाले फील्ड अस्पतालों के साथ-साथ इन अस्पतालों में उपयोग की जाने वाली दवाएं और चिकित्सा वस्तुएं शामिल हैं।

### ईरान पश्चिम एशिया में अमेरिकी ठिकानों पर हमलों में शामिल नहीं : इरावानी

तेहरान। ईरान ने दावा किया कि वह पश्चिम एशिया देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हाल के हमलों में शामिल नहीं है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने शुक्रवार को यह बात कही। पेंटागन की उप प्रवक्ता सबरीना सिंह ने गुरुवार को कहा कि 17 अक्टूबर के बाद से पश्चिम एशिया पूर्व में अमेरिकी बलों पर हुए 46 हमलों में कुल 56 अमेरिकी सैन्यकर्मी घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि ठिकानों पर मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया गया। ईरानी समाचार एजेंसी तस्नीम ने इरावानी के हवाले से कहा,ईरान पश्चिम एशिया क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों और सैन्य ठिकानों के खिलाफ किसी भी हमले में शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि हमलों में अन्य पश्चिम एशिया ताकतें शामिल हो सकती हैं, अगर इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष आगे बढ़ता है, तो युद्ध पूरे क्षेत्र में फैल सकता है। उल्लेखनीय है कि गत सात अक्टूबर को, हमास ने गाजा पट्टी से इज़रायल के खिलाफ अचानक एक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। साथ ही इज़राइली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया। इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों की आबादी वाले गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया तथा पानी, भोजन एवं ईंधन की आपूर्ति काट दी।

### ब्रिटेन ने यूक्रेनी सैनिकों का प्रशिक्षण पूरा किया

लंदन। ब्रिटेन और उसके सहयोगियों ने एक बहुराष्ट्रीय प्रशिक्षण अभियान के तहत तय समय से पहले 30,000 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों का प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि निर्धारित समय से पहले, ब्रिटेन के नेतृत्व वाला ऑप इंटरफ्लेक्स जून 2022 से ब्रिटेन में प्रशिक्षित 30,000 रंगरूटों के मील के पत्थर तक पहुंच गया है। वर्ष 2014 से प्रशिक्षित यूक्रेनी सैनिकों की कुल संख्या 52,000 से ऊपर हो गई है। मंत्रालय ने इस अभियान को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ब्रिटेन में विदेशी सैनिकों के लिए सबसे बड़ा प्रशिक्षण कार्यक्रम बताया। बयान में कहा गया,आज, नाटो सहयोगी रोमानिया ने भी अपनी भागीदारी की पुष्टि की है, जिससे भागीदार देशों की कुल संख्या दस हो गई है। मंत्रालय ने निर्दिष्ट किया कि अन्य प्रतिभागी कनाडा, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, डेनमार्क, फिनलैंड, स्वीडन, लिथुआनिया, नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया हैं। ब्रिटेन ने अब तक यूक्रेन को मुख्य युद्धक टैंक, लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलें, सैकड़ों हजारों तोपखाने के गोले और बहुत कुछ प्रदान किया है। वर्ष 2022 में सैन्य सहायता कुल 2.3 अरब रुपये थी, इतनी ही राशि इस वर्ष के लिए देने का वादा किया गया है।

### असांजे के खिलाफ प्रत्यर्पण अनुरोध वापस लें, अमेरिकी कांग्रेस की बाइडेन से अपील

वाशिंगटन। अमेरिकी कांग्रेस के 16 डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन सदस्यों ने राष्ट्रपति जो बाइडन से ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार एवं विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे के खिलाफ अमेरिका के प्रत्यर्पण अनुरोध को वापस लेने का आह्वान किया है। अमेरिकी कांग्रेस ने अपने बयान में कहा , जैसा कि कांग्रेस के सदस्य अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और प्रेस की स्वतंत्रता के सिद्धांतों के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध हैं, हमारा आपसे ऑस्ट्रेलियाई प्रकाशक जूलियन असांजे के खिलाफ वर्तमान में लंबित अमेरिकी प्रत्यर्पण अनुरोध को वापस लेने और उनके खिलाफ सभी अभियोजन कार्यवाही को जल्द से जल्द रोकने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित करने का आग्रह है। बयान में कहा गया है कि इस मामले के बारे में अंतरराष्ट्रीय मीडिया आउटलेट्स, मानवाधिकार और प्रेस स्वतंत्रता अधिवक्ताओं और कांग्रेस के सदस्यों सहित अन्य लोगों द्वारा बार-बार गहरी चिंता व्यक्त की गयी है। सदस्यों ने कहा , अमेरिका को अनावश्यक अभियोजन नहीं चलाना चाहिए जो सामान्य पत्रकारिता प्रथाओं को अपराधी बनाने और इस प्रकार प्रेस के काम को ठंडा करने का जोखिम उठाता है। हम आपसे यह सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं कि इस मामले को यथासंभव समय पर समाप्त किया जाये। गौरतलब है कि असांजे को अप्रैल-2019 से लंदन की उच्च सुरक्षा वाली बेलमार्श जेल में रखा गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली
शनिवार 11 नवंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# 101 रुपए खर्च करके आप भी बन सकते हैं अयोध्या दीपोत्सव का हिस्सा

## पर्यटन विभाग ने 'होली अयोध्या' एप के माध्यम से शुरू की दीयों की बुकिंग

लखनऊ। योगी सरकार हर साल की तरह इस बार भी अयोध्या के दीपोत्सव को दिव्य और भव्य बनाने की तैयारी कर रही है। इस बार भी 21 लाख दीये जलाकर पर्यटन विभाग विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी कर रहा है। इसके साथ ही पर्यटन विभाग व अयोध्या जिला प्रशासन ने इस बार एक नया प्रयास भी किया है। इसके तहत आप भी घर बैठे दीपोत्सव का हिस्सा बन सकते हैं। एप के माध्यम से आप घर बैठे अयोध्या में एक से लेकर 51 दीयों तक दान देकर उन्हें रोशन कर सकते हैं। एक दीये के लिए जहां आपको 101 रुपए खर्च करने होंगे तो वहीं, 11 दीयों के लिए 251 रुपए, 21 के लिए 501 रुपए और 51 दीयों के लिए 1100 रुपए ऑनलाइन दे सकते हैं।

### देश या विदेश कहीं से बुक करा सकेंगे दीये

पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि विभाग ने 'होली अयोध्या' नाम से एक मोबाइल एप तैयार किया है। इससे आम लोग आसानी से घर बैठे अयोध्या के दीपदान में शामिल हो सकेंगे। यह मोबाइल एप एंड्रायड व एप्पल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। इस एप को कोई भी व्यक्ति डाउनलोड कर एक या उससे अधिक दीये अपने नाम से बुक कर सकते हैं। खास बात यह कि दीपोत्सव के बाद पर्यटन विभाग संबंधित व्यक्ति के पते पर यह दीया, प्रसाद व सरयू का जल भी प्रसाद के रूप में भेजेगा। इस एप के माध्यम से तय की गई सहायता राशि देकर कोई भी दीये जलवा सकता है। वह अपने नाम से, अपने परिजनों के नाम से एक से लेकर 51 दीये तक बुक करा सकते हैं। इस एप पर आने वाले आवेदन को जिला प्रशासन देखेगा और उसके अनुसार दीये जलवाने की व्यवस्था करेगा। उन्होंने कहा कि देश ही नहीं विदेशों में रह रहे लोग भी इस दीपोत्सव से जुड़ना चाहते हैं। ऐसे में यह उनके लिए अच्छी सुविधा होगी।

### एप पर दीपदान के मिलेंगे चार पैकेज

एप पर दीप प्रज्वलन के अलग-अलग पैकेज रखे गए हैं। 101 से 1100 रुपए तक के चार पैकेज में पहला पैकेज 101 रुपए का है, जिसमें एक दीप प्रज्वलित होगा। इसका प्रमाण डिजिटल रूप से श्रद्धालु के नाम से भेजा जाएगा। दूसरा पैकेज 251 रुपए का है, जिसमें 11 दीप जलेंगे तथा प्रमाण के रूप में जले हुए दीपों के साथ रामजन्मभूमि का प्रसाद कोरियर से भेजा जाएगा। इसी तरह तीसरा पैकेज 501 रुपए का है, जिसमें 21 दीप जलाए जाएंगे तथा दीपों के साथ प्रसाद, रामनामी गमछा, सरयु का जल दानदाता को कोरियर से भेजा जाएगा। चौथे पैकेज में 1100 रुपए का ऑनलाइन भुगतान करना होगा, जिसमें 51 दीप प्रज्वलित होंगे। इसमें दीपों के अतिरिक्त रामलला का प्रसाद, रामनामी गमछा, सरयू जल के साथ राममंदिर का मॉडल कोरियर से भेजा जाएगा।

# मानसिक रूप से दिवालिया हो चुके हैं नीतीश : स्वाती सिंह



लखनऊ। एक मुख्यमंत्री की भाषा विधानसभा में महिलाओं के लिए जो थी, वह किसी भी निर्लज्ज व्यक्ति की भी नहीं हो सकती। यह उनकी सोच को दर्शाती है।

इससे भी बड़ी बात है कि अभी तक कांग्रेस व अन्य इंडिया गठबंधन के लोगों ने उस भाषा पर आपत्ति भी नहीं जताई। इसका मतलब है कि इंडिया गठबंधन की यही सोच है। ये बातें पूर्व मंत्री और भाजपा नेता स्वाती सिंह ने कही।

शुक्रवार को उन्होंने कहा कि नीतिश की भाषा माफी लायक नहीं है। वे सारी सीमाओं को लांघ चुके हैं।

यदि उनमें जरा भी नैतिकता हो तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि नीतीश की बातें आये दिन बिगड़ती जा रही है। ऐसा लगता है कि वे मानसिक दिवालिया हो चुके हैं।

स्वाती सिंह ने कहा कि आखिर नीतिश कुमार जब तक भाजपा में थे, तब तक उनकी भाषा अभद्र नहीं थी। उनकी भाषा बदलने के पीछे क्या राज है, उन्हें इसका खुलासा भी करना चाहिए।

स्वाती सिंह ने कहा कि कांग्रेस द्वारा उनकी बातों पर प्रतिक्रिया न देना भी उनका समर्थन करने जैसा है। यह विचार अकेले नीतिश की नहीं, बल्कि महिलाओं के अपमान में पूरा इंडिया गठबंधन सहभागी है।

## शार्ट न्यूज

### दिल्ली-आजमगढ - दिल्ली विशेष गाड़ी का संचलन दिल्ली से 11 नवंबर को किया जायेगा

वाराणसी। रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों पर होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये पूजा विशेष गाड़ियों का संचलन किया जायेगा। 04038/04037 दिल्ली-आजमगढ़-दिल्ली विशेष गाड़ी का संचलन दिल्ली से 11 नवम्बर, 2023 को तथा आजमगढ़ से 12 नवम्बर, 2023 को 01 फेरे के लिये किया जायेगा। इसमें यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 के सम्बन्ध में समय-समय पर जारी सभी मानकों का पालन करना होगा। 04038 दिल्ली-आजमगढ़ विशेष गाड़ी 11 नवम्बर, 2023 को दिल्ली से 19.10 बजे प्रस्थान कर मुरादाबाद से 22.35 बजे, दूसरे दिन बरेली से 00.22 बजे, लखनऊ से 04.30 बजे, सुल्तानपुर से 06.32 बजे, जौनपुर सिटी से 08.07 बजे, जौनपुर जं. से 08.32 बजे, शाहगंज से 09.32 बजे तथा खोरासन रोड से 10.02 बजे छूटकर आजमगढ़ 11.30 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 04037 आजमगढ़-दिल्ली विशेष गाड़ी 12 नवम्बर, 2023 को आजमगढ़ से 12.30 बजे प्रस्थान कर खोरासन रोड से 13.12 बजे, शाहगंज से 13.32 बजे, जौनपुर जं. से 14.32 बजे, जौनपुर सिटी से 15.02 बजे, सुल्तानपुर से 16.32 बजे, लखनऊ से 19.15 बजे, बरेली से 23.17 तथा दूसरे दिन मुरादाबाद से 01.10 बजे छूटकर दिल्ली 04.50 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी के 16 तथा लगेज सह पावर कार के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

### बनारस-आनंद विहार टर्मिनल- बनारस साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन बनारस से 14 से 28 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार को किया जायेगा

वाराणसी। रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों पर होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये पूजा विशेष गाड़ियों का संचलन किया जायेगा। 05089/05090 बनारस-आनन्द विहार टर्मिनल-बनारस साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन बनारस से 14 से 28 नवम्बर, 2023 तक प्रत्येक मगंलवार तथा आनन्द विहार टर्मिनल से 15 से 29 नवम्बर, 2023 तक प्रत्येक बुधवार को 03 फेरों के लिये किया जायेगा। इसमें यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 के सम्बन्ध में समय-समय पर जारी सभी मानकों का पालन करना होगा। 05089 बनारस-आनन्द विहार टर्मिनल साप्ताहिक विशेष गाड़ी 14 से 28 नवम्बर, 2023 तक प्रत्येक मगंलवार को बनारस से 21.00 बजे प्रस्थान कर भदोही से 22.02 बजे, दूसरे दिन माँ बेला देवी धाम प्रतापगढ़ से 00.10 बजे, अमेठी से 01.12 बजे, रायबरेली से 02.20 बजे, लखनऊ से 04.40 बजे, बरेली से 08.42 बजे तथा मुरादाबाद से 11.00 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनल 15.30 बजे पहुँचेगी।

### हॉकी खिलाड़ियों का हुआ स्वागत



गाजीपुर। लखनऊ में आयोजित 15 वीं स्व. जमनलाल शर्मा मेमोरियल हॉकी प्रतियोगिता में गाजीपुर की टीम प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में सेमीफाइनल मैच करमपुर और अंबुज सोसाइटी गाजीपुर के मध्य खेला गया। जिसमें अंबुज सोसाइटी ने दो 2-1 से जीत दर्ज की। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच अंबुज सोसाइटी गाज़ीपुर और लखनऊ के मध्य खेला गया। इस फाइनल मैच में दोनों टीमों का अंक बराबर रहा लेकिन समय कम होने के कारण दोनों टीमों को विजेता घोषित कर दिया गया। टीम का गाजीपुर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी अरविंद यादव ने बताया कि खिलाड़ियों ने काफी मेहनत करके इस प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। इस मौके पर बृजेश कुमार , राजेंद्र यादव तथा अन्य सीनियर खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### शादी तोड़ने की धमकी से परेशान युवती ने दी जान

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के बिवार क्षेत्र में शुक्रवार शाम शादी तोड़ने की धमकी से परेशान युवती ने फांसी लगा कर जान दे दी। मृतका बीए की छात्रा है, उसने सुसाइड नोट पर पति व उसके पिता व मामा को दोषी ठहराया है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के उमरी गांव के मूलचंद्र राजपूत ने अपनी पुत्री प्रतीक्षा (20) की शादी जरिया क्षेत्र के बरगवां ग्राम निवासी लवकुश राजपूत से तय की थी। प्रतीक्षा की बात अक्सर फोन पर होने वाले पति से होती रहती थी। आज लवकुश प्रतीक्षा से मिलने गांव आया और गांव के बाहर मिलने के लिये दबाव बनाने लगा। प्रतीक्षा ने जब ऐसा करने से साफ इंकार कर दिया तो लवकुश,उसके पिता संतोष व मामा मिलने के लिये दबाव बनाने लगे। जिससे युवती मानसिक रुपसे बेहद परेशान हो गयी। जब युवती के माता पिता खेत में काम करने चले गये तो उसने शाम को घर के अंदर धन्नी से लटक कर फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका हीरानंद इंटर कालेज विवार में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है। मृतका के पिता ने होने वाले पति,पिता व मामा तीनो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की तहरीर दी है। वही सीओ विवेक यादव का कहना है कि मामले की जांच करायी जा रही है। दोषियों के खिलाफ कडी कार्यवाही की जायेगी।

### आरपीएस स्कूल और सपा कार्यालय कब्जा मुक्त

रामपुर। उत्तर प्रदेश में रामपुर जिला प्रशासन ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी (सपा) नेता आजम खान से सपा कार्यालय दारुल आवाम और रामपुर पब्लिक स्कूल को कब्जा मुक्त कराया। दोनों को प्रशासन ने ताला डालकर सील कर दिया। पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान के हाथ से आज आरपीएस स्कूल और सपा कार्यालय भी छिन गया। आज शिक्षा विभाग की टीम ने विवादित परिसर खाली कराया। जिला प्रशासन की टीम का नेतृत्व कर रहे एडीएम लालता प्रसाद शाक्य और एएसपी डा संसार सिंह ने पुलिस दल बल के साथ कब्जा खाली कराने की कार्यवाही की। आजम खां के जौहर ट्रस्ट के कब्जे से शिक्षा विभाग की करीब चार हज़ार वर्ग फीट जमीन खाली कराने का आदेश जारी किया गया था। जमीन पर आजम खां का रामपुर पब्लिक स्कूल गर्ल्स विंग और सपा का कार्यालय बना है।कैबिनेट की बैठक में जौहर ट्रस्ट को शर्तों के उल्लंघन के चलते 30 साल की लीज पर दी गई माध्यमिक शिक्षा विभाग की जमीन को वापस लेने का फैसला किया गया है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने आदेश आने के बाद जमीन को खाली कराने के लिए मुख्य विकास अधिकारी नंद किशोर कलाल की अध्यक्षता में बनी टीम ने सात दिन में जमीन खाली कराई है। इसमें आजम खां का स्कूल और सपा कार्यालय बना हुआ है। इसको आज खाली कराने के लिए एडीएम, एएसपी, डीआईओएस, बीएसए, तहसीलदार आदि पहुंचे।

# विधि विधान से पूजे गए आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरी

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के प्रमुख नगरों व ग्रामीण क्षेत्र मे धनतेरस पर शुक्रवार को आयुर्वेद के जनक धन्वंतरी महराज का विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन किया गया। प्रमुख वैद्य जनो के साथ आयुर्वेदिक प्रतिष्ठानों पर शुभ मुहूर्त में वैदिक मन्त्रोच्चार के बीच पूजन कर प्रसाद वितरित किया गया।

मान्यता है कि समुद्र-मंथन के दौरान आज के ही दिन धन्वन्तरी प्रकट हुए थे। उन्हें आयुर्वेद का प्रणेता भी कहा जाता है। वे एक महान चिकित्सक थे जिन्हें देव पद प्राप्त हुआ।

हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वे भगवान विष्णु के अवतार समझे जाते हैं,जिनकी चार भुजाओं में से दो में शंख और चक्र है, जबकि दो अन्य भुजाओं मे से एक में जलूका और औषधि तथा दूसरे मे अमृत कलश लिए हुये हैं।

इन्होंने ही अमृतमय औषधियों की खोज की थी। इनके वंश में दिवोदास हुए जिन्होंने %शल्य चिकित्सा% का विश्व का पहला विद्यालय काशी में स्थापित किया था, जिसके पहले प्रधानाचार्य सुश्रुत बनाये गए थे। सुश्रुत दिवोदास के ही शिष्य और ॠषि विश्वामित्र के पुत्र थे। उन्होंने सुश्रुत संहिता लिखी। सुश्रुत विश्व के पहले सर्जन (शल्य चिकित्सक) माने जाते हैं। सुश्रुत के बेटे चरक हुए। चरक एक घुमक्कड़ वैद्य थे जिन्होंने चरक संहिता लिखी।

कार्तिक त्रयोदशी (धनतेरस )को भगवान धन्वंतरी की पूजा का विधान है, विशेषकर बनारस में। धन्वन्तरी की प्रिय धातु पीतल कही जाती है इसलिए धनतेरस पर पीतल आदि के बर्तन खरीदने की परंपरा भी है।

धनतेरस का पर्व पर लोग इस मनोकामना के साथ करते हैं ताकि वे धन-धान्य और अच्छे स्वास्थ्य से संपन्न रहें।

# पौने दो करोड़ परिवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में मिला नि: शुल्क रसोई गैस

सोनभद्र। मुख्यमंत्री द्वारा नि:शुल्क रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल वितरण अभियान शुभारंभ कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण -परिदृश्य दिखाया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में प्रदेश सरकार द्वारा 2312 करोड़ रूपये परिव्यय करते सूबे के 1.75 करोड़ पात्र परिवारों को नि:शुल्क रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल वितरण अभियान का जीवन्त आगाज किया सीश्र एमह्र योगी आदित्य नाथ ने लखनऊ से। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में हुए सजीव प्रसारण को विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्य, विधायक राबर्ट्सगंज भूपेश चौबे,, विधायक दुद्धी रामदुलार गौंड़, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी गौरीशंकर शुक्ला सहित प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के



लाभार्थियों ने देखा तन्मयता के साथ विह्वलित भाव से। कार्यक्रम के दौरान विधायकगण व जिलाधिकारी ने उज्जवला योजना के लाभार्थियों को नि:शुल्क रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल धनराशि के डेमो चेक का वितरण लाभार्थियों को किया। नि:शुल्क रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल धनराशि का चेक पाकर चमके चेहरे लाभार्थियों के और पुलकित हुई आभा मुख मण्डल पर ,व्यक्त की प्रसन्नता।लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए जिला पूर्ति अधिकारी गौरी शंकर शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को दो नि:शुल्क एल0पी0जी0 सिलेण्डर उपलब्ध कराया जायेगा और नि:शुल्क गैस सब्सिडी की धनराशि सीधे लाभार्थियों के खातों में मुख्यमंत्री द्वारा आज बटन दबाकर स्थानान्तरित की गयी। इस योजना का लाभ जनपद में 2 लाख 41 हजार से अधिक परिवारों को मिलेगा। उज्जवला योजना से जुड़े परिवारों जिनका आधार प्रामाणीकरण नहीं हुआ है, वह अपना आधार प्रामाणीकरण करवा लें, जिससे सब्सिडी की धनराशि सीधे लाभार्थी के खाते में स्थानान्तरित की जा सके। ए0आर0ओ0 रिपूसूदन आर्या ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला पूर्ति कार्यालय के निरीक्षकगण व उज्ववला योजना के लाभार्थीगण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# विशेष सचिव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की गतिविधियों की जानकारी दी

सोनभद्र ।जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान की जाने वाली गतिविधियों के सम्बन्ध में बैठक कर विशेष सचिव भारत सरकार गोविंद जायसवाल ने अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारम्भ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जायेगा।



इसका लाइव प्रसारण भी जनपद में किया जाय, इस आह्वान के साथ संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जाकर केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किये जाने को क्रियान्वित करने पर बल दिया।

पात्र लाभार्थियो को केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किये जाने की बैठक में पुरजोर हिमायत करते कहा कि इस संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए हर ग्रामपंचायतों व नगर पंचायतों में नोडल अधिकारी नामित कर दिये जांय। प्रमुख चहलपहल -भीड़भाड़ वाले स्थानों पर एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से गॉवों व नगरीय क्षेत्रों में लोगों को केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करना , जन जन तक पंहुचाना इस योजना का समुद्देश्य बताते राजस्व विभाग, पंचायत विभाग, आई0सी0डी0एस0 विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एन0आर0एल0एम0, कृषि विभाग तथा मनरेगा कर्मचारियों के ग्राम स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया जांय। इस वक्तव्य के साथ विशेष सचिव ने ग्राम पंचायत स्तर पर बैठक करते हुए लोगों को जागरूक जाने और सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में भी लाभार्थियें से जानकारी प्रदान करने की बात कही।

इस संकल्प यात्रा अभियान के दौरान ब्लॉक बभनी, चतरा, चोपन, दुद्धी, घोरावल, कोन, म्योरपुर, नगवा, राबर्टसगंज में विशेष गतिविधियां संचालित किए जाने की योजना है जिसमें विभिन्न विकासखण्ड से 107 ग्रामपंचायत समाहित हैं।

इस संकल्प यात्रा के दौरान आयुष्मान भारत, पी0एम0 गरीब कल्याण अन्य योजना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, पी0एम0 उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पी0एम0 पोषण अभियान, हर घर जल जीवन मिशन, जनधन योजना और अटल पेंशन योजना के सम्बन्ध में जानकारी दी जायेगी तथा पात्र व्यक्तियों को इस योजना से लाभान्वित भी किया जायेगासभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने जनपद में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी दी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी नामामि गंगे आशुतोष दूबे, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, डी0सी0 आर0एनएल0एम0 ऐ0के0 जौहरी सहित सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गुणवत्तापरक शिक्षा पर रहें संजीदा : आनंदी बेन

बरेली। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने शिक्षकों से गुणवत्तापरक शिक्षा के प्रति गंभीर रहने की सलाह दी हैं।

एमजेपी विवि बरेली में आयोजित 21 वें दीक्षांत समारोह में श्रीमती पटेल ने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों में डिजी लॉक की व्यवस्था हो चुकी है। डिजी लॉक से ही डिग्री और अंकतालिका लोड की जा सकेगी। उन्होंने सभी को क्वालिटी एजुकेशन के लिए संजीदा रहने को कहा।

उन्होने 79 मेधावी छात्र छात्राओं को गोल्ड मेडल दिये। साथ ही एशियन गेम्स में देश का प्रतिनिधित्व करने करने वाले दो खिलाड़ियों के सहित कुल 149 उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं व कुछ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी सम्मानित किया।

इस मौके पर उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि महिलाओं को ज्यादा पदक मिले हैं, यह सशक्तिकरण की मिसाल है, उन्होंने सभी को बधाई दी तथा पाजीटिव सोच से आगे बढ़ने को कहा।

दीक्षांत समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद संतोष गंगवार, विधायक संजीव अग्रवाल, विधायक व प्रोफेसर डा. श्याम बिहारी व एमएलसी महाराज सिंह समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, शिक्षक तथा अधिकारी मौजूद रहे। कुलपति केपी सिंह ने विश्वविद्यालय संबंधी जानकारी दी और स्वागत कर आभार जताया।

# धारा 377 को बहाल करने की सिफारिश

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। संसद की एक स्थायी समिति ने भारतीय दंड संहिता की धारा 377 को प्रस्तावित नयी न्याय संहिता में बहाल किये जाने की सिफारिश की है जबकि उच्चतम न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ इसे संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों के विरुद्ध करार दे चुकी है।

गृह मामलों पर विभाग-संबंधित संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष एवं राज्य सभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य बृजलाल द्वारा शुक्रवार को यहां उप राष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ को सौंपी गयी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रस्तावित भारतीय न्याय संहिता के उद्देश्यों के मद्देनजर भारतीय दंड संहिता धारा 377 फिर से शामिल करना और बनाये रखना अनिवार्य है।

इस धारा में अप्राकृतिक यौन संबंधों को अपराध माना गया था और उसके विरुद्ध दंड के प्रावधान किये गये थे। इसको चुनौती देने वालों का कहना था कि इसकी वजह से समलैंगिक जोड़ों को समाज में अपराधी के रूप में देखा जाता है और उनके साथ भेदभाव का बर्ताव होता है। इसे एक संस्था ने गैर संवैधानिक करार देने के लिये 2001 में दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

समिति ने भारतीय न्याय संहिता 2023 संबंधी अपने 286 वें प्रतिवेदन में कहा है कि नवजोत सिंह जौहर बनाम भारत सरकार ( 2018) मामले में उच्चतम न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ ने सर्वसम्मति से माना कि धारा 377 संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 का उल्लंघन है, इसके बावजूद इस धारा के उपबंध वयस्कों के साथ असहमति वाले शारीरिक संभोग, नाबालिगों के साथ इस तरह के सभी कृत्यों और वहशीपनों के कृत्यों के मामले में लागू हैं।

# एनएचएआई ने टीओटी के लिए इंश्योरेंस श्योरिटी बांड स्वीकारा

नयी दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राजमार्ग क्षेत्र में निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने और कारोबार में सुगमता को बढ़ावा देने के लिए टोल ऑपरेट ट्रांसफर-टीओटी बंडल 14 की बोली के मुद्रीकरण कार्यक्रम में इंश्योरेंस श्योरिटी बांड की प्रक्रिया को स्वीकार कर लिया है। एनएचएआई ने टीओटी 14 के लिए होने वाली बोली के वास्ते बोलीदाताओं से मुद्रीकरण कार्यक्रम के लिए इंश्योरेंस श्योरिटी बॉन्ड स्वीकार किया गया है। यह पहला मौका है जब बोलियों के मुद्रीकरण के लिए सड़क अवसंरचना क्षेत्र में बैंक गारंटी के रूप में यह प्रयोग किया गया है। बोली के लिए इंश्योरेंस श्योरिटी बॉन्ड जारी करने से बाजार में तरलता बढ़ेगी जिससे सड़क विकास में अनुकूल माहौल को बढ़ावा मिलेगा। इंश्योरेंस श्योरिटी बॉन्ड जारी होने से इस उद्योग में नया मानदण्ड स्थापित होगा और सड़क विकास परिदृश्य में नवीन वित्तीय मार्ग को रास्ता देगा।

# निर्माण को प्रतीक्षारत 'स्वयं का वन स्टाप सेन्टर' के भवन हेतु पूजित हुई भूमि पुजन : दीपिका सिंह

सोनभद्र । जिलाधिकारी के निर्देशन में कार्यदायी संस्था डूडा एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा जनपद के जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढ़ी परिसर में सखी वन स्टॉप सेंटर के स्थाई भवन निर्माण के निमित्त भूमि पूजन किया गया। डूडा के परियोजना अधिकारी राजेश उपाध्याय ने बताया कि मानक के अनुसार एवं समय सीमा के अन्दर भवन का कार्य पूर्ण कराया जायेगा। जिला प्रोवेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने बताया कि जिले की पीड़ित महिलाओं को अब एक ही छत के नीचे सभी तरह की सुविधाएं मिलेंगी और यह लक्ष्य गन्तव्य गुणवत्ता सँग ससमय पहुंचेगा।

प्रोबेशन अधिकारी ने कहा कि सेंटर महिला हेल्पलाइन के तौर पर भी काम करेगा जो वर्तमान समय में अस्थायी रूप से जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढ़ी मेंसंचालित है और इस सेन्टर से महिलाओं की कई परेशानियों का हल किया जा रहा है। सखी वन स्टॉप सेंटर के जरिए पीड़ित



महिलाओं को पुलिस, चिकित्सा, काउंसिलिंग, मनोवैज्ञानिक सलाह के अलावा एफआईआर में मदद के साथ आश्रय भी उपलब्ध है। इस सेंटर पर अस्थायी रूप से ठहरने की भी व्यवस्था मौजूद है जहां खासकर दुष्कर्म पीड़ित व एसिड अटैक पीड़ित महिलाओं को विशेष सुविधा मिलेगी। केन्द्र प्रशासक दीपिका सिंह ने बताया कि महिला हेल्पलाइन व सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से सामाजिक रूप से पीड़ित महिलाओं को सहायता प्रदान की जाएगी। घरेलू हिंसा से पीड़ित, यौन अत्याचार या समाज में बेदखल कर दी गयीं महिलाओं को पूरी सुरक्षा व संरक्षण दिया जाता है। इसके अलावा अल्पावधि के लिए आश्रय देने की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि यह सेंटर 24 घंटे काम कर रही है यहां पुलिस विभाग की महिला पदाधिकारी, महिला मेडिकल स्टाफ, आवश्यकतानुसार महिला चिकित्सक की व्यवस्था भी की जा रही है । अवसर पर जिला प्रोबेशन कार्यालय से इन्द्रावती कुमारी, जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ0 आर0 आर0 डब्ल्यू0 शेषमणि दुबे, जेण्डर विशेषज्ञ साधना मिश्रा, सीमा द्विवेदी व वन स्टाप सेन्टर से समस्त स्टाफ आदि रहे उपस्थित।

मेरे शब्दों को ज्यों पंख लग गये, ऊँची भरें उड़ान पवन में।
अनंत नभ में सैर लगाते, चंचल बन ये अपनी लगन में।
मस्त मलंग हुड़दंग निडर से, विचर रहे हैं अपनी मगन में।
चन्दा से शीतल हो चमकें, सूर्य से जलते अपनी अगन में।
मन चिंतन में खेल खेलते, मृग दौड़े है जैसे वन में।
उतर गये जब पृष्ठों पर तो, पहुँचे इत उत सब जन मन में।
लगें चमकने जो सब को भाते, जैसे चमकें जुगनू वन में।
जैसे उड़ती पतंग दूर तक, इठलाती लहराती गगन में।



**- श्वेता अग्रवाल**